चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 22 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 155, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

मैदानी हिस्सों में गर्मी से हाल-बेहाल 14

'कल्कि 2898 एडी' में दिखा अमिताभ बच्चन का लुक 13

## चार वर्षीय स्नातक डिग्री वाले छात्र अब सीधे कर सकेंगे पीएचडी

नई दिल्ली, एजेंसी

- चार साल के स्नातक पाठ्यक्रम में न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड की होगी आवश्यकता

चार वर्षीय स्नातक डिग्री वाले छात्र अब सीधे राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) में शामिल होने के साथ ही पीएचडी भी कर सकते हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने यह जानकारी दी।

जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) के साथ या उसके बिना पीएचडी करने के लिए अभ्यर्थियों को अपने चार साल के स्नातक पाठ्यक्रम में न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड की आवश्यकता होगी। अब तक, नेट के लिए अभ्यर्थी को न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री की आवश्यकता होती थी। नए निर्देश के बाद अब चार साल की स्नातक डिग्री वाले अभ्यर्थी अब सीधे पीएचडी कर सकते हैं और नेट परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। ऐसे उम्मीदवारों को जिस भी विषय में वे पीएचडी करना चाहते हैं, उसमें करने की अनुमति होगी, भले ही उन्होंने किसी भी विषय में चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्राप्त की हो। यूजीसी अध्यक्ष ने कहा, चार साल या आठ सेमेस्टर के स्नातक डिग्री कार्यक्रम में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों के पास कुल मिलाकर न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक या इसके समकक्ष ग्रेड प्राप्त होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यूजीसी द्वारा समय-समय पर लिए गए निर्णय के अनुसार अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर), दिव्यांग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और कुछ अन्य श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए पांच प्रतिशत अंक या इसके समकक्ष ग्रेड की छूट दी जा सकती है।

## शादी समारोह में दीवार गिरी दो की मौत, छह घायल

संवाददाता, बीसलपुर (पीलीभीत)

- मृतकों में दुल्हन का फुफेरा भाई शामिल

**अमृत विचारः** शादी समारोह में दावत खा रहे लोगों पर पड़ोसी के मकान की कच्ची दीवार गिर गई। मलबे में दबने से दुल्हन के फुफेरे चाचा समेत दो लोगों की मौत हो गई, पिता समेत छह घायल हो गए।

बीसलपुर के ग्राम भसूड़ा के रहने वाले छेदालाल की पुत्री काजल की शनिवार को शादी थी। उन्होंने गांव के दिनेश के मकान के पास खाली जगह में टेंट लगाकर बरातियों और घरातियों के लिए दावत की व्यवस्था की थी। रात करीब नौ बजे दिनेश की कच्ची दीवार ढह गई। मलबे में दबकर दुल्हन के पिता छेदालाल, उसी गांव का महावीर (18) पुत्र रोशनलाल और बरेली के भुता थाना क्षेत्र के ग्राम लईया निवासी दुल्हन के फुफेरे चाचा चंद्रवीर (33) पुत्र रूपलाल, बरेली के थाना हाफिजगंज क्षेत्र के ग्राम काशी धरमपुर निवासी महावीर, भसूड़ा गांव निवासी हरेंद्र, दियोरनिया थाना क्षेत्र के ग्राम खरगइया निवासी रामचरण, दियोहना गांव निवासी अखिलेश घायल हो गए। अस्पताल में महावीर और चंद्रवीर की मौत हो गई।

## बाप ने बेटे की गला दबाकर की हत्या शव जलाया, पुत्रवधू ने किया खुलासा

संवाददाता, मितौली (लखीमपुर खीरी)

- तालाब से बरामद हुई बेटे की अस्थियां पिता-पुत्र में होता था विवाद

**अमृत विचार :** जमीन विवाद से नाराज ग्रामीण ने अपने बेटे की हत्या कर शव जला दिया और अस्थियां तालाब में फेंक दीं। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने जांच की तो खुलासा हुआ। तालाब से अस्थियां बरामद कर ली हैं।

गनेशपुर गांव निवासी नीलम ने अपने पति विजेंद्र कुमार के गायब होने की सूचना पुलिस को दी थी और ससुर पर पति को गायब करने का शक जताया था। पुलिस ने रविवार को आरोपी राम नक्षत्र से पूछताछ की। उसने पहले पुलिस को घुमाने की कोशिश की, लेकिन जब कड़ाई की तो तो विजेंद्र की हत्या कर शव जलाने व अस्थियां पास के तालाब में फेंकने की बात बताई। प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने बताया कि पिता-पुत्र के बीच काफी समय से जमीन को लेकर अनबन रहती थी। आए दिन विवाद होता था। होली पर विजेंद्र और नीलम में विवाद हो गया। नाराज नीलम बच्चों को लेकर मायके चली गई थी। मौका पाकर रामनक्षत्र ने विजेंद्र की गला दबाकर हत्या कर दी और शव जलाकर अस्थियां तालाब में फेंक दीं। फोरेंसिक टीम ने शव जलाने वाले स्थान से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए हैं। सीओ शमशेर ने बताया कि पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# कांग्रेस लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी: मोदी

### राजस्थान में भाजपा की चुनावी सभा में कांग्रेस पर बरसे प्रधानमंत्री

जयपुर, एजेंसी

- कहा- कांग्रेस अब वामपंथियों के चंगुल में फंसी

बांसवाड़ा में जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित करतीं महिलाएं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आती है तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी। मोदी ने यह बात पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक बयान का हवाला देते हुए कही, जिसमें उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यक समुदाय का है।

मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, ये अर्बन नक्सल वाली सोच.... मेरी माताओ- बहनों ये आपका मंगलसूत्र भी बचने नहीं देंगे। इस हद तक चले जाएंगे। उन्होंने दावा करते हुए कहा, ये कांग्रेस का घोषणापत्र कह रहा है कि वे माताओं बहनों के सोने का हिसाब करेंगे, उसकी जानकारी लेंगे और फिर उस संपत्ति को बांट देंगे। और उनको बांटेगे जिनके बारे में मनमोहन सिंह की सरकार ने कहा था कि संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है।

उन्होंने कहा, पहले जब उनकी सरकार थी, उन्होंने कहा था की देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। इसका मतलब ये संपत्ति इकट्ठी करके, जिनके ज्यादा बच्चे हैं उनको बांटेंगे ...घुसपैठियों को बांटेंगे। मोदी ने कहा कांग्रेस अब वामपंथियों के चंगुल में फंसी हुई है और पार्टी ने अपने घोषणापत्र में जो कहा है वह चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि ये माओवाद की सोच को जमीन पर उतारने की उनकी कोशिश है। मोदी ने कहा, कांग्रेस के घोषणापत्र में कहा गया है कि अगर कांग्रेस की सरकार बनेगी तो हरेक की प्रॉपर्टी का सर्वे किया जायेगा। हमारी बहनों के पास सोना कितना है उसकी जांच की जाएगी, उसका हिसाब लगाया जायेगा। हमारे आदिवासी परिवारों में चांदी होती है, उसका हिसाब लगाया जायेगा।... ये जो गोल्ड है बहनों का और जो और संपत्ति है ये सबको समान रूप से वितरित कर दी जाएगी। मोदी ने कहा माताओं व बहनों के जीवन में सोना दिखाने के लिए नहीं होता, वो उनके स्वाभिमान से जुड़ा होता है। वहीं प्रधानमंत्री ने भीनमाल (जालोर) में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भी कांग्रेस पर कटाक्ष किया और कहा कि जिस कांग्रेस पार्टी ने कभी देश में 400 लोकसभा सीट जीतीं थीं, आज वह 300 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है।

मोदी ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के राजस्थान से राज्यसभा सदस्य बनने पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग चुनाव नहीं जीत सकते वे मैदान से भागकर राजस्थान से राज्यसभा में आए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी भी मजबूत भारत बना ही नहीं सकती। देश को ऐसी कांग्रेस सरकार नहीं चाहिए। देश को 2014 के पहले जो हालात थे वो हालात वापस नहीं चाहिए।

## प्रश्नपत्र लीक करने में शामिल चार और आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** आरओ-एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2023 प्रश्नपत्र लीक मामले में शामिल चार अन्य आरोपियों को एसटीफ ने गिरफ्तार किया है। चारों आरोपी लखनऊ और प्रयागराज के परीक्षा केंद्रों में सक्रिय थे। गिरफ्तार हुए मास्टर माइंड डॉ शरद पटेल की एसटीएफ को लंबे समय से तलाश थी।

पुलिस उपाधीक्षक लाल प्रताप सिंह को सूचना मिली कि प्रश्न पत्र लीक मामले में फरार चार आरोपी लखनऊ में किसी स्थान पर एकत्रित हो रहे हैं। इस दौरान निरीक्षक अंजनी कुमार तिवारी व अन्य की एक टीम रायबरेली रोड पहुंची और मीटिंग स्थल का पता लगाकर चारों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में मिर्जापुर के डॉ शरद सिंह पटेल, अभिषेक शुक्ला चौक लखनऊ, कमलेश कुमार पाल निवासी झूंसी प्रयागराज और अर्पित निवासी म्योराबाद प्रयागराज शामिल है। चारों के पास से एक प्रश्नपत्र, दो लग्जरी गाड़ियां, दो लाख रुपए और दो आधार कार्ड बरामद हुआ है। डा. शरद सिंह पटेल पूर्व में आयोजित वीडीओ परीक्षा-2019 में गड़बड़ी करवाने के आरोप में जेल भी जा चुका है। बताया जा रहा है कि आधा दर्जन से अधिक आरोपी अभी फरार हैं।

## 'इंडिया' की रैली में भिड़े कार्यकर्ता, कई घायल

रांची, एजेंसी

- उलगुलान न्याय महारैली में मौजूद थे महागठबंधन के नेता, मारपीट करने वाले पर भाजपा एजेंट होने का आरोप

झारखंड के रांची में इंडी गंठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली में कार्यकर्ताओं की भीड़ में दो गुटों में झड़प हो गयी है, जिसमें चतरा से कांग्रेस के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के भाई घायल हो गए। घटना के बाद उनको अस्पताल ले जाया गया।

इंडी गठबंधन के दिग्गज नेताओं के मंच पर आने के बाद संबोधन शुरू हुआ तभी विभिन्न इलाकों से आए दो गुटों के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए और हाथ में जो आया उसी से दे मारा। कार्यकर्ताओं ने कुर्सियों को भी तोड़ डाला। इस घटना में केएन त्रिपाठी के भाई समेत कई लोग घायल हो गये। बताया जाता है कि जिन्हें चोट लगी है उसका नाम गोपाल है। इस दौरान जब उन्हें घटनास्थल से बाहर ले जाया जा रहा था तब उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मारपीट करने वाला भाजपा का एजेंट है। मारपीट करने वाले को भी पुलिस ने पकड़ लिया है।

इस रैली में यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, भाकपा माले नेता दीपांकर भट्टाचार्य, सांसद संजय सिंह, अरविंद केजरीवाल की पत्नी, पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुला, प्रियंका चतुर्वेदी के अलावा मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना के साथ कई नेता उपस्थित थे।

## रिक्तियों को लेकर एनजीटी ने स्पष्टीकरण मांगा

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने सभी राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों और प्रदूषण नियंत्रण समितियों (केंद्र शासित प्रदेशों में) के सदस्य सचिवों को हलफनामा दाखिल कर यह बताने का निर्देश दिया है कि राज्य बोर्डों में बड़ी संख्या में स्वीकृत पद खाली क्यों पड़े हैं? अधिकरण राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों और प्रदूषण नियंत्रण समितियों के बुनियादी ढांचे, संसाधनों और क्षमता से संबंधित मामले की सुनवाई कर रहा था। अधिकरण ने माना कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों का कार्य कई कारणों से प्रभावित हो रहा है, जिसमें स्वीकृत पदों पर कर्मियों की कमी और विशेष रूप से तकनीकी पदों पर रिक्तियों की उच्च संख्या शामिल है।

## चारधाम : 11 लाख रजिस्ट्रेशन हेली सेवा 20 जून तक हुई फुल

कार्यालय संवाददाता, देहरादून

- 10 मई से शुरू हो रही है उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धलुओं में उत्साह

**अमृत विचार :** चारधाम यात्रा को लेकर यात्रियों में उत्साह चरम पर है। यहां यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू हुए और अब तक 11 लाख से अधिक यात्री पंजीकरण करा चुके हैं। पहले चरण में केदारनाथ हेली सेवा के लिए 20 जून तक की बुकिंग फुल हो चुकी है।

विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा 2024 आगामी 10 मई से शुरू हो रही है। वहीं, बाबा केदारनाथ धाम के दर्शन के लिए 20 अप्रैल से बुकिंग शुरू हुई। अब उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण ने 15 सितंबर से 31 अक्टूबर के बीच हेली सेवा के लिए भी बुकिंग शुरू कर दी है। 21 जून से 14 सितंबर के बीच मानसून का सीजन होता है, जिसके चलते हेली सेवा ऑपरेटर इस दौरान फ्लाई नहीं करते हैं। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विभाग के अपर सचिव सी रविशंकर ने बताया कि 10 मई को यमुनोत्री, गंगोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट खोल दिए जाएंगे। 12 मई को बदरीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। 25 मई को हेमकुंड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुलेंगे। चारधाम यात्रा की ऑफिशियल वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। व्हाट्सएप नंबर 8394833833 पर Yatra (यात्रा) लिख कर मैसेज करके भी रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन के लिए उत्तराखंड पर्यटन विभाग ने टोल फ्री नंबर 0135-1364 दिया है।

## साथी ने सीतापुर के श्रमिक को जिंदा जलाया

**गोंडा।** सीतापुर के थाना थानगांव क्षेत्र के ग्वारी गांव निवासी एक श्रमिक को मनकापुर में जिंदा जला दिया गया। मृतक की पहचान कोइली(32) के रूप में हुई है। जो अपने भाई राम किशुन, बहनोई राजेंद्र, अमित व प्रेम के साथ यहां मजदूरी करने आया था। वह सभी मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के धुसवा खास गांव के रहने वाले सूरज सिंह के यहां रहकर मजदूरी करते थे। रविवार सुबह कोइली का शव बंसवारी गांव के बाहर खेत के एक गड्ढे में अधजले हालत में पड़ा मिला। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। कोइली के भाई राम किशुन ने बताया कि शनिवार रात करीब 12 बजे अमित शराब के नशे में आया और बताया कि तुम्हारे भाई कोइली को मारकर जिंदा जला दिया है। नशे में होने के कारण विश्वास नहीं हुआ लेकिन जब रविवार की सुबह देखा गया तो बात सही साबित हुई। धुसवा गांव के रहने वाले सूरज सिंह का कहना है कि वह जिले से बाहर हैं। कोइली उनके घर पर रहकर मजदूरी करता था। वारदात की जानकारी नहीं है।

## भाजपा सरकार की गलत नीतियों से मध्यम वर्ग परेशान : मायावती

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- जोई में बसपा प्रमुख ने जनसभा को किया संबोधित, कांग्रेस-भाजपा पर साधा निशाना

**अमृत विचार :** पूर्व मुख्यमंत्री व बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि कांग्रेस, भाजपा और उनके सहयोगी दलों को केंद्र की सत्ता में आने से रोकना है। आजादी के बाद देश में कांग्रेस पार्टी की सरकार रही है। जातिवादी, पूंजीवादी और इनकी कथनी व करनी में अंतर होने से यह पार्टी केंद्र की सत्ता से दूर हो गई। अब देश और कई प्रदेशों में भाजपा की सरकार है, यह भी कांग्रेस की तरह सत्ता से बाहर होगी।

अमरोहा-जोया रोड स्थित जोई के मैदान पर रविवार को वह बसपा प्रत्याशी चौधरी मुजाहिद हुसैन के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रही थीं। यहां उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में बसपा प्रत्याशी को आपने सांसद बनाकर भेजा, लेकिन उन्होंने पार्टी और जनता के साथ विश्वासघात किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों से मध्यम वर्ग परेशान है। भाजपा हवाहवाई घोषणा करती है, लेकिन बसपा काम करने में भरोसा रखती है। भाजपा गरीबों का वोट लेने के लिए मुफ्त में कुछ राशन दे देती है। इसे लेकर भाजपा और आरएसएस के लोग गांव-गांव जाकर कहते हैं कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर्ज उतारने का समय आ गया है। लेकिन यह खाद्य सामग्री भाजपा की नहीं है, बल्कि आप जो टैक्स देते हैं, उससे यह खाद्य सामग्री आती है। सरकार अपने पास से नहीं देती। देश की अर्थव्यवस्था खराब है और भ्रष्टाचार भी खत्म नहीं हुआ।

## पत्नी को किया नजरंदाज, हाईकोर्ट ने रद की 17 दिन की शादी

मुंबई, एजेंसी

- इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकते कि यह एक ऐसे युवा दंपति से जुड़ा मामला है जिसे विवाह में हताशा की पीड़ा सहनी पड़ी है : कोर्ट

### एक दूसरे के साथ मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़े दंपत्ति

दोनों ने मार्च 2023 में शादी की थी लेकिन 17 दिन बाद ही अलग हो गए थे। दंपति ने कहा था कि उनके बीच कोई शारीरिक संबंध नहीं बने। महिला ने दावा किया कि वे एक-दूसरे के साथ मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़ पाए। वहीं, व्यक्ति ने दावा किया कि वह अपनी पत्नी के साथ शारीरिक संबंध नहीं बना पाया लेकिन वह सामान्य स्थिति में है। उसने कहा कि वह ऐसा कोई धब्बा नहीं चाहता कि वह नपुंसक है। इसके बाद पत्नी ने एक पारिवारिक अदालत में तलाक की अर्जी दायर की। उच्च न्यायालय में जाने से पहले वे फैमली कोर्ट में गए थे लेकिन कोर्ट ने अर्जी खारिज करते हुए कहा था कि पति और पत्नी ने मिलीभगत से ये दावे किए हैं। बाद में उच्च न्यायालय ने पारिवारिक अदालत के फैसले को रद्द कर दिया और शादी को भी निरस्त कर दिया।

बॉम्बे हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ ने एक युवा दंपति की शादी को इस आधार पर निरस्त कर दिया कि पति की रिलेटिव इंपोटेंसी के कारण विवाह बरकरार नहीं रह सकता। कोर्ट ने इसे क्लासिकल मामला मानते हुए कहा कि दंपति की हताशा को किसी भी सूरत में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। रिलेटिव इंपोटेंसी का मतलब ऐसी स्थिति से है जिसमें वह अपनी पत्नी से यौन संबंध नहीं बना पाया, जबकि अन्य के साथ संबंध बनाने में सक्षम था।

न्यायमूर्ति विभा कांकणवाड़ी और न्यायमूर्ति एस जी चपलगांवकर की खंडपीठ ने 15 अप्रैल को दिए फैसले में यह भी कहा कि यह ऐसे युवाओं की मदद करने के लिए उपयुक्त मामला है जो एक-दूसरे के साथ मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़ पाए। इस मामले में 27 वर्षीय व्यक्ति ने फरवरी 2024 में एक पारिवारिक अदालत द्वारा याचिका खारिज किए जाने के बाद उच्च न्यायालय का रुख किया था। पारिवारिक अदालत ने उसकी 26 वर्षीय पत्नी द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उसने याचिका स्वीकार करने के शुरुआती चरण में ही विवाह निरस्त करने का अनुरोध किया था। उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि रिलेटिव इंपोटेंसी नपुंसकता से अलग स्थिति है। अदालत ने कहा कि रिलेटिव इंपोटेंसी की विभिन्न शारीरिक और मानसिक वजह हो सकती हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि मौजूदा मामले में यह आसानी से पता लगाया जा सकता है कि पति को अपनी पत्नी के प्रति रिलेटिव इंपोटेंसी है। विवाह जारी न रह पाने की वजह प्रत्यक्ष तौर पर पत्नी के साथ शारीरिक संबंध बना पाने में पति की अक्षमता है। कहा कि वह इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकता कि यह एक ऐसे युवा दंपति से जुड़ा मामला है जिसे विवाह में हताशा की पीड़ा सहनी पड़ी है।

## शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों का धरना जारी, 73 ट्रेनें रद

**अंबाला।** पटियाला के शंभू रेलवे स्टेशन पर पांचवें दिन भी किसानों के पटरी पर बैठे रहने के कारण रविवार को अंबाला-अमृतसर मार्ग पर 73 ट्रेन रद कर दी गईं। प्रदर्शनकारी मौजूदा किसान आंदोलन के दौरान हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तीन किसानों की रिहाई की मांग कर रहे हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रविवार को कुल 73 ट्रेन रद्द कर दी गईं। पांच दिनों में कई ट्रेन के रद्द होने से यात्रियों को असुविधा होने के अलावा वित्तीय नुकसान हो रहा है। किसानों के विरोध के कारण कई ट्रेन का मार्ग भी बदला जा रहा है।

## कार ने बाइक को रौंदा, तीन लोगों की मौत, छह घायल

संवाददाता, बहजोई/संभल

- बहजोई-बबराला मार्ग स्थित गांव जैतपुर की मढैया के पास हादसा

**अमृत विचार :** बहजोई थाना क्षेत्र में आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर कार ने बाइक को रौंद दिया। इसके बाद कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार नानी-नातिन और कार के चालक की मौत हो गई। बाइक सवार एक बच्ची व कार सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

बिलारी के मोहल्ला हर्ष कॉलोनी निवासी श्यामा देवी पत्नी सियाराम अपने नाती अनमोल पुत्र हेम सिंह व नातिन संगम पुत्री चरण सिंह के साथ रिश्तेदारी से बाइक पर सवार होकर लौट रहे थे। आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर कार ने उनकी बाइक को रौंद दिया। कार भी पलट गई। हादसे में बाइक सवार तीनों घायल हो गए। चंदौसी के संभल गेट निवासी प्रवेश, महावीर, दीपा पत्नी प्रवेश, प्रज्ञा पत्नी प्रमोद, जय शिखा पुत्री प्रवेश भी घायल हो गए। कार सवार यह परिवार कादराबाद जा रहा था। घायलों को बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने कार चालक प्रवेश, अनमोल और श्यामा देवी को मृत घोषित कर दिया। महावीर व दीप को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## एक नजर

### दस्तक अभियान में हो गई खानापूर्ति

**बदायूं :** संक्रामक रोग नियंत्रण अभियान के तहत एक से दस अप्रैल तक आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण दिया गया। उसके बाद दस से बीस अप्रैल तक आशा और आंगबाड़ी कार्यकत्रियों को गांव गांव घर घर जाना था। वहां पर संक्रामक रोगों से बचाव हेतु ग्रामीणों को जानकारी देनी थी। दो दिन तक आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां दो एक गांव में पहुंची। कार्य भी किया। बीमार लोगों को दवाएं दी गयीं। उसके बाद आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां कहां गयीं, किस गांव में जागरूकता के लिए ग्रामीणों से संपर्क किया गया किसी को पता नही है। स्वास्थ्य विभाग भी इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दे रहा है। बीस अप्रैल तक कितने गांव में कार्यक्रम चलाया गया इसकी कोई जानकारी विभाग के पास नहीं है। अभियान को लेकर कोई भी बोलने को तैयार नहीं है।

### ग्रामीण क्षेत्र में बंद पड़े हैं ट्यूबवेल, लगातार बिजली कटौती से किसानों को होने लगी चिंता

# बिजली कटौती से सूख रहीं मक्का व मेंथा की फसलें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** देहात इलाकों में बिजली कटौती होने से किसानों की फसलें सूखने लगी हैं। कई दिनों से एक फेस में बिजली दी जा रही है जिससे ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे हैं जिससे मक्का और मैंथा की फसलों को नुकसान हो रहा है।

देहात इलाकों में बिजली सप्लाई नियमित नहीं दी जा रही है। सुबह आठ बजे दी जाने वाली बिजली सप्लाई सुबह नौ बजे दी जाती है और कुछ देर बाद ही बिजली गुल हो जाती है। यही स्थिति ट्यूबवेलों को दी जाने वाली बिजली की है। ट्यूबबेलों को जो सप्लाई दी जाती है वह भी दिन में करीब चार घंटे गायब रहती है। ब्लाक जगत के ग्राम रूपापुर निवासी ग्रामीणों का कहना है कि करीब चार दिन से दिन में टयूवबैलों पर एक फेस पर बिजली आ रही है जिससे खेतों में खड़ी मक्का और मेंथा की सिंचाई नहीं हो पाने से फसलें सूख रहीं हैं। विभाग के जेई से इस मामले में बात की गई तो कोई जवाब नहीं दिया गया।किसानों ने बताया कि शेड्यूल के हिसाब से सुबह आठ बजे बिजली सप्लाई दी जानी चाहिए जो अब कई दिनों से नौ बजे आ रही है । बिजली आने के कुछ देर बाद ही सप्लाई ठप हो जाती है जो करीब एक बजे आती है तो मात्र एक फेस में बिजली होती है जिससे टयूवबैल नहीं चल पा रहे हैं। इन दिनों खेतों में मक्का और मैंथा की फसल खड़ी है जिनमे हर सप्ताह पानी लगाया जाता है। अब बिजली पूरी नहीं मिलने से फसलों में पानी नहीं लग पा रहा है। विद्युत विभाग के जेई या लाइनमैन से बिजली समस्या के बारे में पूछा गया तो किसी ने कोई जवाब नहीं दिया। ऐसी स्थिति में किसान परेशान हैं।बिजली की समस्या किसी एक क्षेत्र में नहीं है बल्कि पूरे जिले में है। कहीं भी शेड्यूल के हिसाब से बिजली नहीं दी जा रही है। बिसौली उझानी क्षेत्र में इन दिनो सब्जियों की खेती बड़े पैमाने पर हो रही है। जो बिजली नहीं मिलने से सूखने के कगार पर हैं।

बिजली न आने से बंद पड़ा ट्यूबवेल।

इन दिनों गर्मी शुरू हो चुकी है। ऐसे में घरों में भी पंखा कूलर चलते हैं दूसरे खेतों में मक्का और मैंथा की फसलें तैयार हो रहीं हैं। बिजली कटौती होने से फसलों को पानी नहीं मिल पा रहा है जिससे किसानों को नुकसान हो रहा है। **-रितिक शर्मा**

पिछले कई दिनों से बिजली कटौती चल रही है। बिजली ट्यूबवेल चलाने के लिए एक फेस में बिजली दी जा रही है।जिससे टयूवबैल नहीं चल पा रहे हैं। खेत में मक्का की फसल सूख रही है। मक्का सूख गयी तो सारी लागत बेकार हो जाएगी। **-नवल शर्मा**

कुछ जगहों से सप्लाई बाधित होने की शिकायत मिल रही है। उन क्षेत्रों में लाइन को चेक कराया जा रहा है। जल्द ही सप्लाई सुचारू कर दी जाएगी। वैसे सभी जगहों पर बिजली दी जा रही है। कुछ स्थानों पर कटौती की सूचना है वहां पर विभाग के कर्मचारी लाइनें और ट्रांसफार्मर चेक कर रहे हैं। **-संजय कुमार** अधिशासी अभियंता प्रथम

# समन्वय व टीमवर्क से संपन्न कराएं चुनाव

### सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव ने अधिकारियों के साथ बैठक में दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- वोटर पर्ची का शत प्रतिशत वितरण कराने के निर्देश

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गए सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव ने शनिवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर कहा कि टीम वर्क व परस्पर समन्वय के साथ चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराये। जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने निर्वाचन तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी। सामान्य प्रेक्षक ने स्वीप गतिविधियों पर आधारित पुस्तक का फीता काटकर विमोचन भी किया। इस अवसर पर पुलिस प्रेक्षक डा. प्रियंका नारनवरे भी मौजूद रहीं।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रेक्षक केकेसुदामा राव ने कहा कि अभिनव पहल को बढ़ावा देते हुए मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जाएं। मतदान प्रतिशत के मामले में बदायूं एक मिसाल बने, इसके लिए सभी मिलकर प्रयास करें। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों का आत्मविश्वास बढ़ाते हुए उनकी भी भागीदारी मतदान प्रतिशत बढ़ाने में करने के लिए। कहा कि वोटर पर्ची का शत प्रतिशत वितरण कराया जाए। एपिक कार्ड के वितरण व प्रशिक्षण सत्र के बारे में भी जानकारी ली।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से डिस्टिक सिक्योरिटी प्लान के संबंध में भी जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि चुनाव से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी, निर्विघ्न व सकुशल ढंग से संपन्न कराया जाएगा। बताया कि 1 से 5 मई के मध्य प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक दिन एक शपथ कार्यक्रम हर बूथ पर आयोजित कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों पर छाया, पेयजल की भी व्यवस्था कराई जा रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि मतदान के दिन जनपद में पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहेगा। स्वीप गतिविधियों के संबंध में की गई किए गए विभिन्न कार्यों व प्रशिक्षण सत्र के बारे में मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने प्रस्तुतीकरण दिया, तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव शर्मा ने चुनाव की तैयारी व अन्य व्यवस्थाओं पर पीपीटी के माध्यम से बताया।

अधिकारियों के साथ बैठक करते प्रेक्षक केके सुदामा राव। ● अमृत विचार

# रेलवे स्टेशन पर बढ़ी सुरक्षा जीआरपी एसपी करेंगे निरीक्षण

रेलवे स्टेशन पर तैनात जीआरपी के जवान। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जीआरपी ने यात्रियों से की पूछताछ संदिग्धों की निगरानी शुरू

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन की व्यवस्थाओं का जायजा लेने को मुरादाबाद के जीआरपी एसपी कभी भी यहां आ सकते हैं। रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर होने वाले निरीक्षण से पहले जीआरपी ने सभी व्यवस्थाएं चौकस कर ली हैं। रेलवे स्टेशन पर कड़ी चौकसी बढ़ा दी है। संदिग्ध रेल यात्रियों की तलाशी ली जा रही है।

बदायूं रेलवे स्टेशन मुरादाबाद जीआरपी परिक्षेत्र में आता है इसलिए वहां के एसपी साल में कई बार निरीक्षण करने को यहां आते हैं। इस बार लोकसभा चुनाव के चलते निरीक्षण नहीं हो सका है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि एसपी कभी भी निरीक्षण को आ सकते हैं। जीआरपी ने स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। दिन के समय करीब आधा दर्जन जीआरपी जवान रेलवे स्टेशन पर रहते हैं। रेलवे स्टेशन पर घूमने वालों को यहां नहीं आने को कहा गया है।

## सार संक्षेप

### देवकी देवी इंटर कॉलेज का परिणाम शत प्रतिशत

**कादरचौक,अमृत विचार :** देवकी देवी महात्मा गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज ककोड़ा का यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य राजेश मौर्य ने सभी छात्र छात्राओं को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। छात्र छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों को दिया है।

### नवनियुक्त सपा प्रदेश सचिव का किया स्वागत

**सहसवान, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति पर प्रदेश अध्यक्ष ने पूर्व नगर अध्यक्ष शोएब नकवी को प्रदेश सचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। जिनके प्रथम बार सहसवान आगमन पर पार्टी पदाधिकारियों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर वरिष्ठ सपा नेता शाहिद खान, जमालुद्दीन चौधरी, राशिद अली एडवोकेट, अजहर अली, काशिफ अली खान, गजेंद्र यादव, सुभान खान सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बार एसोसिएशन के निर्विरोध उपाध्यक्ष चुने गए व्योमेश

**दबतरा,अमृत विचार :** सिविल बार एसोसिएशन बिसौली के चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर व्योमेश चंद्र एडवोकेट को निर्विरोध चुना गया है। चुनाव अधिकारी बलवीर मिश्रा एडवोकेट ने बताया कि सिविल बार एसोसिएशन के चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर व्योमेश चंद्र एडवोकेट, सह सचिव पद पर दिग्विजय शर्मा, एडिटर पद पर संजीव मिश्रा एडवोकेट, कोषाध्यक्ष पद पर संजीव यादव एडवोकेट निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं । अध्यक्ष एवं सचिव पद पर 22 अप्रैल को चुनाव होगा। सभी निर्विरोध निर्वाचित अधिवक्ताओं को बधाइयां देते हुए बार एसोसिएशन के हित में कार्य करने की उम्मीद जताई है।

### आज सुबह से शाम 6 बजे तक बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**बदायूं, अमृत विचार :** 22 अप्रैल को विद्युत उपकेंद्र कार्यशाला पर पावर परिवर्तक की क्षमता वृद्धि का कार्य किया जाएगा जिससे सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक 11 केवी मंडी फीडर की आपूर्ति बंद रहेगी। आपूर्ति बंद रहने से टयूवबैल कॉलोनी, इंदिरा नगर, मंडी समिति, बुद्ध विहार, नरऊ बुजुर्ग, बाबा कॉलोनी एवं सियाराम नगर में सप्लाई बंद रहेगी। इसके साथ ही 11 केवी टाउन 3 फीडर से पोषित आवास विकास, नगला सरकी, रेलवे स्टेशन, मालगोदाम रोड, कृष्णापुरी, मधुबन कॉलोनी आदि की सप्लाई भी सुबह 8 बजे से 1 बजे तक बंद रहेगी। उक्त जानकारी देते हुए अधिशासी अभियंता संजीव कुमार ने उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने की अपील की है।

### भवन मंदिर में भक्तों ने कराया माता रानी का भंडारा

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के अटल चौक के निकट स्थित शिव शक्ति भवन मंदिर में रविवार को माता रानी के भक्तों ने एक भंडारा आयोजित कराया। उसके बाद अन्य विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान कराए गए। कन्याओं को सहभोग कराने के बाद भंडारा शुरू किया गया। नगर के सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। महिलाओं ने यहां माता रानी के भजन गाए। इस मौके पर चौधरी दिनेश बाबू वार्ष्णेय, राहुल वार्ष्णेय, हर्षित वार्ष्णेय, ब्रजेश बाबू, चंद्रसेन माहेश्वरी, सुरेश गुप्ता, उमेश बाबू, नरेश चंद्र, गौरव माहेश्वरी रहे।

### बच्चों ने बढ़ाया कॉलेज और माता-पिता का मान

विजनेश। नैतिक शर्मा। प्रदीप माथुर। मोहम्मद रेहान। अंजली। कुसमांजलि ।

**वजीरगंज, अमृत विचार :** कस्बे के आर वी इंटर कॉलेज की 12वीं की परीक्षा में कुसमांजलि शाक्य ने 87 .55% प्रतिशत,अनुष्का पाल ने 85 .44% प्रतिशत प्राप्त कर कक्षा में द्वितीय स्थान जबकि 10वीं कक्षा में नैतिक शर्मा 89 .5% प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, बनाया। रोहित कुमार शाक्य ने 82 .3% प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान,पायल सिंह 82% प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के डायरेक्टर कुलदीप शर्मा, प्रधानाचार्य एसपी शर्मा ने इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। मुन्ना लाल इंटर कॉलेज में 12वीं साइंस कक्षा में प्रशांत माथुर पुत्र प्रदीप कुमार ने साइंस 91% अंक प्राप्त कर कॉलेज टापर रहे। जबकि अंजली 92 .8% अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान अर्जित किया है। एनआर इंटर कॉलेज में विजनेश 10 में 93 .8 % अंक पाकर कॉलेज टॉप किया है। वहीं मो रेहान कक्षा 10 में 92 .6% अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया।

### रिटिन ने प्रथम और अर्पित ने प्राप्त किया दूसरा स्थान

अर्पित यादव यश गुप्ता रिटिन यादव

**दातागंज, अमृत विचार :** नगर के संस्कार इंटर कॉलेज के दसवीं के छात्र रिटिन यादव ने प्रथम एवं अर्पित यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर कालेज का नाम रोशन किया है । कॉलेज के प्रबंधक विनय पाठक ने बताया कि इंटर में कस्बा दातागंज के कांसपुर रोड निवासी यश गुप्ता पुत्र संजीव गुप्ता ने इंटर में हिन्दी में 82,अग्रेंजी में 90 ,फिजिक्स में 81, कैमिस्ट्री में 97, मैथ में 80 अंक मिले है। उन्होनें 500 में 430 एवं 86 अंक प्रतिशत पाकर प्रथम स्थान प्राप्त कर कालेज व माता पिता का नाम रोशन किया है।

### हाई स्कूल में शिफा रहमान ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**सहसवान, अमृत विचार :** पन्नालाल नगर पालिका इंटर कालेज के प्रधानाचार्य सुजीत कुमार सिंह ने बताया कि हाईस्कूल परीक्षा में 463 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। इसमें से 426 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। हाई स्कूल में शिफा रहमान, सादिया, रहमत बी ने क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटर मेंरविकांत, वर्षा और मोहम्मद तौसीफ ने क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। नेहरू इंटर कालेज मोहद्दीनपुर के प्रधानाचार्य केपी सिंह राघव ने बताया कि इंटर में दानवीर, अंकित कुमार, साजिया ने क्रमश प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल परीक्षा में प्रशांत, ऊषा और राजीव ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### तीन निर्विरोध निर्वाचित, अध्यक्ष पद पर होगा मतदान

**दबतरा।** सिविल बार एसोसिएशन बिसौली के चुनाव अधिकारी बलवीर मिश्रा एडवोकेट ने बताया कि सिविल बार एसोसिएशन के चुनाव वर्ष 2024-2025 में उपाध्यक्ष पद पर व्योमेश चंद्र एडवोकेट, सह सचिव पद पर दिग्विजय शर्मा, एडिटर पद पर संजीव मिश्रा एडवोकेट परसिया, सह अध्यक्ष पद पर संजीव यादव एडवोकेट निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। अध्यक्ष एवं सचिव पद पर 22 अप्रैल को सुबह साढ़े दस बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा।

### दिन भर गुल रही बिजली, परेशान रहे उपभोक्ता

**बदायूं,अमृत विचार :** शहर के बीचो बीच पनबड़िया विद्युत उपकेंद्र पर रविवार को अनुरक्षण कार्य किया गया जिससे सुबह दस से शाम साढ़े चार बजे तक बिजली गुल रही। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब दर्जन भर मोहल्ले के लोगों को बिजली के बिना साढ़े छह घंटे गुजारने पड़े जिससे गर्मियों के दिनों में लोगों को घरों में रहना मुश्किल हो गया। पेयजल की समस्या पैदा हो गयी।

## बिना बीमा के दौड़ रही जर्जर हो चुकीं स्कूल बसें

**उसहैत, अमृत विचार :** स्कूली बच्चों को लाने ले जाने वाली बसों के आए दिन दुर्घटनाग्रस्त होने से सैकड़ों बच्चों की जान जाने के बाद भी परिवहन विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। कबाड़ा बसों का बीमा भी नहीं है। कस्बे से हर रोज एक निजी बस बच्चों को लेकर बदायूं के एक स्कूल ले जाती है। दो दर्जन से अधिक बच्चे इस बस से स्कूल जाते हैं। बस की दशा खराब है।

कुछ लोगों ने परिवहन विभाग के ऐप को डाउनलोड कर गाड़ी नंबर चेक किया तो पता चला 18 महीने से बस का बीमा नहीं है, फिर भी परिवहन विभाग ऐसी बसों के संचालन पर रोक नहीं लगा रहा है। मंगलवार सुबह बस स्टार्ट ही नहीं हुई। स्कूल प्रशासन द्वारा दूसरी बस से बच्चों को स्कूल बुलाया गया। सभासद रामगोपाल कश्यप, सुरेश चंद्र, सभासद मुजीब खान, सभासद जाकिर मंसूरी, सभासद अशोक शाक्य व संभ्रांत नागरिकों ने जिलाधिकारी से कबाड़ बसों के संचालन पर रोक लगाने की मांग की है।

# अच्छे नंबर आने से बच्चे उत्साहित, अभिभावक खुश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परिणाम बीते शनिवार को जारी किया गया। जिले भर में हाई स्कूल 87.90 और इंटरमीडिएट 79.96 प्रतिशत रहा। जिले के चार बच्चे प्रदेश स्तर की सूची में शामिल रहे। जो बच्चे अच्छे अंकों से पास हुए हैं वे खुशी में झूमते रहे। रिश्तेदारों द्वारा बधाई देने के लिए फोन किए जा रहे हैं।

टीटी कान्वेंट स्कूल के छात्र जलज सिन्हा ने हाई स्कूल की परीक्षा 92.3 प्रतिशत अंकों के साथ पास की है। उनके अच्छे अंकों से परीक्षा पास करने पर उनके परिवार में खुशी का माहौल है। माता-पिता की खुशी का ठिकाना नहीं है। वहीं रिश्तेदारों को बधाई देने के लिए फोन आ रहे हैं। शहर के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। खुशी यादव और प्रिया राठौर ने संयुक्त रूप से स्कूल टॉप किया है। वहीं इंटरमीडिएट में राखी प्रजापति ने 90 प्रतिशत के साथ प्रथम, कुमकुम यादव 89.9 प्रतिशत द्वितीय तथा विजय प्रिया गौतम 84.4 प्रतिशत, खुशी कश्यप 85.4 उमरा 78 प्रतिशत तथा गरिमा शर्मा ने 77.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण की है।

जलज को मिठाई खिलातीं मां।

जीजीआईसी में प्रधानाचार्य और शिक्षिकाओं के साथ छात्राएं। ● अमृत विचार

### हाईस्कूल 95 और इंटरमीडिएट का 98 प्रतिशत रहा रिजल्ट

**संवाददाता, उसहैत, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव टिकरी स्थित केशरी सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज का हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा। वहीं इंटरमीडिएट का परिणाम 98 प्रतिशत रहा है। हाईस्कूल में अभिषेक ने 88 .83% अंक पाकर प्रथम स्थान पर रहकर स्कूल टॉप किया है। वहीं नीरज 84% द्वितीय तथा मुकेश 83 .33% अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वहीं इण्टरमीडिएट अर्सलान खान ने 76 .4% अंक पाकर प्रथम स्थान, मुआज्ज़म ने 76 .4% अंक पाकर द्वितीय स्थान एवं अक्शा बी 75 .6% अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही केशरी सिंह मेमोरियल कन्या इण्टर कॉलेज में हाईस्कूल की छात्रा महरीन खान ने 84 .33% पाकर प्रथम स्थान, अदीबा ने 84 .16% अंक पाकर द्वितीय स्थान एवं अर्शी ने 84 .16% अंक पाकर तृतीय स्थान पाया है।

असलम खां।

अभिषेक।

## नहीं आ रहा सफाई कर्मी, गांव में गंदगी का लगा ढेर

**उसहैत,अमृत विचार :** ग्राम पंचायत रसूलपुर नगला पर तैनात सफाई कर्मचारी की लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। दूसरे सफाई कर्मचारी की तैनाती की गयी थी जो तीन महीने से नहीं आ रहा है। गांव में गंदगी के ढेर लगे हुए हैं।

ग्राम पंचायत रसूलपुर नगला पर तैनात सफाई कर्मचारी रायसिंह की चार महीने से तबीयत खराब थी। शनिवार को उसकी मौत हो गयी। इससे पहले ही दिसम्बर महीने में रायसिंह की जगह दूसरे सफाई कर्मचारी नेत्रपाल को तैनात किया गया। नेत्रपाल गांव में सफाई करने कभी नहीं आता है। ग्राम प्रधान पति नवीजमा का कहना है कि सफाई कर्मचारी के नहीं आने से गांव में गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। गंदगी बढ़ने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है।

ग्रामीणों ने बताया कि सफाई कर्मचारी नेत्रपाल से जब फोन पर बात की गयी तो उसने बताया कि उसकी ड्यूटी डीपीआरओ के कार्यालय पर लगी है। ग्रामीणों ने गांव में जल्द सफाई कराने की मांग की है।

# दृष्टि बाधित पूनम फर्स्टक्लास पास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** दृष्टिबाधित पूनम ने लग्न और मेहनत के दम पर इंटर में 67 प्रतिशत अंक लाकर प्रेरणास्रोत बन गई हैं।

पूनम शुरू से ही मेहनती और लगनशील रही हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। परिवार का सहयोग और शिक्षकों का साथ मिलने से वह पढ़ाई करती गयीं। दृष्टि बाधित होते हुए भी पूनम हिम्मत नहीं हारी, और हमेशा लग्न से पढ़ाई करते हुए कक्षा बारह में 67 प्रतिशत से अंक लाकर प्रेरणास्रोत बन गयीं। उनकी इस उपलब्धि पर शनिवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी स्वाति भारती ने कार्यालय में बुलाकर पूनम को फूल माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए आगे की शिक्षा जारी रखने की शुभकामनाएं दीं। विशेष शिक्षक विपिन मिश्रा ने बताया कि पूनम की प्रारंभिक शिक्षा समेकित शिक्षा के अंतर्गत संचालित आवासीय एक्सीलेरेटेड लर्निंग कैम्प में हुई, और उसका नामांकन कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय नगर में किया गया था। पूनम के पिता रामेश्वर दयाल का एक वर्ष पूर्व निधन हो गया था। इनकी मां मजदूरी करती हैं, उनकी बहन ने शिक्षा में बहुत सहयोग दिया । विशेष शिक्षक रज्जन सिंह ने बताया कि पूनम शुरू से ही प्रतिभावान रही है। एएओ मुनेश कुमार, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा जितेंद्र सिंह, जिला समन्वयक एम आई यस प्रगति सक्सेना, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा प्रशांत कुमार, विशेष शिक्षक राजेश कुमार मौर्य ने भी पास होने की शुभकामनाएं दी।

दृष्टिबाधित पूनम को मिठाई खिलातीं बीएसए स्वाति भारती। ● अमृत विचार

## मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में दीं आहुतियां लोगों ने की परिक्रमा

**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव सिरतौल में फुलवार मंदिर परिसर में शनिवार को लक्ष्मी नारायण यज्ञ शुरू हुआ। वैदिक मंत्रों के साथ यहां बाहर से आचार्यो ने आहुतियां दी। शाम को यहां लोगों ने यज्ञ की परिक्रमा कर अरणी मंथन भी किया। यज्ञाधीष दामोदर आचार्य एवं 11 अन्य आचार्य विधि विधान से यहां रोजाना पूजन और आहुति कराएंगे। इस मौके पर लता गुप्ता, नेत्रा गुप्ता, अंजू रानी, विपिन सिंह, पवन उपाध्याय, कपिल गुप्ता, अतुल सिंह, सर्वेश उपाध्याय, सत्यप्रकाश दुबे, कल्लू मिश्रा, रामबाबू गुप्ता, दिपेंद्र गुप्ता, जितेंद्र सिंह, अमित उपाध्याय, अभय गुप्ता आदि मौजूद रहे।



Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919




# हाथ लगाते ही गिरी आरआरसी की दीवार

## डीपीआरओ के निरीक्षण में खुली पोल, तीन लाख की लागत से बनाया गया था आरआरसी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** प्रधान और सचिव द्वारा आरआरसी का घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया। जिसकी वजह से उनकी दीवारें मिट्टी के ढेर की तरह हाथ लगाते ही ढह गई। यह सब डीपीआरओ की आंखों के सामने हुआ। उन्होंने नाराजगी जताते हुए प्रधान और सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

दहगवां ब्लॉक क्षेत्र के गांव हमूपुर चमरपुरा स्थित सहकारी समिति में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान केंद्र बनाया गया है। जहां व्यवस्थाएं पूर्ण कराने के उद्देश्य से डीपीआरओ मतदान केंद्र पर पहुंची। उनके पहुंचने के दौरान मतदान स्थल पर शौचालय का निर्माण होते ही मिला था। मतदान केंद्र के निरीक्षण से लौटने के दौरान उनके द्वारा गांव में कूड़ा कचरा निस्तारण के लिए करीब तीन लाख की लागत से बनाए गए आरआरसी पर पहुंच गई। आरआरसी पर कचरा निस्तारण के लिए कई स्थल बनाए गए थे। इन्हें अलग करने के लिए दीवारों का निर्माण किया गया था।

डीपीआरओ को निरीक्षण के दौरान एक स्थान अलग करने के लिए बनाई गई दीवार टूटी मिली। वहीं एक दीवार पर वह हाथ रख कर खड़ी हो गईं।

उनके हाथ रखते ही दूसरी दीवार भी टूट कर गिर गई। आरआरसी की दीवारों को घटिया सामग्री से बनाया गया था। इस पर उन्होंने सचिव और एडीओ पंचायत से नाराजगी व्यक्त की। साथ ही सचिव नवीन कुमार और प्रधान को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

आरआरसी में गिरी दीवार।

ब्लॉक कर्मचारी से पूछताछ करतीं डीपीआरओ श्रेया मिश्रा। ● अमृत विचार

गांव हमूपुर चमरपुरा में मतदान केंद्र का निरीक्षण करने के लिए गए थे। इसी दौरान आरआरसी का भी निरीक्षण किया। सेंटर के निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया था। उनकी दीवारें हाथ लगाते ही गिर गई। प्रधान और सचिव को नोटिस जारी किया है। जवाब आने पर कार्रवाई की जाएगी। – **श्रेया मिश्रा**, डीपीआरओ

## डायलिसिस यूनिट पर दो और टेक्नीशियन होंगे तैनात

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में तीन वेड का डायलिसिस यूनिट है। अब इस यूनिट का विस्तारीकरण किया जा रहा है। इसके लिए अस्पताल में तीन बड़े वार्ड वाली नई बिल्डिंग बनायी गयी है। इस बिल्डिंग में दस बेड का डायलिसिस यूनिट होगा। अब तक डायलिसिस यूनिट पर एक यूनिट मैनेजर और दो टेक्नीशियन रखे गये थे। मगर अब दस वेड का यूनिट होगा इसलिए दो टेक्नीशियन और बढ़ाए गए हैं। डायलिसिस यूनिट मैनेजर मनोज कुमार ने बताया कि दो टेक्नीशियन एक मई से यहां पहुंच जाएंगे और मई के प्रथम सप्ताह में यूनिट नई बिल्डिंग में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। डीसीडीसी कंपनी ने जिला अस्पताल में अपना डायलिसिस यूनिट लगाया है। अब इस यूनिट का विस्तारीकरण किया जा रहा है। नई मशीनें अप्रैल के अंतिम सप्ताह में यहां पहुंच जाएंगी।

# जिले के गन्ना किसानों के सौ करोड़ रुपये दबाए बैठी हैं चीनी मिलें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गन्ना विभाग ने चीनी मिलों को लिखा पत्र, जल्द करें भुगतान
- यदु शुगर मिल पर किसानों का सबसे अधिक बकाया

**अमृत विचार :** चीनी मिलों पर गन्ना किसानों का लगभग सौ करोड़ रुपया बकाया है। इनमें सबसे अधिक बकाया बिसौली की यदु शुगर मिल पर है। गन्ना विभाग ने चीनी मिलों को पत्र लिख कर गन्ना किसानों का भुगतान जल्द करने को कहा है।

करीब सात चीनी मिलें जिले के गन्ना किसानों का हर साल गन्ना खरीदती हैं। कुछ चीनी मिलें कम खरीदती हैं, तो कुछ के पास गन्ने का रकबा अधिक है। इनमें सबसे अधिक बिसौली की यदु शुगर मिल के पास गन्ना है। इन सभी चीनी मिलों पर जिले के गन्ना किसानों का लगभग सौ करोड़ बकाया है। यह बकाया दिलाने को गन्ना किसान जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं इसलिए गन्ना विभाग ने भी सख्ती शुरू कर दी है।

बिसौली की यदु शुगर मिल पर किसानों का 67 करोड़ 53 लाख 49 हजार बकाया है। शेखूपुर की सहकारी चीनी मिल पर 2 करोड़, 88 लाख 10 हजार बकाया है। रजपुरा चीनी मिल पर करीब 43 लाख बकाया है। न्योली शुगर मिल पर 16 करोड़ 40 लाख बकाया है। करीमगंज चीनी मिल पर गन्ना किसानों का 11 करोड़ 57 लाख 69 हजार बकाया है। फरीदपुर की चीनी मिल पर 90 लाख रुपया था जिसका भुगतान कर दिया गया है। बीनस शुगर मिल पर 1 करोड़ 19 लाख 99 हजार बकाया है। इस तरह सभी चीनी मिलों पर कुल 99 करोड़ 57 लाख रुपया गन्ना किसानों का बकाया है। गन्ना किसानों ने अपने गन्ने का बकाया दिलाने को गन्ना विभाग के चक्कर लगाने शुरू कर दिए हैं। इसलिए गन्ना विभाग ने सभी चीनी मिलों को पत्र लिखा है और जल्द भुगतान करने को कहा है। इस बार तो चीनी मिलें गन्ना किसानों का भुगतान पेराई सत्र के दौरान कर चुकी हैं। इसलिए बकाया राशि कम है। पिछले साल तो जून जुलाई तक भुगतान किया गया।

चीनी मिलों को पत्र लिख कर भुगतान के लिए कहा गया है। बिसौली चीनी मिल को पत्र भेज कर भुगतान करने को कहा गया है। क्योंकि इस चीनी मिल पर अधिक बकाया है। सभी चीनी मिलें कुछ भुगतान कर चुकी हैं। शेखूपुर चीनी मिल ने अब तक करीब 22 करोड़ का भुगतान कर दिया है। अब मात्र दो करोड़ ही बचा है, जो जल्द करने का आश्वासन दिया गया है। – **अशोक कुमार**, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक

## फरार हत्यारोपी पर इनाम घोषित कराने की मांग

**बदायूं, अमृत विचार :** गांव आरिफपुर नवादा निवासी निकलेश गौतम के बेटे शिवांशु की बरेली में हत्या करके शव बोरे में बंद करके फेंक दिया गया था। पुलिस ने हत्यारोपी युवती तनु को जेल भेज दिया लेकिन दूसरा हत्यारोपी सनी फरार है। मृतक के परिजनों ने आरोपी पर इनाम घोषित करने की गुहार एडीजी से लगाई है।

# मतदान का बहिष्कार करेंगे चौबे मोहल्ले के लोग

**बदायूं, अमृत विचार :** अघोषित बिजली कटौती से परेशान एक मोहल्ले के लोगों ने लोक सभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। बिजली समस्या को लेकर जिला अधिकारी को पत्र दिया जाएगा।

शहर से लेकर देहात तक उपभोक्ता बिजली की कटौती से परेशान हैं। कई गांवों के लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। इसी तरह अब शहर के बीचो बीच चौबे मोहल्ले के लोग एकजुट हो रहे हैं। सिविल बार एसोसिएशन के सचिव अरविंद पाराशरी ने कहा है कि उनके मोहल्ले में अक्सर बिजली गुल रहती है। कभी मरम्मत के नाम पर बिजली सप्लाई ठप कर दी जाती है तो कभी पूरे पूरे दिन बिजली नहीं आती है, जिससे उपभोक्ता परेशान हैं। उन्होंने बताया कि यदि बिजली समस्या में सुधार नहीं किया गया तो मोहल्ले के लोग लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। इस मामले में जिलाधिकारी को भी पत्र दिया जाएगा।

# भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय का जगह-जगह स्वागत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य ने रविवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के गांव रुखड़ा खौला, मूसाझाग, कंडेला, आमगांव, मोहम्मदनगर सुलरा, नाई, दियोरीजीत, घटपुरी, ब्यौर, विनाबर, सिकरोड़ी, भितारा, पुठी सराय में जनसंपर्क कर भाजपा की रीति-नीतियां गिनाईं।

साथ ही पार्टी के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान लोगों ने जगह-जगह उनका स्वागत किया गया। रुखड़ा खौला गांव में नुक्कड़ सभा में दुर्विजय शाक्य ने कहा कि लोगों के समर्थन को देखकर स्पष्ट है कि यह चुनाव जीत के लिए नहीं बल्कि जीत का अंतर बढ़ाने के लिए लड़ रहे हैं। कहा खेतों में फसलें लहलहा रही हैं। किसान पक्के घरों में अपनी फसल लाकर रख रहे हैं। महिलाओं को इज्जत घर की सौगात मिली है। एमएलसी वागीश पाठक ने कहा भाजपा सरकार जन-जन की पार्टी है, जबकि सपा-बसपा-कांग्रेस परिवारवादी पार्टी हैं। पूर्व डीसीबी चेयरमैन उमेश राठौर, पूर्व जिलाध्यक्ष हरप्रसाद पटेल, जिला महामंत्री सुधीर श्रीवास्तव, युवा नेता विश्वजीत गुप्ता, अंकित मौर्या, सोबरन राजपूत, अनेकपाल पटेल, मण्डल अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, नौरंग पाल, अनुज सक्सेना, अरविन्द कुमार, अंकित शाक्य, मधूसदून गुप्ता, पुष्पेंद्र सैनी, संदीप लक्खा, अमन गुप्ता, विवेक सिंह, प्रतीक मिश्रा, वीर सिंह प्रधान सहित बड़ी संख्या में लोग रहे।

दुर्विजय सिंह शाक्य को नोटो की माला पहनाते मुस्लिम समाज के लोग।

# महावीर स्वामी की शोभायात्रा निकाली

संवाददाता, बिल्सी

- जगह-जगह शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला संख्या दो स्थित प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर के तत्वावधान में रविवार को भगवान महावीर स्वामी की जयंती के उपलक्ष्य में झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा जैन मंदिर से शुरू होकर बालाजी तिराहा, सर्राफा बाजार, मुख्य बंबा चौराहे, कटरा बाजार, जैन मार्केट, होती हुई मोहल्ला संख्या आठ साहबगंज स्थित प्राचीन जैन मंदिर पर पहुंची। यहां से पुनः इसी मार्ग से वापस होती हुई।

शोभायात्रा नगर के ज्वाला प्रसाद जैन जूनियर हाईस्कूल पर पहुंचकर विसर्जित हुई। शोभायात्रा का नगर के व्यापारियों ने जगह-जगह स्वागत किया। शोभायात्रा में भगवान महावीर स्वामी की झांकी समेत कई झांकी शामिल रहीं। शोभायात्रा से पहले पारस जैन ने ख्वासी, नीरज जैन ने सारथी, डब्लू जैन ने कुबेर, मृंगाक जैन, नीरेश जैन ने इंद्र का स्वरूप धारण किया। इस मौके पर इंदू जैन, प्रीती, अर्चना, निशा जैन, स्वीटी जैन, संतोष जैन, टिंकू जैन ने कलश की बोली उठाई। शोभायात्रा में पीछे महिलाएं मंगल गीत गाती हुई चल रही थीं। इसमें बहजोई, उझानी, बदायूं, इस्लामनगर आदि जैन समाज के लोगों ने यहां पहुंच कर शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

महावीर स्वामी की शोभायात्रा में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

## गर्भस्थ शिशु की मौत प्रसूता को बचाना हुआ मुश्किल

**बदायूं, अमृत विचार :** कस्बा वजीरगंज निवासी अजय कुमार गुप्ता की पत्नी शालू गुप्ता को पांच महीने का गर्भ था। अजय ने शालू की तबीयत बिगड़ने पर शनिवार की देर शाम जिला अस्पताल में भर्ती कराया। शालू की हालत देख डाक्टरों ने बाहर ले जाने की सलाह दी लेकिन परिवार के अधिक जोर देने पर उसका उपचार किया गया। शालू को प्रसव कक्ष में ले जाया गया। जहां करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद मृत शिशु को बाहर निकाला गया। इसके बाद शालू के प्राण भी संकट में पड़ गये। डाक्टरों ने किसी तरह शालू को ठीक किया। इसी तरह एक दूसरी महिला नूरे शमा को भी शनिवार की रात को भर्ती किया गया। नूरे शमा के पेट में मृत शिशु था। चिकित्सकों ने मृत शिशु को किसी तरह बाहर निकाला।

# नाम वापसी के बाद साफ होगी चुनावी जंग की तस्वीर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 16 उम्मीदवारों ने कराया नामांकन 4 के पर्चे हो चुके हैं खारिज

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में नामांकन की प्रक्रिया के तहत सोमवार को नामांकन पत्र वापस लिए जाएंगे। अभी तक बदायूं लोकसभा संसदीय की सीट के लिए नामांकन पत्रों की जांच के बाद 12 दावेदार हैं। नाम वापसी के बाद तस्वीर पूरी तरह साफ हो जाएगी। कितने प्रत्याशी मैदान में ताल ठोकते नजर आएंगे। दोपहर में नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।

लोकसभा चुनाव में बदायूं सीट पर सांसद की कुर्सी पर बैठने के लिए 19 अप्रैल तक चली नामांकन प्रक्रिया के दौरान 16 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। जांच के उपरांत भाजपा, सपा और बसपा प्रत्याशी समेत 12 उम्मीदवारों के नामांकन सही पाए गए थे, जबकि विभिन्न कमी पाए जाने पर 4 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त कर दिए गए थे। सपा के आदित्य यादव, भाजपा के दुर्विजय सिंह, बसपा के मुस्लिम खां तथा राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से नीलम रानी, राष्ट्रीय क्रांति पार्टी से लता यादव, स्वराज भारतीय न्याय पार्टी से सुलेमान, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से किशोर कुमार सहित निर्दलीय प्रत्याशी हरि सिंह, इसरत अली, दिनेश कुमार, राम प्रताप मौर्य और निर्दलीय प्रत्याशी संदीप कुमार के पर्चे सही पाए गए थे। सोमवार को नाम वापसी की प्रक्रिया तीन बजे तक जारी रहेगी। इसके बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे।

नाम वापसी के बाद उम्मीदवारों की तस्वीर और साफ हो जाएगी। चुनाव चिन्ह मिलते ही प्रत्याशी भी अपने चुनाव प्रचार को तेज कर देंगे। वैसे इस सीट पर मुख्य मुकाबला भाजपा के दुर्विजय सिंह और सपा के आदित्य यादव के बीच माना जा रहा है। बसपा प्रत्याशी भी दमखम दिखाएंगे। बदायूं लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। इसके बाद चार जून को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किया जाएगा।

## महिला की मौत पर चार के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**बिल्सी, अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव सतेती निवासी महिला का शव शनिवार को फंदे पर मिला था। मृतका के पिता की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। गांव सतेती में प्रमोद कुमार की पत्नी शोभा का शव फंदे पर मिला था। शोभा के पिता गांव बरामय खेड़ा निवासी नेकराम ने पुलिस को तहरीर देकर ससुरालीजनों पर अतिरिक्त दहेज मांगने का आरोप लगाया था। बताया कि शादी के बाद से ही शोभा के पति प्रमोद, ससुर रामबाबू, जेठ राहुल और रामसेवक बुलेट बाइक की मांग कर मारपीट करने लगे थे। 19 अप्रैल को उन्हें जानकारी हुई कि शोभा की तबियत खराब है। वह बेटी की ससुराल पहुंचे। शोभा का शव घर के आंगन में रखा था। बाइक टूटी थी।

मुद्दा | गांव की चौपाल में हुई चर्चा, जिले के विकास की बात करने वाले को देंगे वोट

# समस्याओं से जूझ रहा ओरछी चौराहा, व्यापार को मिले बढ़ावा

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही जगह-जगह चर्चाएं होना शुरू हो गईं। क्षेत्र की समस्याओं को लेकर बातें हो रहीं हैं। मतदाताओं को विकास कार्य के लिए कौन सा अच्छा प्रत्याशी रहेगा, आदि मुद्दे पर बातें चल रहीं हैं। सभी का एकमत है कि विकास कराने वाले को संसद पहुंचाया जाएगा।

कस्बा ओरछी सीमावर्ती कस्बा है। जनपद का बॉर्डर कहे जाने वाला ओरछी में दिन रात अधिकारियों नेताओं का आवागमन रहता है। मुरादाबाद - फर्रुखाबाद राजमार्ग स्थित ओरछी में दर्जन भर से ज्यादा आलू कोल्ड स्टोरेज हैं, मटर प्लांट, दाल मिल, पेट्रोल पंप, बाइक, व फोर व्हीलर एजेंसी हैं। यहां दूसरे जिलों से लोग मजदूरी करने आते हैं। फिर भी व्यापारी वर्ग को किसी तरह की सुविधा नहीं है।

मतदाताओं का कहना है कि ओरछी में विकास नहीं हुआ है। शौचालय तक नहीं हैं। पीने के लिए पानी की व्यवस्था नहीं है। दुकानों के आगे गंदा पानी भरा रहता है। जल निकासी के लिए नाला नहीं है। जिससे बड़ी समस्या बनी हुई है। प्रत्याशी काम करने वाला हो, जो वादे किए जाएं उनको पूरा भी किया जाए। क्षेत्र में विकास के लिए कुछ बड़े उद्योग लगाए जाएं। पढ़े-लिखे युवा काम की तलाश में इधर उधर भटक रहे हैं। मध्यम वर्गीय परिवार किसी तरह काम चला रहे हैं जबकि मजदूर वर्ग को कोई काम नहीं हैं। इसलिए इस क्षेत्र का विकास करने वाले को चुना जाए।

गांव की चौपाल पर पर चर्चा करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

लोगों को आस रहती है कि प्रत्याशी जीतने के बाद विकास कार्य कराएगा और जो भी समस्या बनी हुई हैं उनको निपटाया जाए। व्यापारियों एवं आम जनता की समस्याओं के समाधान कराने वाले को चुना जाए, जिससे क्षेत्र का विकास हो सके। – **विनोद गुप्ता**

सीमावर्ती क्षेत्र है, यहां पर राहगीरों का आना-जाना लगा रहता है, दिन रात यह मार्ग चलता है, फिर भी यहां पर लंबे अरसे से शौचालय तक नहीं है। महिलाओं-पुरुषों को काफी परेशानियां होती हैं। हम तो यही चाहते हैं कि क्षेत्र में विकास तेज गति से हो। – **देवेश नाथ**, व्यापारी

आए दिन ओरछी चौराहे पर प्रत्याशियों का आना-जाना लगा रहता है। हम लोग यही चाहते हैं कि चौराहे पर जो समस्याएं बनी हैं उनसे छुटकारा मिल जाए। गर्मियों में पानी की दिक्कत रहती है। राहगीरों को गर्म पानी ही नल से मिलता है। हम लोग चाहते हैं कि विकास हो। – **अनिल तिवारी**

ओरछी चौराहे पर कई समस्याएं बनी हुई हैं। दुकानों के आगे नाला तक नहीं है। बारिश के समय यहां पर जलभराव हो जाता है उस समय उधर से गुजरना मुश्किल हो जाता है। यहां नाला निर्माण कराया जाए जिससे लोगों को राहत मिल सके।
– **अन्नी**, गल्ला व्यापारी

# आ गया परिणाम, अब करिअर पर फोकस

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा हाई स्कूल-इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम शनिवार को जारी कर दिया गया। कुछ ही दिनों में केंद्रीय माध्यमिक बोर्ड (सीबीएसई) समेत अन्य बोर्ड के परिणाम भी जारी होने वाले हैं।

यूपी बोर्ड से बारहवीं पास करने वाले छात्र अब कॅरिअर पर फोकस कर रहे हैं। 12वीं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों ने बताया कि वह इंजीनियर, डॉक्टर व यूपीएससी के साथ ही कंप्यूटर कोर्स और बैंकिंग की तैयारी करेंगे।

### बैंकिंग के क्षेत्र में अपना कॅरिअर बनाएगीं कनक

शहर के मोहल्ला बड़ा बाजार निवासी कनक चंद्रा ने राजाराम इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट की परीक्षा 81 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की है। वह कहती हैं कि उन्हें पहले से ही पता था कि अच्छे अंकों के साथ पास होंगी। वे बैंकिंग के क्षेत्र में अपना कॅरिअर बनाएगीं। उन्होंने बैंकिंग के क्षेत्र में कैरिअर बनाने के लिए तैयारी शुरू कर दी है।

### जर्नलिस्ट बनना चाहती हैं अंशिका

शहर के मोहल्ला लालपुल निवासी अंशिका शर्मा ने बताया कि उनका सपना शुरू से ही जर्नलिस्ट बनने का है। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। इसके साथ ही अंशिका कहती हैं। इसके साथ साथ वह बीसीए भी करेंगीं। जर्नलिस्ट बनने के लिए अन्य जनपद में कोचिंग की तलाश कर रही हैं।

### इंजीनियर बनेंगे तनिष्क अरोरा

शहर के मोहल्ला पथिक चौक निवासी तनिष्क अरोरा ने बताया कि उन्हें पूरा विश्वास था कि अच्छे अंकों के साथ पास होंगे। वे इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपना कॅरिअर बनाएंगे। उन्होंने इंजीनियरिंग के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी है।

### डॉक्टर बनना है अभिषेक का सपना

गांव बसंत नगर के अभिषेक ने बताया कि उनका सपना डॉक्टर बनना है। डॉक्टर बनने के लिए काफी मेहनत से पढ़ाई की थी। परीक्षा के उपरांत ही प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन कर दिया था। डॉक्टर बनने के लिए से नीट की तैयारी कर रहे हैं।

चर्म रोग एवं गुर्दे की पथरी के लिए
नि:शुल्क परामर्श चिकित्सा शिविर
दि. 22.04.24 (सोमवार) से दि. 02.05.24 तक
दवाईयों में भी 30% तक की छूट दी जायेगी।
क्या आपको पथरी है? बिना ऑपरेशन सम्भव है
पथरी का इलाज

डॉ. ब्रजेश कुमार
बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर
पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन (निकट संजय नगर पेट्रोल पंप), बरेली।
9058575790
8077383286
• पथरी,
• चर्म रोग,
• बवासीर,
• बालों का झड़ना,
• सर्वाइकल,
• गुप्त रोग,
• लकवा,
• मानसिक रोग (डिप्रेशन)
होम्योपैथी से बिना ऑपरेशन पथरी निकली

प्रहलाद सक्सेना, बरेली
9 mm

अरशद, सेंथल
6 mm & 4 mm

राम, बीसलपुर
12 mm
मिलने का समय
प्रातः 11:00 से 4:00 बजे तक
सायं 06:00 से 8:30 बजे तक
रविवार
दोपहर 12 से 2 बजे तक

# नगदी-जेवर व दहेज का सामान जला

## शादी वाले घर में शार्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का नुकसान, परिवार वाले बेहाल

संवाददाता, ककराला

• ककराला कस्बे के वार्ड 23 में हुआ हादसा, बेटी की शादी के लिए इकट्ठा किया था सामान

**अमृत विचार :** शार्ट सर्किट से एक घर में आग लग गयी जिससे घर में रखा पुत्री के दहेज का सामान, जेवर तथा नगदी जल कर राख हो गयी। आग लगने से लाखों का नुकसान बताया जा रहा है। पीड़ित परिवार अब खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है।

कस्बा के वार्ड 23 निवासी बाबू पुत्र मजहर अली की पुत्री की दो महीने बाद शादी है। बाबू पुत्री की शादी में लिए सामान खरीद कर लाया था। घरेलू सामान के अलावा घर में नगदी भी रखी थी। रविवार को शार्ट सर्किट से आग लग गयी। आग ने पूरे घर को अपने आगोश में ले लिया। घर में रखा दहेज का सामान जल कर राख हो गया। अनाज कपड़ा, 65 हजार की नगदी और सोने चांदी के आभूषण आग की भेंट चढ़ गए। शादी के लिए जुटाया गया दहेज का सामान और अन्य लाखों का सामान जल कर राख हो गया।

रोती-बिलखती गृह स्वामिनी और चारपाई पर पड़े जले नोट।


आग में जलने से बची चीजें निकालते परिवार वाले। • अमृत विचार

ग्रामीणों ने आग पर किसी तरह काबू पाया। आग में सब कुछ राख होने के बाद पूरा परिवार बेहाल है। बाबू ने बताया कि आग लगने से दो लाख से अधिक का सामान जल कर राख हो गया। अब उसका परिवार खुले आसमान के नीचे रह रहा है।

## बच्चों के विवाद में एक को जमकर पीटा, घायल

**बिल्सी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव नागर झूना में रविवार की सुबह बच्चों में खेलते हुए कुछ विवाद हो गया। उन्हें समझा-बुझाकर कर शांत कर दिया गया। बाद में इसी बात को लेकर बड़ों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। जिसमें एक युवक को धारदार हथियार से घायल कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दी है। जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है। गांव निवासी कमल पुत्र भगवानदास और धर्मवीर सिंह के छोटे-छोटे बच्चों में कुछ विवाद हो गया। जिसे गांव के लोगों ने शांत कर दिया। बाद में इसी बात को लेकर बड़ों में कहासुनी होने के बाद मारपीट होना शुरू हो गई। जिसमें कमल को कुछ लोगों ने लोहे के धारदार हथियार से घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल कमल का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच में जुट गई है।

# टेंपो की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, महिला की जान गई

कार्यालय, संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बरेली-मथुरा राजमार्ग पर कोतवाली उझानी क्षेत्र में तेज रफ्तार टेंपो ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। ई-रिक्शा में बैठी एक महिला की मौत हो गई जबकि एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। सभी को अस्पताल ले जाया गया। घायल महिला की हालत गंभीर होने पर सैफई के राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

मृतका नन्हीं देवी।

उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव भिलौलिया निवासी नन्हीं देवी (50) पत्नी रतन देव शनिवार को किसी काम से बदायूं शहर आई थीं। काम निपटाने के बाद शाम को वह घर वापस जाने लगीं। रास्ते में उनके गांव के कुछ लोग मिल गए। सभी लोग ई-रिक्शा में बैठ गए। बरेली-मथुरा राजमार्ग पर कोतवाली सिविल लाइन और उझानी सीमा के गांव जजपुरा के पास टेंपो ने पीछे से ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ई-रिक्शा राजमार्ग पर पलट गया। नन्हीं देवी के सिर पर चोट लगी। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ई-रिक्शा चालक धर्मेंद्र, किशोरी देवी पत्नी अनार सिंह समेत एक अन्य महिला घायल हो गई। राहगीरों ने घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा। जहां चिकित्सक ने नन्हीं देवी की मौत की पुष्टि कर दी। जबकि किशोरी देवी को रेफर किया गया है। बाकी दोनों घायलों की स्थिति ठीक है। पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया।

# रिपोर्ट दर्ज, पर आरोपियों को नहीं पकड़ रही पुलिस

• दहेज के लिए बेटी को मारने का ससुरालियों पर लगाया आरोप

**उझानी, अमृत विचार :** कोतवाली उझानी क्षेत्र के मोहल्ला नारायणगंज की प्रेम मिल कॉलोनी निवासी सुधीर कुमार त्रिवेदी की बेटी अंजलि की शादी लगभग चार चार पहले बरेली के थाना इज्जतनगर क्षेत्र की महानगर कॉलोनी निवासी अभिनव तिवारी पुत्र अनिल तिवारी के साथ हुई थी।

सुधीर कुमार का आरोप है कि शादी के बाद से ही बेटी के ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में लग्जरी कार मांगने लगे थे। मांग पूरी न होने पर मारपीट करते थे। जान से मारने की धमकी देते थे। आरोप है कि ससुरालीजनों ने 3 अप्रैल को विषाक्त पदार्थ मिलाकर खाना खिला दिया। जिससे अंजलि की मौत हो गई। शव को घर में ही छिपाकर रख दिया था। पड़ोसियों की जानकारी देते पर बेटी की मौत की जानकारी हुई थी। सुधीर कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी लेकिन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है। शिकायत करने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो रही है।

## युवक को रास्ते में घेरकर पीटा, धमकी

**बदायूं, अमृत विचार :** तीन युवकों ने बाइक सवार एक युवक को रास्ते में घेर लिया। लाठी-डंडे और सरिया से वार करके घायल कर दिया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। घायल के पिता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

सिविल लाइन क्षेत्र के गांव भरकुइया निवासी सोमवीर सिंह पुत्र हरिशंकर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका बेटा विकास पटेल 15 अप्रैल रात लगभग 9 बजे बाइक से माल गोदाम रोड स्थित अपनी दुकान से आवास विकास जा रहे थे। आवास विकास गेट पर सिद्धार्थ, अनिल चौधरी, विवेक गुप्ता ने उनका रास्ता घेर लिया। विरोध करने पर विकास पटेल पर लाठी-डंडे, सरिया से सिर पर वार करके घायल कर दिया। वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। मौके पर भीड़ जमा हो गई। आरोपियों ने कहा कि कहीं शिकायत की तो जान से मार देंगे और असलाह लहराते हुए भाग गए।

# दोस्तों के साथ स्नान करने के दौरान पॉलीटेक्निक का छात्र गंगा में लापता

संवाददाता, कछला

**अमृत विचार :** गंगा स्नान करने के लिए भागीरथी घाट पर आए पॉलीटेक्निक का छात्र गहरे पानी में चला गया और डूब गए। गोताखोरों की तीन टीमों ने गंगा में छात्र की तलाश की लेकिन शाम तक कुछ पता नहीं चल सका।

बिहार राज्य के जिला बेगूसराय निवासी मुनीश कुमार पुत्र अनिल जिला कासगंज के याकूतगंज स्थित एमएमआईटी पॉलीटेक्निक से इलेक्ट्रिकल ट्रेड के तृतीय वर्ष के छात्र थे। वह अपने साथी सागर, मोहित, इंद्रजीत, प्रमेंद्र, सतीश, रामशरण पटेल और नागेंद्र के साथ रविवार के अवकाश को शाम के समय गंगा स्नान करने के लिए कछला स्थित भागीरथी घाट गए थे। वह अन्य साथियों के साथ स्नान कर रहे थे। इसी दौरान मुनीश कुमार गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। उनके साथियों ने शोर मचाया। घाट पर मौजूद गोताखोरों ने गंगा में छलांग लगा दी। नाविक भी डूबने की ओर गए लेकिन पानी का बहाव ज्यादा होने से मुनीश कुमार का कुछ पता नहीं चला। सूचना पर कछला चौकी इंचार्ज हरवीर सिंह पहुंचे। उन्होंने छात्र की तलाश करने को गोताखोरों की तीन टीमें बनाकर गंगा में भेजा। उझानी के इंस्पेक्टर मनोज कुमार घाट पर पहुंचे। छात्रों से जानकारी की। वहीं उनके कॉलेज के छात्र घाट पर आ गए। पुलिस के इंतजाम नाकाफी बताते हुए लापरवाही का आरोप लगाया। देर शाम तक छात्र की तलाश नहीं हो सकी।

छात्र के डूबने के बाद घाट पर मौजूद लोग। • अमृत विचार

मुनीश कुमार।

## ठेला हटाने को कहने पर चालक पर सरिया से हमला, रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र कस्बा आसफपुर निवासी कृष्ण मिश्रा पूर्व सैनिक हैं। उन्होंने कोतवाली बिसौली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 15 अप्रैल देर शाम वह अपनी और अपनी भाई की पौती अपर्णा की दवा लेने के लिए अस्पताल गए थे। बिसौली कस्बा में सोमवार बाजार में एक अस्पताल से दवा लेकर गाड़ी मोड़ रहे थे। इसी दौरान वीरेश, राजेश पुत्र कुंवरसेन से उनका ठेला हटाने को बोला लेकिन उन्होंने ठेला नहीं हटाया और गाली देने लगे। गाली का विरोध करने पर वीरेश, राजेश व अन्य लोग गाड़ी चला रहे कृष्ण मिश्रा के भतीजे पशुपति से भिड़ गए। लोहे की सरिया लेकर आए और पशुपति पर वार किया। पशुपति के सिर में सरिया लगी। वह घायल हो गए। घायल हालत में छोड़कर चले गए। पुलिस ने आरोपी वीरेश, राजेश और दो अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमला, मारपीट और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

अमृत विचार
Lifelines OF BAREILLY
MEDICAL
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG + ECHO + TMT + HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- • घबराहट • छाती में दर्द या भारीपन • सांस फूलना • पैरों में सूजन • हाई ब्लडप्रेशर • हाई कोलेस्ट्रोल • डाइबिटीज (शुगर) • सीने या पेट में जलन या दर्द • हार्ट अटैक • हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली

NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- • वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, • प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, • नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, • पीलिया का इलाज, • दिमागी बुखार, • मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE

डॉ. अरशद अली
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी.
कन्सलटेंट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376

सब पैथोलॉजी
सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

# बाइकों की भिड़ंत में मामा भांजे की मौत, तीन घायल

संवाददाता, ककराला

• शनिवार देर शाम थाना उसहैत क्षेत्र में गौरामई और बिचौना मार्ग पर हुआ हादसा

**अमृत विचार :** थाना उसहैत क्षेत्र में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में मामा की मौके पर मौत हो गई जबकि उनके भांजे समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बरेली ले जाते समय भांजे की भी मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया।

अलापुर थाना क्षेत्र के कस्बा ककराका के वार्ड 19 निवासी मुन्ने खां पुत्र छोटे अपने भांजे अब्दुल रहीम पुत्र सुब्हान के साथ उसहैत से बदायूं की ओर बाइक से आ रहे थे। गांव गौरामई से बिचौना के बीच पुलिया के पास बदायूं की ओर से तेज रफ्तार से आई बाइक से उनकी बाइक की सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक पर सवार पांच लोग सड़क पर जा गिरे। मुन्ने खां और अब्दुल रहीम खून से लथपथ हो गए। मुन्ने खां ने मौके पर दम तोड़ दिया।

अब्दुल रहीम।

जबकि अब्दुल रहीम, दूसरी बाइक पर सवार थाना उसहैत क्षेत्र के गांव बिरिया डांडा निवासी गुरुदेव, जिला कासगंज के थाना सिकंदरपुर वैश्य क्षेत्र के गांव तिलक नगला निवासी आदेश को जिला अस्पताल ले जाया गया।

जहां से अब्दुल रहीम को रेफर किया। परिजन उन्हें बरेली ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। परिजन बेहाल हो गए।

## उधार ली रकम मांगने पर किया हमला

**बदायूं, अमृत विचार :** पिता-पुत्र ने अपने घर का लिंटर डलवाने के लिए गांव के व्यक्ति से 1.60 लाख रुपये उधार लिए। निर्धारित समय पूरा होने पर रुपये वापस मांगे तो पिता-पुत्र ने धारदार हथियार से हमला करके युवक को घायल कर दिया।

मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव रसूला निवासी राम सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अनुसूचित जाति से हैं। गांव निवासी विद्याराम पुत्र रुद्र और उनके बेटे नन्हें ने 15 मई 2021 को उनसे एक लाख 60 हजार रुपये उधार लिए थे। कहा था कि घर का लिंटर डलना है रुपयों की जरूरत पड़ रही है। छह महीने बाद रुपये वापस कर देंगे। तय समय गुजरने पर राम सिंह ने रुपये मांगे। 2 अप्रैल को दोपहर चार बजे गांव निवासी भिखारी पुत्र झांझन और मुरारी के सामने उन्होंने अपने रुपये वापस मांगे। तो पिता-पुत्र ने धारदार हथियार से हमला कर दिया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। राम सिंह घायल हो गए। आइंदा रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।

# एफएलएस से शुरू किया गया पर्यावरण संरक्षण अभियान

पौधारोपण करते आचार्य संजीव रूप आर्य। • अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** नगर के बदायूं रोड स्थित फ्यूचर लीडर्स स्कूल (एफएलएस) में शनिवार को जिले में पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रही अरिहंत वृक्षारोपण समिति के संस्थापक प्रशांत जैन ने 51 पौधे रोपकर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि प्रकृति और जीवन के अनूठे तालमेल को संतुलित बनाए रखने के लिए मौसमी और औषधीय पौधों को लगाना चाहिए। क्षेत्र में 51 हजार पौधों को लगाने का लक्ष्य रखा गया है। आचार्य संजीव रूप, विष्णु असावा, पीयूष वार्ष्णेय, प्रशांत दीक्षित, अनुज शर्मा, अमित माहेश्वरी आदि ने यहां पौधे लगाए। विद्यालय डायरेक्टर वीपी सिंह ने कहा कि स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ जीवन का आधार है। एमडी राहुल कुमार सिंह, प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह, एकेडमिक हेड सीके शर्मा, डिसिप्लिन इंचार्ज बृजेश पाल सिंह, जूनियर कॉर्डिनेटर परमेंद्र सिंह, प्री प्राइमरी कोर्डिनेटर राखी गुप्ता, अंकित सिंह रहे।

# परंपरागत से मोहभंग, औषधीय खेती की ओर रुझान

केपी शर्मा, बदायूं

• डा. रामस्वरूप सिंह ने अपने खेतों में लगाया कंटीला

**अमृत विचार:** खेत खलिहानों में उगने वाली वनस्पतियां औषधीय गुणों से भरी पड़ी हैं। मगर उनके मूल तत्व की जानकारी न होने के कारण लोग उन्हें केवल कंटीला पौधा जानकर अनदेखी कर देते हैं। खेत खलिहानों में मिलने वाले कंटीले पौधे न केवल निरोगी बनाते, बल्कि शारीरिक क्षमता में कई गुना वृद्धि भी करते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि कंटीला से निकलने वाला तरल पदार्थ सर्दी बुखार और कमजोरी में रामबाण की तरह काम करता है। इसलिए जागरूक किसान इसकी खेती करने लगे हैं।

आयुर्वेद में वनस्पतियों से तैयार की गयी दवाएं मिलती हैं। इन दवाओं की विशेषता यह है कि बीमारी को जड़ से खत्म कर देती हैं। जबकि एलोपैथिक दवाओं से हमें त्वरित राहत तो मिल जाती है, लेकिन बीमारी का जड़ से विनाश नहीं हो पाता है। इसलिए आयुर्वेद में वनस्पतियों से तैयार की गयी दवाएं निरोगी काया देने के लिए जानी जाती हैं। खेत खलिहानों की मेड़ और खाली पड़ी जगहों पर कई तरह के औषधीय पौधे खड़े रहते हैं। मगर हमें उनके मूल तत्व की जानकारी नहीं होने से अनुपयोगी मान लिए जाते हैं। इसी तरह का कंटीला पौधा है।

करीब दो फीट ऊंचाई वाला यह पौधा कांटेदार होता है। इस पौधे से लोग बचकर निकल जाते हैं, या फिर अज्ञानता वश इसे उखाड़कर फेंक देते हैं। इस पौधे में पीला और सफेद फूल आता है। इसका तना काटने पर उसमें से पीले रंग का तरल पदार्थ निकलता है। यह तरल पदार्थ है इस पौधे का मूल तत्व है, जो कई प्रकार के गुणों से भरपूर है।

डा. रामस्वरूप सिंह।

कटीला से निकलने वाला तरल पदार्थ बुखार, खांसी और जुकाम में रामवाण की तरह काम करता है। इस पौधे के तने से निकलने वाले तरल पदार्थ को किसी बर्तन में रखकर उसे पानी के साथ ले लें। उसके बाद बुखार और जुकाम खत्म हो जाता है। औषधीय जानकारों का कहना है कि कंटीला से निकलने वाले तरल पदार्थ को लेने से शारीरिक शक्ति में वृद्धि होती है।औषधियों पर शोध करने वाले डा. रामस्वरूप सिंह का कहना है कि कंटीला उत्तर प्रदेश में केवल कांटो वाला पौधा समझा जाता है। जबकि हिमाचल प्रदेश में इसकी खेती की जाती है। हिमाचल प्रदेश में कंटीला काटकर मंडियों में पहुंचाया जाता है। वहां इससे अच्छी आय होती है। करीब 10 हजार रुपये क्विंटल बिकने वाला कंटीला से औषधियां तैयार की जाती हैं, जो आयुर्वेद के बाजार में धड़ल्ले से बिक रहीं है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश के किसानों की सलाह पर उन्होंने यहां पर कई किसानों को इसकी खेती करने के लिए प्रेरित किया है।ग्राम रूपापुर के किसान जगमोहन ने करीब पांच बीघा खेत में कंटीला लगाया है। कंटीला को कोई पशु क्षति नहीं पहुंचाता है, और न ही इसकी चोरी होने का डर रहता है। जगमोहन ने बताया कि वह मई में इसे काटकर हिमाचल प्रदेश की मंडी ले जाएंगे।

डा. रामस्वरूप सिंह के खेत में खड़े कंटीला के पौधे। • अमृत विचार

> जिले में कंटीला की खेती पहली बार इस साल एक किसान ने की है। कटीला की खेती के बारे में लोगों को जानकारी नहीं है इसलिए इसका रकबा नहीं है। यदि जगमोहन को इस बार फायदा होता है तो अन्य किसान अपनी परंपरागत खेती से हट कर कटीला की खेती करेंगे। कटीला से औषधियां तैयार की जाती हैं। मगर इसकी मंडी इधर नहीं है। इसलिए बिक्री के लिए बाहर ले जाया जाता है।
> – **मनोज कुमार**, जिला कृषि अधिकारी

खबरें पेज 7 पर भी

## शहर में आज

- आम आदमी पार्टी की बैठक शिक्षक प्रकोष्ठ कार्यालय अशोक नगर पर सुबह 10 बजे से।
- लोकसभा चुनाव को लेकर कलेक्ट्रेट पर नाम वापसी सुबह10 बजे से
- मानव सेवा समिति द्वारा मतदाता जागरुकता को लेकर गोष्ठी अशोक नगर कार्यालय पर सुबह 10 बजे से
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा श्रीवराह मंदिर से हरि की पौड़ी परिक्रमा शाम सात बजे से।

## एक नजर

### बरी मंदिर पर विशाल मेला 23 को

**गंजडुंडवारा।** कस्बा के समीपवर्ती मोहनपुर रोड स्थित बरी मंदिर पर हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सुबह छह बजे से गायत्री महायज्ञ, 10 बजे सुंदरकांड का पाठ, दोपहर दो बजे श्री हनुमानजी की अनेकों झांकियां के साथ शोभायात्रा यात्रा समीपवर्ती गांव में तथा तीन बजे सामूहिक संकीर्तन होगा। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### अनुमति को ऑनलाइन सुविधा पोर्टल संचालित

**कासगंज।** उपजिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम राकेश कुमार पटेल ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सुविधा पोर्टल संचालित है। प्रत्याशी रोड शो, सार्वजनिक सभा, रैली, जुलूस, वाहन परमिट आदि की ऑनलाइन अनुमति प्राप्त करने के लिए सुविधा पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### 25 क्वार्टर शराब के साथ एक गिरफ्तार

**कासगंज।** ढोलना थाना पुलिस ने मिली सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जामा तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 25 क्वार्टर अवैध देसी शराब के बरामद हुए हैं। इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह ने बताया कि आरोपी खजान सिंह निवासी गांव छावनी थाना ढोलना के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया है। जहां से आरोपी को जेल भेजा गया है।

# चुनाव में खपाने के लिए हरियाणा से लाई जा रही थी शराब, तस्कर पकड़ा

## कासगंज पुलिस ने अंतर जनपदीय सीमा पर ढाई लाख की शराब की बरामद

कार्यालय संवाददाता कासगंज

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए जहां एक ओर लोग सक्रिय हो गए हैं, वहीं अवैध कारोबार के तस्कर भी सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। चुनाव में अवैध शराब को बढ़ावा देने वाले आगे दिखाई दिए हैं। कासगंज जिले की अंतर जनपदीय सीमा पर हरियाणा का तस्कर अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के बाद इसे न्यायालय भेजा गया है। पुलिस हर पहलु पर जांच कर रही है।

रविवार को एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर सीओ सिटी अजीत चौहान के नेतृत्व में सदर कोतवाली एवं सर्विलांस टीम अंतर जनपदीय सीमा के बैरियर पर चेकिंग कर रही थी। सिकंदराराऊ रोड पर नगला डुकरिया के पास चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। उसकी कार की चेकिंग की गई तो कार में अवैध शराब की पेटियां भरी हुई थीं। यह शराब हरियाणा मार्का की थी। पुलिस ने कार चालक से गहनता से पूछताछ की तो वह तस्कर निकला। उसने अपना नाम हरियाणा प्रदेश के जिला फरीदाबाद के गांव अडगपुर निवासी कपिल भड़ाना बताया।

बरामद शराब की कीमत ढाई लाख रुपये है। पूछताछ के बाद पुलिस ने शराब जब्त कर ली और आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया। जहां से उसे जेल भेजा गया है।

सदर कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया तस्कर एवं बरामद शराब।

- एक तस्कर को किया गिरफ्तार पूछताछ के बाद भेजा न्यायालय

हरियाणा प्रदेश से तस्करी कर कासगंज में शराब लाई जा रही थी। अंतरजनपदीय बैरियर पर चेकिंग के दौरान शराब बरामद कर ली गई। आरोपी तस्कर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। – **अपर्णा रजत** कौशिक, एसपी

### कार्यवाही से मची खलबली

पुलिस चुनाव के मद्देनजर दिन–रात हर गतिविधि पर नजर रख रही है। हरियाणा प्रदेश की शराब बरामद कर अवैध कारोबारियों में पुलिस ने खलबली मचा दी है और संदेश दिया है कि चप्पे चप्पे पर संघन चेकिंग होगी।

## पांच अपराधियों को गैंगस्टर में किया निरुद्ध

**कासगंज, अमृत विचार :** जिला जेल में निरुद्ध पांच अपराधियों को पुलिस ने गैंगस्टर में निरुद्ध किया है। डीएम के अनुमोदन के बाद सदर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की है।

इंस्पेक्टर रामवकील सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में गैंग बनाकर अपने सदस्यों के साथ मादक पदार्थों की तस्करी, मोबाइल चोरी सहित अन्य संगीन अपराधों में संलिप्त आरोपी अनस निवासी बड्डू नगर, मोहित शर्मा निवासी अमर कॉलोनी मीहा नगर शादरा दिल्ली, दीपक कुमार निवासी शादरा दिल्ली, बंटी निवासी सलेमपुर फर्रूखाबाद, अमर निवासी मुहल्ला बहादुरा पुराने बस स्टैंड के पास मथुरा के विरुद्ध जिलाधिकारी सुधा वर्मा को उत्तर प्रदेश गिरोह बंद, समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम 1986 के तहत कार्यवाही के लिए पत्रावली लिखी गई थी। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही की गई है।

# घर में घुसकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- न्यायालय के आदेश से आरोपी के विरुद्ध दर्ज हुई एफआईआर

**अमृत विचार :** सोरों कोतवाली के गांव में घर में घुसकर आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता एवं उसके परिजन आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली से लेकर एसपी से तक भटके, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज विवेचना शुरू की है।

घटना सात मार्च की है। सोरों कोतवाली के गांव की किशोरी घर में पर अकेली थी। मां पशुओं के लिए चारा लेने गई थी।

आरोप है कि तभी गांव का जयप्रकाश किशोरी को घर में अकेला देख घुस आया और उसे जबरन खींचकर कमरे में ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी चीखी चिल्लाई तो आवाज सुन ग्रामीणों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। मामले में पीड़िता के परिजनों ने कोतवाली में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

पीड़ित परिवार उच्च अधिकारियों के यहां भी गुहार लगाने गया, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद कोर्ट की शरण ली।

न्यायालय ने सोरों कोतवाली से आख्या तलब की। कोतवाली की आख्या के बाद न्यायालय ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि न्यायालय के आदेश से आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

# चुनाव के दौरान सुरक्षा की तैयारी में न रह जाए कोई कोर कसर

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार देर रात एसपी ने कोतवाली पटियाली एवं थाना सिढ़पुरा का निरीक्षण किया। चुनाव संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। अधीनस्थों को समय रहते तैयारी पूरी कर लेने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि कहीं लापरवाही सामने आयी तो कार्रवाई होगी।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक अचानक कोतवाली पटियाली एवं थाना सिढपुरा पहुंचीं। एसपी को देखकर मौजूद पुलिस कर्मियों में अफरा तफरी मच गई। एसपी ने दोनों थानों पर चुनावी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने थाने पर तैयार किया गया चुनाव रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर नंबर-8, शस्त्र रजिस्टर एवं लाइसेंसी शस्त्रों के भौतिक सत्यापन की स्थिति एवं वल्नरेबल गांवों, मतदान केंद्रों का भ्रमण, शस्त्र निरस्तीकरण की कार्रवाई, गुंडा एवं हिस्ट्रीशीटरों, वांछित तथा एनबीडब्लू एवं टॉप-10 अपराधियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई को देखा। निरीक्षण के बाद अधीनस्थों के साथ बैठक कर एसपी ने कहा कि थाना क्षेत्रों की सीमा पर लगे बैरियरों पर निरंतर सघन चेकिंग कराई जाए। एसडीएम पटियाली कुलदीप सिंह, सीओ पटियाली विजय कुमार राणा के अलावा पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

थाना सिढपुरा में चुनाव रजिस्टर चेक करतीं एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

- एसपी ने कोतवाली पटियाली एवं सिढ़पुरा का किया निरीक्षण

## जिला बदर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सोरोंजी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी द्वारा जिला बदर किया गया आरोपी जिले में ही घूम रहा था। सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेजा है।

बदरिया निवासी अमित को बीते दिनों जिला बदर किया गया था। रविवार को इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी को जानकारी मिली कि जिला बदर अमित जिले की सीमा में ही रह रहा है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया। जहां से जेल भेजा गया है। वहीं इंस्पेक्टर ने कोतवाली क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों को कोतवाली में बुलाकर उन्हें अपराधिक दुनिया छोड़कर सामाजिक जीवन जीने और मर्यादा में रहने की सीख दी। चेतावनी दी कि अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई शिकायत मिली तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हिस्ट्रीशीटरों ने पुलिस को आश्वस्त किया कि वह अब सामाजिक जीवन जीएंगे।

# फंदे से लटका मिला महिला का शव

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** थाना सिढ़पुरा के गांव सरावल में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई। उसका शव घर के कमरे में फंदे पर झूलता मिला है। सूचना पर पुलिस ने मौके पहुंची है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। विवाहिता की मौत से परिजनों और ससुरालीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सीओ ने घटना स्थल का निरीक्षण कर परिजनों से पूछताछ की है।

सरावल नगर निवासी रिंकेश की 25 वर्षीय पत्नी नीलम शनिवार की रात घर के ऊपरी कमरे में चली गई थी। जब काफी देर तक वह नीचे नहीं आयी तो परिजनों ने ऊपर जाकर देखा तो उनके पैरों से जमीन खिसक गई। नीलम का शव कमरे में पंखे पर झूल रहा था। ससुरालीजन विलाप करने लगे। चीख पुकार की आवाज सुन आसपास के लोग भी रिंकेश के घर पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी थाना सिढ़पुरा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सिढ़पुरा के इंस्पेक्टर राधेश्याम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना के संबंध में जानकारी ली और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ पटियाली ने भी घटना स्थल का निरीक्षण कर परिजनों और ससुरालीजनों से पूछताछ की है।

परिजनों से पूछताछ करते सीओ विजय कुमार राणा। ● अमृत विचार

- पुलिस ने किया मौके का निरीक्षण, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

प्रथम दृष्टया मामला खुदकुशी का प्रतीत हो रहा है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। यदि कोई तहरीर मिलेगी तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। – **विजय कुमार राणा**, सीओ पटियाली

### फोरेंसिक टीम ने एकत्रित किए नमूने

एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर फोरेंसिक टीम गांव सरावल में घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। घटना से संबंधित फोटोग्राफ और साक्ष्य एकत्रित किए हैं, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

# महावीर शोभायात्रा में सड़कों पर गूंजा जियो और जीने दो का संदेश

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** जेनेंद्र नामी दुपट्टा डाले जैन समाज के धर्मालंबियों की कतार से शहर भर में अंहिसा का संदेश दिया गया। जन्म जयंती पर रविवार को भगवान महावीर की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बैंडबाजों के साथ शोभायात्रा को नगर भर में भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा में जैन बंधु भगवान महावीर की जय जयकार कर रहे थे। शोभायात्रा से पहले जैन मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान हुए।

सुबह नदरई गेट स्थित जैन मंदिर पर जैन धर्म के अनुयाइयों का पहुचंने का क्रम शुरू हो गया। माथे पर तिलक चंदन, गले में जैनेंद्रनामी दुपट्टा डाले जैन समाज के महिला, पुरुष व बच्चे उत्साहित थे। मौका था सत्य, अंहिसा के संवाहक भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव का। जैन धर्मावलंबियों ने स्थानीय नदरई गेट स्थित जैन धर्मशाला में भगवान महावीर स्वामी की विधि विधान से पूजा अर्चना की। इसके बाद भगवान महावीर स्वामी की शोभायात्रा निकाली गई। जैन धर्मशाला नदरई गेट से प्रारंभ हुई शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई स्थानीय बिलराम गेट स्थित जैन मंदिर पहुंची। जहां महावीर स्वामी के अभिषेक के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ। सुबह जैन बंधुओं ने नगर में प्रभात फेरी निकाल जन जागरण किया। जगह-जगह नागरिकों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। पालिकाध्यक्ष मीना माहेश्वरी, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेंद्र बौहरे, आकाश जैन, मोहित जैन, शेखर जैन, हर्षित जैन, नवीन जैन, अंकित जैन, गिरीश चंद्र, विजय सिंह जैन, विनय कुमार जैन, दिनेश जैन, पारस जैन, आकांक्षा जैन, रीतेश जैन, नीरज जैन, कविता जैन, रंजन जैन, प्रिया जैन, अर्चना जैन, राधिका जैन, सीमा जैन, अक्षत जैन, नवीन जैन, दीपक जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग मौजूद रहे।

शोभायात्रा में शामिल अतिथि पालिकाध्यक्ष मीना माहेश्वरी एवं जैन समाज के लोग।

- जैन धर्मलांबियों द्वारा मनाई गई भगवान महावीर की जयंती
- जैन रथ मेला कमेटी ने निकाली भव्य शोभा यात्रा

## जुआ के अड्डे पर पुलिस का छापा पांच गिरफ्तार

**कासगंज, अमृत विचार :** अमांपुर थाना पुलिस ने मिली सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के गांव में जुए के अड्डे पर छापा माराकर जुआ खेलते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 7550 रुपये बरामद किए।

अमांपुर के इंस्पेक्टर हरिभान सिंह राठौड़ को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर जुए हो रहा है। जानकारी पर इंस्पेक्टर ने पुलिस बल के साथ जुए के अड्डे पर छापा मारा। पुलिस को देखते ही जुआ खेल रहे लोग भागने लगे। पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से 7550 रुपये मिले। आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। जहां उनके विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया है। जहां से आरोपियां के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की गई है।

# अधिकारी टीम भावना के साथ आपस में समन्वय बनाकर सतर्कता से करें कार्य

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में रविवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए बैठक हुई। बैठक में पूरे लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में तैनात लेखा टीमों, वीडियोग्राफी टीमों तथा अन्य टीमों के कार्यों की डीएम ने समीक्षा की। अधिकारियों को टीम भावना के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम सुधा वर्मा ने समीक्षा करते हुए कहा कि सभी टीमों के सदस्य अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी और समयबद्धता के साथ निर्वहन करना सुनिश्चित करें। भारत निर्वाचन आयोग के नियमों तथा व्यय प्रेक्षक के दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन व्यय के लिए तैनात टीमें नियमित रूप से अपना कार्य कर प्रारूप के अनुसार पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। नामांकन के वीडियो देखकर आयोग के निर्देशानुसार सीडी और डीवीडी के साथ निर्धारित प्रारूप पर लेखा जोखा तैयार किया जाए। चुनाव प्रचार के लिए जिले में स्टार प्रचारक आएंगे। कलेक्ट्रेट परिसर के अनुमति कक्ष में प्राप्त होने वाले आवेदनों को चैक कर वहां से कार्यक्रम के संबंध में पूरी जानकारी अवश्य प्राप्त कर ली जाए। सभी टीमों के सदस्य आपस में मिलजुल कर पूर्ण निष्पक्षता एवं सतर्कता के साथ कार्य करें। निर्वाचन व्यय नोडल अधिकारी एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी एवं एलडीएम लेखा टीमों के कार्यों को प्रतिदिन चैक करें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार पटेल ने भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में निर्वाचन लेखा एवं वीडियोग्राफी टीमों में तैनात सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

कलक्ट्रेट सभागार में लेखा एवं वीडियोग्राफी टीमों के साथ बैठक कर निर्देश देतीं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधा वर्मा। ● अमृत विचार

- डीएम ने की लेखा, वीडियोग्राफी टीमों के कार्यों की समीक्षा
- अधिकारियों को निष्पक्षता के साथ कार्य करने के दिए निर्देश

### गंजडुंडवारा से लापता वृद्ध हाथरस में मिला

**गंजडुंडवारा।** कस्बा के गांधी रोड निवासी 78 वर्षीय वृद्ध शनिवार की सुबह घर से लापता हो गए थे, पुलिस ने पुत्र की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर कुछ ही घंटो में बुजुर्ग को हाथरस से खोज लिया। 78 वर्षीय बांकेलाल वर्मा शनिवार की सुबह घर से कहीं गए थे। काफी देर तक घर वापस नहीं आने पर परिजनों ने तलाश किया। परंतु जानकारी नहीं हुई। परिजनों ने पुलिस में प्रार्थना पत्र देते हुए बांकेलाल को खोजने की गुहार लगाई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी और महज 12 घंटे के अंदर ही हाथरस से लापता को तलाश लिया। इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने कहा कि गुमशुदगी दर्ज कर लापता व्यक्ति को हाथरस से खोज कर परिजनों के सुपुर्द किया।

### जिला बदर गिरफ्तार

**कासगंज।** अमांपुर कोतवाली पुलिस ने मिली सूचना के आधार पर जिला बदर आरोपी राजकुमार निवासी नगला संतरी थाना अमांपुर को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर हरिभान सिंह राठौड़ ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध थाना अमांपुर में अपराधिक मामले दर्ज हैं। उसे जिला बदर किया गया था। इसके बाद बावजूद भी वह जिले की सीमा में घूम रहा था।

**मुद्दे की बात** जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने उनकी पहचान के लिए कभी नहीं दिया ध्यान

# अपने ही घर में बेगाने होकर कोठरी में कैद हो गए खुसरो

## कैद से बाहर आएं खुसरो

संवाददाता, गंजडुंडवारा

**अमृत विचार :** फैली है जिसके इल्म की दुनिया में रोशनी गुमनाम सा लगाता है वो अपने शहर उक्त पंक्तियां अमीर खुसरो पर पूरी तरह सत्य साबित होती हैं। देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी सूफी संत के नाम से पहचान रखने वाले कवि अमीर खुसरो अपनी ही धरा पर बेगाने हो गए। कभी भी नेताओं और अधिकारियों ने उनकी ओर ध्यान नहीं दिया। अब लोकसभा चुनाव में खुसरो को भी उनका हक देने की मांग उठ रही है।

भारतीय साहित्य क्षेत्र में अमीर खुसरो एक जगमागते हुए सितारे हैं। जनपद गंगा युमनी संस्कृति का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। कासगंज मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित तहसील पटियाली के मोहल्ला किला परिसर में अमीर खुसरों का 27 दिसंबर को जन्म हुआ। खुसरो दुनिया को शायरी, गजल, वाद्ययंत्र, कव्वाली जैसी विधाएं देने वाले शख्स के रूप में पहचाने जाते हैं। लेकिन जनप्रतिनिधियों और शासन द्वारा रुचि न लेने से ऐसी इल्म देने वाली शख्सियत को अपनी जमीं पर ही भुला दिया गया।

जहां खुसरो का जन्म हुआ वह स्थल ही अतिक्रमण का शिकार है। वहीं कुछ प्रशासक ऐसे भी आए जिन्होंने सूफी संत अमीर खुसरो के महत्व को ध्यान में रखते हुए उनकी स्मृति में कुछ कदम भी उठाये, जिसके चलते कस्बा पटियाली में प्रतिवर्ष अमीर खुसरो महोत्सव भी स्थानीय स्तर पर आयोजित किया गया लेकिन कुछ वर्षों बाद उसका आयोजन भी बंद हो गया। वहीं जिला प्रशासन ने भी अमीर खुसरो के नाम से एक पार्क और लाइब्रेरी का निर्माण कराया, परंतु जनप्रतिनिधियों के रुचि न लेने व प्रशासनिक स्तर पर रख रखाव व देखभाल उचित ढंग से न हो पाने के कारण दोनों ही स्मारक अस्तित्वहीन होते चले जा रहे हैं। जिससे खुसरो अपनी ही घरती पर बेगाने से हो गए हैं।



अमीर खुसरो की कलाकृति।

### अपनी ही जमीं पर नहीं ले रहा कोई सुधि

वर्ष 2015 में तत्कालीन जिलाधिकारी ने मूर्ति लगवाने के लिए पहल की, लेकिन अमीर खुसरो की मूर्ति लगाने का कार्य राजनीतिक विवाद उलझ गया। भाजपा नेता श्यामसुंदर गुप्ता द्वारा जयपुर से मूर्ति भी मंगवा ली गयी। मूर्ति स्थापित करने के लिए खुसरो पार्क में दीवार कटाई का कार्य भी शुरू हुआ, लेकिन विपक्षी नेताओं को यह गवारा नहीं हुआ कि एक मुस्लिम कवि की मूर्ति को भाजपा नेता लगवाएं। इस विवाद के कारण खुसरो की मूर्ति तहसील परिसर में कैद होकर रह गई।

यह बहुत ही निंदनीय है कि साहित्य के सितारे को अपनी ही जमीं पर बेगाना कर दिया गया। जबकि पटियाली क्षेत्र की पहचान उन्हीं से होती है। – **दीपक गुप्ता**, जिला प्रभारी उद्योग व्यापार मंडल

अमीर खुसरो जैसी शख्सियत की स्मृति के लिए जरूरी कदम न उठाना जिम्मेदारों की उदासहीनता को प्रदर्शित करता है। – **नफीस अहमद**, नगर उपाध्यक्ष, युवा व्यापार मंडल, गंजडुंडवारा

खुसरो की स्मृति में जो कुछ भी है वह भी देखरेख के आभाव में अस्तित्व विहीन होते जा रहा है। जो कि उनकी अनदेखी है। उन्हें सम्मान मिले। – **सौरभ गुप्ता**

जिसने शायरी, गजल आदि जैसी विधाएं दीं। ऐसे इल्म देने वाले शख्सियत को उसकी जमी पर भुला देना शर्मशार कर देता है। – **शोएब शेख**

# बाबा साहेब की शोभायात्रा में उमड़ी भीड़

संवाददाता, गंजडुंडवारा

**अमृत विचार :** कस्बा में संविधान शिल्पी बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। अनुयाइयों द्वारा जगह–जगह पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में दर्जन भर से अधिक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाली प्रभारी मय पुलिस बल मौजूद रहे।

कस्बा में बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में 21 अप्रैल को शोभायात्रा निकाली जाती है। मुहल्ला कादरगंज रोड से शोभायात्रा का आरंभ बाबा साओब आंबेडकर समिति के अध्यक्ष मोतीलाल ने फीता काटकर किया। आयोजकों ने प्रतीक चिन्ह देकर व माल्यार्पण कर अतिथियों का स्वागत किया। युवाओं में विशेष उत्साह था। शोभायात्रा में हाथों में संविधान लिए डॉ. भीमराव आंबेडकर, गौतम बुद्ध आदि की झांकियां लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थीं। संविधान निर्माता व गौतम बुद्ध की प्रतिमा भव्य रथ पर शोभायमान थी। शोभायात्रा में शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो आदि मूलमंत्रों की गूंज रही। सुसज्जित झांकियों और बैंड बाजे के साथ शोभायात्रा कादरगंज रोड शुरू होकर राजाराम चौराहा बान मंडी तिराहा स्टेट बैंक रोड हनुमान गढी चौराहा होते हुए वापस कादरगंज रोड पर पहुंची। कोषाध्यक्ष विजय पाल सिंह, महामंत्री बबलू सागर, अजय पाल, वेदप्रकाश, किशन दिवाकर, मोहर सिंह, रवि शाक्य, तारिक महमूद, मनोज कुमार सभासद, सतेंद्र कुमार एडवोकेट, सहित सैकडों लोग मौजूद रहे। शोभायात्रा मे सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से भारी पुलिस बल मौजूद रहे

शोभायात्रा में शामिल डॉ. आंबेडकर की झांकी।

- जगह जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत
- शोभायात्रा में आंबेडकर के नारों से गूंज उठा कस्बा

आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी

बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैंनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैंनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैंनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैंनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल-7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी-16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google

भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट

डा. शेख

Best Sexologist in india

मिलें हर मंगलवार

मालियों की पुलिया बरेली

9837023223



सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)

बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दों Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202


# अधर में लटका धुमरी-सिढ़पुरा मार्ग का निर्माण, वाहन चालक परेशान

## जगह-जगह हुए गहरे गड्ढों से हो रही दुर्घटनाएं, गिरकर चोटिल हो रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** धुमरी-सिढ़पुरा मार्ग पर राह निकलना दूभर है। यहां निर्माणाधीन सड़क पर कार्य रुक गया है। कारण मशीनों में तकनीकी खामी है। उबड़ खाबड़ सड़क पर हादसे हो रहे हैं। लोगों में आक्रोश है और वे अब जल्द ही निर्माण पूरा करने की मांग कर रहे हैं।

धुमरी सिढपुरा मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। मशीनों द्वारा सड़क को खोद दिया गया है। जिससे गिट्टी उखड़ चुकी है। आरसीसी रोड का कार्य चलने के कारण जगह-जगह गिट्टी मोरंग डाल दिया गया है। जिससे सड़क पर पर्याप्त जगह भी नहीं बची है। कस्बे में आरसीसी का कार्य तेजी से चल रहा था।

पांच दिन पूर्व मिक्सर मशीन खराब होने से काम बंद हो गया है। जिसके चलते राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन बाइक सवार रोड पर फिसलते हुए देखे जा रहे हैं। धूल मिट्टी से लोगों का बुरा हाल है। ठेकेदार भी मशीन खराब होने के कारण निश्चिंत बैठा हुआ है। कस्बा वासियों ने जल्द से जल्द सड़क एवं आरसीसी निर्माण के कार्य को पूर्ण करने की गुहार ठेकेदार से लगाई थी, लेकिन कोई कार्य नहीं हुआ।

सड़क किनारे खड़ी खराब मिक्सर मशीन। ● अमृत विचार

सड़क पर गिरे बाइक सवार को उठाते राहगीर।

- **मिक्सर मशीन खराब होने से काम हुआ ठप**

धुमरी –सिढ़पुरा मार्ग पर गिट्टियां डाल दी गई है। निर्माण अधर में लटका है। कोई कार्य अब नहीं किया जा रहा है।

– **ललित किशोर**, राहगीर

आए दिन टूटी हुई सड़क पर हादसे हो रहे हैं। लोग गड्ढों में गिर रहे हैं। कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जल्द निर्माण पूरा हो।

– **केपी सिंह**, राहगीर

बता दें कि कस्बे में आरसीसी का कार्य डेढ़ माह से चल रहा है, लेकिन एक साइड भी पूर्ण नहीं हो सकी है। आरसीसी निर्माण का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के लिए ललित किशोर उर्फ लाला, अभिषेक उर्फ कोच, विक्रम, कैलाश शाक्य, रिंकू, भगवान दास शाक्य, केपी सिंह, शाहरुख खान, आरिफ सहित कई लोगों ने मांग उठाई है।

## राम चरित मानस पाठ का हुआ आयोजन

**जलेसर।** हनुमान जन्मोत्सव एवं कन्यादान समारोह के अंतर्गत पसीने वाले हनुमान मंदिर महावीर गंज में चल रहे सात दिवसीय कार्यक्रम में आज रामचरितमानस पाठ के साथ-साथ सुंदरकांड पाठ किया गया। हनुमान जन्मोत्सव एवं कन्यादान समारोह कार्यक्रम के प्रमुख महंत पवन तिवारी ने बताया कि 23 अप्रैल को आठ कन्याओं का सामूहिक विवाह कन्यादान समारोह एवं प्रसादी एवं भंडारे का आयोजन होगा। सुंदरकांड पाठ के दौरान महंत पवन तिवारी, पंकज तिवारी, विष्णु सराफ, दीपक पालीवाल, सुरेश चंद्र वार्ष्णेय, यतीश चंद्र गुप्ता आदि मौजूद थे।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में बच्चों ने किया प्रतिभाग

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** रविवार को शैक्षिक व सामाजिक संस्था लक्ष्य ने निशुल्क स्वामी ब्रह्मानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया। लक्ष्य आवासीय कोचिंग सेंटर मामूरगंज प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें प्राथमिक वर्ग के 192 एवं उच्च प्राथमिक वर्ग के 175 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी।

लक्ष्य के प्रदेश उपाध्यक्ष रामचंद्र वर्मा ने कहा कि संस्था ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के करियर निर्धारण, शैक्षिक उन्नयन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जिला संगठन मंत्री व प्रदेश संगठन मंत्री मदन राजपूत ने कहा कि प्रतियोगिता में अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रत्येक वर्ग को शील्ड, मेडल व प्रमाण पत्र, सामान्य ज्ञान की पुस्तकें देकर पुरस्कृत किया जाएगा। शेष सभी को प्रणामपत्र व सामान्य ज्ञान की पुस्तकें दी जाएंगी। वरिष्ठ समाजसेवी प्रमोद कुमार, जिला संगठन मंत्री गिरीश कुमार, ब्लाक अध्यक्ष डीके राजपूत, जय प्रकाश, जिला सोशल मीडिया प्रभारी एल वर्मा, नवोदय सेंटर प्रभारी रमेश चंद्र, महीपाल सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, आकाश कुमार, शिवानी सिंह आदि मौजूद रहे।

मामूरगंज सेंटर पर स्वामी ब्रह्मानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता देते परीक्षार्थी।

- **प्राथमिक वर्ग में 192 एवं उच्च प्राथमिक वर्ग में 175 विद्यार्थियों दी परीक्षा**


डॉ. अमन रस्तोगी

BAMS, MD Consultant Physician

- शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात
- पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है।
- पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
- घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार।
- सफेद दाग का गारंटिड इलाज।
- पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।

लाईफ लाइन क्लीनिक

कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली मो. 6398965384



गुप्त रोगी मिलें

डा. मौर्य

जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन

बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651



प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग (4 वर्षीय डिग्री कोर्स) शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग (2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम. (3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम. (2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


# मानव की मनमानी से खतरे में धरती, वेंटीलेटर पर जीवन

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** कुछ दशक पहले के बारे में सोचकर देखें तो नदियों की अविरल धारा, चहुंओर हरियाली, शुद्ध हवा जनमानस की सेहत को ही संजीवनी ही नहीं दे रही थी, बल्कि पृथ्वी पर संकट भी नहीं आने दे रही थी। अब प्रकृति के साथ किए गए खिलवाड़ ने जिले में पर्यावरण संतुलन बिगाड़ दिया है। विश्व पृथ्वी दिवस पर हमें पर्यावरण और जल संरक्षण के साथ ही वन्य जीव संरक्षण की शपथ लेनी होगी।

भूमंडलीय उत्ताप अर्थात ग्लोबल वार्मिंग से पृथ्वी कराह रही है। पशु, पक्षी इंसान सभी ग्लोबल वार्मिंग की चपेट में है। जैव विविधता के लिए संजीदगी दिखाने की जरूरत है। पौधरोपण हो या मिट्टी का क्षरण रोकने के प्रयास, इन सभी पर काम करने की जरूरत है। क्योंकि, पृथ्वी के अस्तित्व पर संकट है और प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही हैं। इससे धरती कराह उठी है। पृथ्वी पर ही जीवन संकट में आने लगा है। वैज्ञानिक दूसरे ग्रहों पर मानव जीवन की तलाश कर रहे हैं। कासगंज जिले में हर साल बाढ़ आती है और कटान होता है। इससे मिट्टी कटकर पानी के साथ बह जाती है। वहीं, गंगा नदी किनारे बालू का खनन हो रहा है। बालू और मिट्टी का क्षरण पृथ्वी के अस्तित्व पर संकट है। इसके अलावा लगभग साढ़े तीन साल पहले फोरलेन के लिए जब पेड़ों का कटान हुआ तो कासगंज का ग्रीन कवर सेटेलाइट से गायब हो गया। हालांकि, गंगा और भागीरथी वन में चार लाख से अधिक पौधे पर्यावरण संरक्षण की मिसाल बन रहे हैं, लेकिन अभी और भी प्रयासों की जरूरत है।

**विश्व पृथ्वी दिवस पर विशेष**

- **वैज्ञानिक जता चुके हैं चिंता बता रहे धरती को है तेज बुखार**
- **धीमे धीमे बढ़ती जा रही है ग्लोबल वार्मिंग की समस्या**

पृथ्वी का अस्तित्व धीमे-धीमे संकट में है। इसका जिम्मेदार जनमानस है। जंगल के कंकरीट की दौड़ में हरियाली को भूल गए। ओजोन की परत भी कमजोर हो रही है।
– **दिवाकर वशिष्ठ**, प्रभागीय निदेशक वन विभाग अलीगढ़

पृथ्वी पर आपदाओं से संकट आ रहा है। हमें प्राकृतिक आपदाओं को रोकने के लिए पर्यावरण का संतुलन बनाना होगा। – **मनोज शर्मा**, संस्थापक दुलार संस्था

मिट्टी का क्षरण रोकने और अधिक से अधिक पौधरोपण की जरूरत है। सामूहिक रूप से हम सभी को प्रयास करना होगा। – **अमित तिवारी**, भौगोलिक इंजीनियर

## श्रीराम व बजरंगबली के जयघोष से गूंज उठा कस्बा

**अमांपुर।** कस्बा के शास्त्री नगर में स्थित श्रीराधा-कृष्ण मंदिर परिसर में शाम 7 बजे से संगीतमय सुन्दरकांड पाठ का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का आरंभ श्रीराम दरबार व बजरंगबली के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर व पूजा-अर्चना कर किया। जिसमें भक्तजनों ने हिस्सा लिया। आरती कर हनुमान जी को भोग लगाने के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। जय श्रीराम व बजरंगबली के जयघोष से कस्बा गुंजायमान हो उठा। पंडित गुड्डू पाराशर, आचार्य गौरव कृष्ण पांडेय ने सुन्दरकांड का पाठ किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य जागन सिंह सोलंकी, राकेश पाराशर, हरिकिशोर मिश्रा, रामनरायन मित्तल, आचार्य विनय प्रताप सिंह, विजय प्रकाश गुप्ता, मनोज गुप्ता, डॉ पवन माथुर, श्रीराम सोलंकी, आकाश गुप्ता सर्राफ, मुकेश माथुर, गौरव गुप्ता, मुनेश शर्मा, सोनू गुप्ता सहित आदि श्रीराम भक्त मौजूद रहे।

## एक नजर

### नवजात के बाद मां ने भी तोड़ा दम

**एटा, अमृत विचार :** नवजात की मौत के अगले दिन महिला की भी हालत बिगड़ गई। परिवार वाले उसे मेडिकल कॉलेज ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। तहसील सदर के गांव नगला मुई निवासी सत्यवीर की पत्नी पूनम (38) ने शनिवार को नवजात को जन्म दिया था। कुछ देर बाद ही नवजात की मौत हो गई। परिवार वाले उसके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे, इसी दौरान पूनम की हालत बिगड़ गई। परिवार वाले उसे मेडिकल कॉलेज ले जाने के लिए निकले लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही पूनम ने दम तोड़ दिया। नवजात बच्चे और पत्नी की मौत से सत्यवीर के घर में कोहराम मच गया है।

### धूमधाम से मनाई जाएगी हनुमान जयंती

**गंजडुंवारा।** कस्बा के रेलवे रोड स्तिथ पंचायती बाग पंचमुखी श्री बालाजी मंदिर पर श्री हनुमान जयंती धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। जिसमें शाम चार बजे सुंदरकांड का पाठ, आरती उपरांत प्रसाद का वितरण किया जाएगा। मंदिर व्यवस्थापक बृजमोहन गुप्ता ने सभी धर्मप्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# गर्मी का प्रकोप: डायरिया, वायरल बुखार और श्वांस के बढ़ रहे मरीज

## दवा लेने के लिए क्लीनिकों पर लगानी पड़ रही लाइन

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** गर्मी के मौसम में लोग तेजी से बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। बीते तीन दिन से बढ़ा गर्मी का प्रकोप डायरिया का जनक बन गया है। इसके साथ ही लोग बुखार, वायरल, खांसी व श्वांस की चपेट में आते जा रहे हैं। जिला अस्पताल के फिजीशियन डाक्टर का कहना है कि इस समय दिन में पड़ने वाली तेज धूप तथा दूषित खान-पान से लोग डायरिया का शिकार हो रहे हैं। इसके साथ ही गेहूं कटाई चल रही है, उससे उड़ने वाली डस्ट श्वांस की बीमारी को बढ़ावा दे रही है। लोगों की जरा सी लापरवाही बीमारी का कारण बन सकती है।

शिशु रोग चिकित्सक प्रदीप कुमार का कहना है कि इस समय पड़ रही बदन को झुलसाने वाली गर्मी आम लोगों को बुखार व खांसी का कारण बन रही है। मौसम में बदलाव के चलते बच्चे भी डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। डा. वीके गुप्ता का कहना है कि इस समय लोग गर्मी में गन्ने के रस का सेवन भी अधिक मात्रा में कर रहे हैं। बहुत से गन्ने का जूस बेचने वाले लोग गंदगी व जमीन में गन्ना डाल देते हैं।

इसके बाद ग्राहक आने पर उसी गन्ने का रस निकाल कर थमा देते हैं जो लाभ की बजाए नुकसान पहुंचा सकता है।

प्राइवेट अस्पताल में मरीजों की भीड़, बेड फुल। ● अमृत विचार

इस समय श्वांस व खांसी की बीमारी से परेशानी बढ़ रही है। बेटी को भी बुखार है, डाक्टर मिल नहीं रहे हैं। धूप अधिक होने के कारण मरीज तो ठीक आठ बजे से ही क्लीनिक पर आना शुरू कर देते हैं, लेकिन चिकित्सक के आने का कोई समय नहीं है। पर्चा बनवाना आसान नहीं है। कई तरह की तो दवाएं ही नहीं मिलती हैं। डायरिया से बच्चे परेशान हो रहे हैं। **-प्रेमा देवी**

इस समय मरीजों की खासी संख्या उमड़ रही है। पर्चा बनवाने के लिए सुबह से ही लाइन लगा रहा। जैसे तैसे पर्चा तो बनवा लिया अब बच्चे को दिखाने के लिए डा. के कक्ष के बाहर बैठा हुआ हूं, एक घंटे की प्रतीक्षा के बाद भी अब तक नंबर नहीं आया, बच्चा बुखार से परेशान है। **-प्रेमवीर सिंह**

### ये बरतें सावधानी

- रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।
- ताजा भोजन ही करें
- तला-भुना खाने से परहेज करें।
- तेज धूप में बाहर जाने से बचें।
- दस्त लगने पर ओआरएस का घोल लेते रहे।

## आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में 26 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**एटा।** आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में कोतवाली नगर के उपनिरीक्षक विजेन्द्र सिंह ने 11 नामजद और 10-15 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उपनिरीक्षक विजेन्द्र सिंह के अनुसार, आरोपियों ने शहर क्षेत्र के महाराणा प्रताप नगर में आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए सार्वजनिक स्थान पर गुट बनाकर एक-दूसरे पर पथराव किया। उन्होंने सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया और गाली-गलौज के साथ जान से मारने की धमकी भी दी। जांच पड़ताल उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार शर्मा कर रहे हैं।

### तीन लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**एटा, अमृत विचार :** पिलुआ थाना के एसओ दिनेश सिंह ने मारहरा थाना क्षेत्र के ग्राम काजीखेड़ा निवासी विपिन कुमार पुत्र रामकिशोर समेत तीन लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। एसओ ने बताया है कि इन लोगों द्वारा एक संगठित गिरोह बनाकर भौतिक लाभ लेने के लिए हत्या, लूट, डकैती जैसी घटनाओं को अंजाम दिया है।

## सार-संक्षेप

### मेधावी छात्रा को किया सम्मानित

**कासगंज।** यूपी बोर्ड परीक्षा में इंटरमीडिएट में जनपद में प्रथम स्थान तथा प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त करने पर श्री गणेश इंटर कॉलेज की छात्रा कुमारी भूमि राजपूत को अखिल भारतीय लोधी महासभा के पदाधिकारियो ने प्रतीक चिन्ह देकर व माला पहनकर सम्मानित किया। महासभा के जिलाध्यक्ष मुनेश राजपूत ने कहा कि गर्व का का विषय है कि लोधी समाज की बिटिया ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इससे परिवार ही नहीं बल्कि पूरा समाज अपने को गौरांवित महसूस कर रहा है। पदाधिकारियों ने मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। लक्ष्य के जिला अध्यक्ष आचार्य देवदत्त, जयवीर सिंह राजपूत, नरेंद्र राजपूत, मनोज वर्मा, सतीश राजपूत, धीरज राजपूत, ग्राम प्रधान भिटौना राकेश राजपूत, ग्राम प्रधान गोरहा मौजूद रहे।

### धूमधाम से निकली भगवान महावीर की शोभायात्रा

**जलेसर, अमृत विचार :** श्री दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान मेंभगवान महावीर स्वामी की शोभायात्रा नगर में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ के साथ निकाली गई। शोभायात्रा महावीरगंज स्थित जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों पर होती हुई शेरगंज स्थित जैन मंदिर पर संपन्न हुई। भगवान महावीर जी की सैकड़ो स्थान पर आरती उतारी गई एवं पुष्प वर्षा की गई। शोभायात्रा में सर्वाधिक बोली वाले पत्रों में रवि जैन, दीपक जैन, विवेक जैन अमित जैन प्रमुख थे। इससे पूर्व प्रात काल जैन समाज के युवाओं ने भगवान महावीर स्वामी की पालकी यात्रा निकाली। शोभायात्रा में अध्यक्ष अनिल जैन, कैलाश चंद्र जैन, महेश जैन, नरेंद्र जैन, महेंद्र जैन, आनंद जैन, शरद, प्रशांत जैन, महावीर प्रसाद जैन, विनीत कुमार जैन, पदम् चंद्र जैन, नीरज जैन, चीकू जैन, सतीश कुमार जैन, इंदिरा जैन, ललित जैन, बीना जैन आदि मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 28 को जलेसर में

**जलेसर।** आगरा आगरा लोक सभा सीट से प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल के समर्थन में एक विशाल जनसभा को संबोधित करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 28 अप्रैल को जलेसर आएंगे एवं एमजीएम इंटर कॉलेज के मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय मंत्री अमित गुप्ता ने दी।

### डॉ. बीआर आंबेडकर की शोभायात्रा निकाली

**जलेसर, अमृत विचार :** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ बीआर आंबेडकर की 133 वी जयंती के उपलक्ष्य में शोभा यात्रा का आरंभ भंते रमनदीप ने फीता काट कर किया। शोभा यात्रा मंडी जवाहरगंज स्थित मोहल्ला अकबरपुर हवेली से शुरू हुई। बाईपास दरगाह रोड होती हुई आगरा चौराहा, महाराणा प्रताप चौक पर पहुंची जहां से तहसील रोड, शेरगंज, बड़ा बाजार, नाला बाजार होती हुई महावीरगंज स्थित इंदिरा पार्क पर संपन्न हुई। इसमें शामिल लोग नारे लगाते चल रही थे। शोभा यात्रा से पूर्व बौद्ध धर्म गुरुओं द्वारा पूजा पाठ व मंत्रोचार के उपरांत भगवान बुद्ध एवं बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। शोभायात्रा अध्यक्ष हेमंत कुमार गोलू, दीपंकर भारती, मनीष निगम, मनोज कुमार, दिनेश कुमार, पवन कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, सतवीर सिंह, पूर्व पालिका अध्यक्ष मोहन सिंह हैप्पी, पूर्व पालिका अध्यक्ष रामदास, व्यापारी नेता ओमप्रकाश भारती, बौद्ध धर्म गुरु रमन सिंह बौद्ध, धर्म गुरु धम्मदीप सिंह, प्रेमपाल सिंह, खंड विकास अधिकारी प्रशांत गिनी, मास्टर नारायण सिंह, डॉ. नेपाल सिंह, पूरन सिंह भारती, सभासद ऋषि कुमार आदि मौजूद थे।

# नाक की टूटी हड्डी का किया सफल ऑपरेशन

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** वीरांगना अवंतीबाई लोधी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (राजकीय मेडिकल कॉलेज) के चिकित्सकों ने सड़क दुर्घटना में घायल मरीज अमीर सिंह का सफल ऑपरेशन किया, जिसमें उनकी नेजल बोन फ्रेक्चर (नाक की हड्डी का टूटने) का इलाज किया गया।

यह सफल ऑपरेशन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आशीष शर्मा और डॉ. सचिन सीनियर रेजिडेंट द्वारा किया गया। एटा के राजकीय मेडिकल कॉलेज में इस प्रकार का पहला ऑपरेशन है। ऑपरेशन की सफलता के बाद, मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रजनी पटेल ने ऑपरेशन करने वाली टीम को बधाई दी और उनके प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि इस तरह के सफल ऑपरेशन से मेडिकल कॉलेज की साख बढ़ेगी और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्राप्त होंगी। यह सफलता मेडिकल कॉलेज के कर्मचारियों और डॉक्टरों के समर्पण और विशेषज्ञता का परिणाम है। इस ऑपरेशन के सफल होने के बाद, मेडिकल कॉलेज में अन्य जटिल सर्जरी के लिए भी संभावनाएं खुली हैं। स्थानीय समुदाय और मेडिकल कॉलेज के प्रशासन ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

मरीज का ऑपरेशन करते हुए डॉक्टर।

## राम कथा में सुनाया भरत मिलाप का प्रसंग

**बदायूं, अमृत विचार :** बालाजी मंदिर पर चल रही श्री राम कथा के दूसरे दिन शुक्रवार को कथा व्यास ने कहा कि भगवान राम को जब वनवास हो जाता है। वह वन में चले जाते हैं तो भरत व्याकुल हो उठते हैं। वह ग्राम वासियों के साथ वन में जाते हैं। और भगवान राम को घर चलने के लिए कहते हैं। भगवान राम ने समझाया कि अगर में घर चलता हूं तो पिता को दिया गया वचन टूट जाएगा। उन्होंने अपनी चरण पादुका भरत को दे दी। भरत राम की चरण पादुका सिर पर रख कर अयोध्या लौट आते हैं और चरण पादुका को गद्दी पर रख कर उनकी पूजा करते हैं। इस मौके पर वीरेन्द्र, सुभाष दुआ, बरखा रस्तोगी, विकास रस्तोगी, मोहित शर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### फरार आरोपित के घर नोटिस चस्पा

**जलेसर।** कोतवाली क्षेत्र में वांछित चल रहे आरोपित शिवेंद्र पुत्र राजवीर सिंह निवासी ककरावली थाना पिलुआ की गिरफ्तारी के तमाम प्रयासों के उपरांत गिरफ्तारी न हो पाने के कारण न्यायालय के आदेश पर धारा 82 के अंतर्गत नोटिस चस्पा किया गया। गांव में डुगडुगी पिटवाई। यह जानकारी सिटी इंचार्ज चंद्रशेखर त्रिपाठी ने दी है।

# मंडी पहुंचकर प्रेक्षकों ने ली चुनाव संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी

ईवीएम स्ट्रांगरूम का जायजा लेकर जाते हुए डीएम व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, एटा

- डीएम ने की ईवीएम स्ट्रांगरूम और चुनावी तैयारियों की समीक्षा

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने मंडी समिति में चुनावी तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आगरा लोकसभा क्षेत्र के पुलिस प्रेक्षक एनएस निशा, सामान्य प्रेक्षक वरुण रंजन को ईवीएम स्ट्रांगरूम, बैरीकेडिंग, पोलिंग पार्टी रवानगी और ईवीएम सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी।

डीएम ने प्रेक्षकों को मंडी समिति में ईवीएम स्ट्रांगरूम के लिए चिन्हित किए गए स्थान, पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल, वाहनों की पार्किंग और बैरीकेडिंग की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ईवीएम की कमिश्निंग का कार्य मंडी समिति में ही किया जाएगा। आगरा लोकसभा क्षेत्र में तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होगा, जिसके लिए पोलिंग पार्टियां यहीं से मतदान सामग्री लेकर पोलिंग स्टेशनों पर रवाना होंगी। उन्होंने कहा कि आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए चुनावी प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने प्रेक्षकों द्वारा दिए गए सुझावों और निर्देशों का सख्ती से पालन करने की प्रतिबद्धता जताई।

साथ ही, उन्होंने मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही की अनुमति नहीं दी जाएगी।इस दौरान एसएसपी राजेश कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष चैधरी, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह, उप जिलाधिकारी जलेसर और क्षेत्राधिकारी नगर मौजूद रहे।

# बा विद्यालयों में हर माह होगीं परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- हर माह होने वाली मासिक परीक्षा के जोड़े जाएंगे नंबर

**अमृत विचार:** कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूलों में निशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहीं छात्राओं के शैक्षिक स्तर में सुधार के काम किए जाएंगे। हर माह मासिक टेस्ट होंगे। इनके नंबर जोड़े जाएंगे । इसके अलावा अगस्त में तिमाही, अक्टूबर में छमाही और मार्च में वार्षिक परीक्षा के बाद रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा। शैक्षिक सत्र के दौरान खेलकूद सहित अन्य गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। शिक्षा निदेशक ने बॉ विद्यालयों के लिए शैक्षिक कैलेंडर जारी करते हुए पढ़ाई कराने को कहा है।

जिले में 18 कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल संचालित हैं। इनमें से 17 स्कूलों को अपग्रेड किया जा रहा है। साथ ही एक अप्रैल से शुरू हुए शैक्षिक सत्र में पांच स्कूलों में कक्षा नौ से 12 तक की कक्षाएं संचालित कर दी गईं हैं। इन स्कूलों में तैयार की गई लैब में स्मार्ट क्लास भी संचालित की जाएंगी। जिससे छात्राएं निजी स्कूलों से पीछे न रहें। शुरू हुए नए शैक्षिक सत्र के लिए शिक्षा निदेशक द्वारा शैक्षिक कैलेंडर जारी किया कर दिया है। जारी किए गए शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार बा स्कूलों में हर माह मासिक टेस्ट किए जाएंगे। जिसमें अप्रैल माह के अंत में दो मई को पहला टेस्ट लिया जाएगा। इसी अन्य महीनों पहली या फिर दूसरी तारीख में टेस्ट कराए जाएंगे। इससे छात्राओं पर पढ़ाई का बोझ कम पड़ेगा। अगस्त में तिमाही, अक्टूबर के अंत में छमाही और मार्च में वार्षिक परीक्षाएं आयोजित होंगी। मासिक परीक्षा के नंबर वार्षिक मूल्यांकन में जोड़े जाएं।

बा स्कूलों में पढ़ाई के लिए शैक्षिक कैलेंडर जारी हो गया है। उसी के अनुसार स्कूलों में पढ़ाई कराई जाएगी। इसके निर्देश डीसी बालिका और वार्डन को जारी कर दिए गए हैं। **-स्वाती भारती,** बीएसए

## सरकारी राशन की काला बाजारी के आरोप में रिपोर्ट

**एटा अमृत विचार:** सरकारी राशन की कालाबाजारी के आरोप में बागवाला क्षेत्र के सहसपुर बरौली निवासी पूरन सिंह, जो कि कोटा डीलर हैं, के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। यह कार्रवाई खाद्य अधिकारी दिग्विजय सिंह की शिकायत के आधार पर की गई है।

खाद्य अधिकारी ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद, सहसपुर बरौली के कोटा की जांच-पड़ताल की गई। इस दौरान राशन की कमी और कालाबाजारी के संकेत मिले। मौके पर राशन का स्टॉक सरकारी रिकॉर्ड से कम था, जिससे कालाबाजारी की पुष्टि होती है। इन सबूतों के आधार पर, पूरन सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### अशासकीय विद्यालय प्रबंधक महासभा की कमेटी गठित

**बदायूं, अमृत विचार :** अशासकीय विद्यालय प्रबंधक महासभा के अंतर्गत बदायूं शाखा कमेटी का गठन अनिल कुमार पाठक की अध्यक्षता में रुकुम सिंह वैदिक इंटर कॉलेज में संपन्न हुआ। शाखा कमेटी में अनिल कुमार पाठक संरक्षक, मुकेश रस्तोगी अध्यक्ष, राजवीर सिंह राठौड़ वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुभाष गुप्ता, नीरज रस्तोगी, राजीव गर्ग उपाध्यक्ष, अश्वनी भारद्वाज, महामंत्री अखिलेश शर्मा, संगठन मंत्री किशालुद्दीन रणजीत सिंह,अमित पाठक मंत्री प्रशांत शर्मा कोषाध्यक्ष, चुने गए जबकि एसके अग्रवाल, मनोज मसीह,अनिल वार्ष्णेय, प्रशांत सिंह, संजीव वार्ष्णेय, अनुपम पाठक, सुरेश चंद्र सक्सेना, प्रतिभा मिश्रा आदि सदस्य चुने गए।

# फूलों से महकेगी कासगंज की धरती

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** वैसे तो जिले में फूलों की खेती के लिए समय-समय पर पहल होती रहती है, लेकिन पूर्व में तैयार की गई ग्लेडियोलस फूल की खेती के लिए अब नए सिरे से योजना तैयार की गई है। उद्यान विभाग पांच हजार हेक्टेयर में इस खेती से किसानों के जीवन में खुशबू महकाने की तैयारी कर रहा है। सितंबर से तैयार होने वाली इस खेती के लिए अभी से जागरुकता की पहल शुरू की गई है।

खूबसूरत, खुशबूदार और रंगबिरंगे फूल हर किसी की पसंद होते हैं। खुशी हो या गम, हर जगह यह फूल साथ देते हैं। फूलों से जिले की धरा को आकर्षक बनाने के साथ साथ किसानों की किस्मत चमकाने की योजना उद्यान विभाग ने बनाई है। इसके लिए उद्यान विभाग ने किसानों को जागरूक किया है। इस बार ग्लेडियोलस फूल की खेती पर विशेष ध्यान किया जा रहा है। फूल की खेती चार से पांच माह में तैयार होती है। इस खेती से किसानों को अच्छा मुनाफा होता है। अब तक जिले में किसान फूलों की खेती को पसंद नहीं करते थे लेकिन अब जागरुकता के बाद फूल की खेती के लिए किसानों ने कोशिश की है।

जिलेभर में अलग-अलग क्षेत्रों में किसानों ने फूल की खेती के लिए बुवाई कर दी है। उद्यान विभाग ने किसानों को इस खेती से बेहतर पैदावार के गुर बताए हैं। वहीं फूलों की खेती के लिए किसानों को अनुदान देकर उन्हें और जागरूक किया है।

- ग्लेडियोलस की खेती के लिए नए सिरे से बनाई जा रही योजना
- उद्यान विभाग किसानों को कर रहा है जागरूक, दे रहा प्रोत्साहन

### इस तरह होती है ग्लेडियोलस की खेती

ग्लेडियोलस की खेती के लिए बीज की बुवाई होती है। यह बीज वैसे तो हॉलैंड से आता है, लेकिन अब धीमे-धीमे स्थानीय स्तर पर भी इस बीज की आपूर्ति कुछ लोग देने लगे हैं। एक हेक्टेयर क्षेत्रफल में डेढ़ लाख बीज बोए जाते हैं। उद्यान विभाग के मुताबिक इस खेती पर चार से पांच लाख रुपये की लागत आती है। आय लागत के अलावा दो से तीन लाख रुपये तक हो जाती है।

### गेंदा और गुलाब की हो रही पैदावार

गेंदा और गुलाब की खेती रवी, खरीफ और जायद तीनों सीजन में बोई जा सकती है। यह फसल तीन महीने में तैयार होने लगती है। जिले में किसान गेंदा के प्रति जागरूक हैं। हालांकि जिले के किसान गुलाब की खेती कम क्षेत्रफल में ही करते हैं।

फूलों की खेती कासगंज जिले में कराई जा रही है। ग्लेडियोलस के फूलों की खेती की विशेष योजना बनाई गई है। किसानों को जागरूक किया जा रहा है। उन्हें प्रोत्साहित कर रहे हैं। **- राजू जयसवाल,** जिला उद्यान अधिकारी

## छेड़खानी का विरोध करने पर दी धमकी

**एटा, अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र के गांव रामपुर घनश्याम निवासी एक व्यक्ति का कहना है कि गांव के निवासी सौरभ पुत्र नेमसिंह ने उसकी पुत्री के साथ गांव में ही जाते समय छेड़खानी की, विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। शिकायत करने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं दूसरी ओर कोतवाली देहात के गांव पमांस निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि गांव निवासी रिषी पुत्र विनोद कुमार ने घर में घुसकर उसकी पुत्री के साथ छेड़खानी की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**पब्लिक नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती स्वाति शर्मा पत्नी प्रतीक गौड़ व प्रतीक गौड़ पुत्र श्री सुरेन्द्र मोहन शर्मा, निवासीगण आदर्श नगर कालोनी नियर वीर सावरकर नगर, बरेली को एस.एम.एफ.जी. इण्डिया होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड में बंधक कर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है, उक्त सम्पत्ति के बाबत एक किता रजिस्टर्ड पिछला मूल बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 12.12.2011 वही सं.-1 जिल्द संख्या-4993 पृष्ठ सं.-57 से 78 क्रमांक 13619 स.र. बरेली में हुई कहीं खो गया है। जिसकी सूचना दिनांक 20.04.2024 को पुलिस को दी जा चुकी है। उक्त मूल बैनामे में अनुपलब्धता के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुये कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है उपरोक्त लोन जारी कर दिया जायेगा।

**अमिताभ भंज, एडवोकेट**
**कार्यालय चैम्बर नं. 11, बड़ा वकालतखाना, सिविल कोर्ट, बरेली।**
**सूचीबद्ध अधिवक्ता**

IS 15700 : 2018 सेवोत्तम प्रमाणित

**उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद**
**कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक**
**122, सिविल लाइन्स, बरेली।**
**सर्व साधारण को सूचना**

भारतीय मानक ब्यूरो IS SQMS

परिषद की राजेन्द्र नगर यो.सं.-2, बरेली में स्थित दु.आ.वर्ग भवन सं.-बी-113/3 आवास विकास परिषद द्वारा श्री राम किशोर शुक्ला पुत्र श्री रघुनन्दन प्रसाद शुक्ला को प्रदेशन पत्र सं.-1532 दिनांक 28.03.1984 द्वारा आवंटित किया गया था। श्री राम किशोर शुक्ला पुत्र श्री रघुनन्दन प्रसाद शुक्ला ने श्रीमती किलोरी देवी पत्नी श्री नरायन दास रस्तोगी को अपना मुख्त्यारेआम नियुक्त किया गया था। श्रीमती किलोरी देवी पत्नी श्री नरायन दास रस्तोगी ने मुख्त्यारेआम के आधार पर विक्रय विलेख मूल आवंटी के पक्ष में दिनांक 18.05.1999 को निष्पादित कराने के उपरान्त भवन का विक्रय मुख्त्यारेआम की हैसियत से श्री धीरज वर्मा पुत्र स्व. श्री श्याम सुन्दर वर्मा को कर दिया गया। अब श्री धीरज वर्मा पुत्र स्व. श्री श्याम सुन्दर वर्मा द्वारा अवगत कराया गया है कि विक्रेता श्रीमती किलोरी देवी पत्नी श्री नरायन दास रस्तोगी का काफी तलाशने पर भी कोई अता-पता नहीं चल पा रहा है जिस कारण मैं उनके कोई भी प्रपत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ हूं। इस हेतु परिषद नियमानुसार जो भी कार्यवाही हो मैं करने के लिए बाध्य रहूंगा तथा भवन का अन्तरण अपने पक्ष में कराने हेतु परिषद नियमानुसार निम्न प्रपत्र आन लाईन प्रार्थना पत्र के माध्यम से कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं।

अत: एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजेन्द्र नगर यो.सं.-2, बरेली में स्थित दु.आ.वर्ग भवन सं.-बी-113/3 का अन्तरण श्री धीरज वर्मा पुत्र स्व.श्री श्याम सुन्दर वर्मा के पक्ष में किया जाना है। भवन सं.-बी-113/3 के अन्तरण में किसी प्रकार की यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर कार्यालय में साक्ष्य सहित आपत्ति दाखिल कर सकते हैं। समय सीमा व्यतीत हो जाने के उपरान्त किसी भी आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा तथा तदनुसार सम्पत्ति का अन्तरण श्री धीरज वर्मा पुत्र स्व. श्री श्याम सुन्दर वर्मा के पक्ष में करने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

**सम्पत्ति प्रबन्धक**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# ...फिर बोतल से बाहर आया यूपी के विभाजन का जिन्न

**मुद्दा कितना कारगर**

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार:** बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने चुनावी अभियान की शुरुआत करते हुए सहारनपुर में पश्चिमी यूपी को अलग राज्य बनाने का वादा करके पुराना मुद्दा फिर से उछालने के साथ उत्तर प्रदेश के विभाजन का कार्ड खेल दिया। मजे की बात यह है कि प्रदेश के विभाजन का विरोध करने वाली भाजपा को चुनावी माहौल में इस मुद्दे की संवेदनशीलता के कारण जवाब तो देना ही था, ऐसे में केंद्रीय राज्य मंत्री एवं मुजफ्फरनगर सीट से प्रत्याशी डॉ. संजीव बालियान को कहना पड़ा कि मायावती का पश्चिम यूपी को अलग प्रदेश बनाने का प्रस्ताव उचित है, लेकिन जब वह सत्ता में ही नहीं आएंगी तो इस मुद्दे का क्या औचित्य है। मायावती ने कहा था कि छोटे प्रदेश विकास की सीढ़ी तेज गति से चढ़ते हैं। गौरतलब है कि मायावती ने मुख्यमंत्री रहते प्रदेश को चार भागों में बांटने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा भी था। अब मायावती के पश्चिम यूपी को अलग राज्य बनाने का मुद्दा कितना चुनावी परवान चढ़ेगा, इसका पता तो परिणाम आने पर ही चलेगा, लेकिन इसी बहाने को प्रदेश के विभाजन का जिन्न बोतल से बाहर जरूर आ गया है।

उत्तर प्रदेश को चार हिस्सों में विभाजित कर बुंदेलखंड, पूर्वांचल और हरित प्रदेश ( पश्चिम प्रदेश) बनाने की मांग काफी पुरानी है। इसे लेकर आंदोलन भी खूब हुए लेकिन नए राज्यों के गठन की मांग को लेकर राजनीतिक माइलेज लेने वाले नेता बाद में चुप्पी साध गए। मुख्यमंत्री रहते हुए 2012 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मायावती ने 21 नंवबर 2011 को यूपी को बांटकर अवध, पूर्वांचल, बुंदेलखंड और पश्चिम प्रदेश का प्रस्ताव सदन में पास कराकर केंद्र सरकार को भेजा था। हमीरपुर-महोबा के सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल बुंदेलखंड राज्य के मुद्दे को लोकसभा में कई बार उठा चुके हैं। लेकिन इस मुहिम को वे कभी आंदोलन का रूप नहीं दे सके क्योंकि सत्ता पक्ष से जुड़े हैं। इसी तरह केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने पश्चिम प्रदेश का मुद्दा जब भी उठाया उनकी ही पार्टी के नेता संगीत सोम विरोध खड़े हो गए।

## बसपा सुप्रीमो मायावती ने पश्चिमी यूपी को अलग राज्य बनाने का वादा करके खेला चुनावी कार्ड

### हरित प्रदेश को लेकर हुआ था बड़ा आंदोलन

- आगरा, मथुरा, मेरठ, बरेली, सहारनपुर, मुरादाबाद आदि मंडलों को मिलाकर हरित प्रदेश ( पश्चिम प्रदेश ) बनाने की मांग वर्षों से उठ रही है। यह इस क्षेत्र के लोगों के दिल का मुद्दा है लेकिन चाहे सपा की सरकार रही हो बसपा की अथवा वर्तमान भाजपा सरकार किसी ने इस मुद्दे को आगे नहीं बढ़ाया। मेरठ में हाईकोर्ट की बेंच के गठन की भी मांग तमाम आंदोलन के बाद भी पूरी नहीं हुई है। कभी आरएलडी अध्यक्ष चौधरी अजीत सिंह ने इस मुद्दे को जोरदारी से उठाया था तो बसपा के बिजनौर से सांसद मलूक नागर भी लोकसभा में यह मुद्दा उठा चुके हैं। 1991 में चौधरी अजीत सिंह ने इस मुद्दे को हवा दी थी हालांकि उनकी विरासत संभाल रहे जयंत चौधरी अब गठबंधन की सियासत के चलते इस मुद्दे पर मौन हैं। पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा जरूर लगातार इस मुद्दे को उठा रहा है।




### कल्पनाथ राय के बाद दम तोड़ गया पूर्वांचल राज्य का मुद्दा

पूर्वांचल राज्य के गठन की मांग सबसे पहले 1962 में गाजीपुर के तत्कालीन सांसद विश्नाथ प्रसाद गहमरी ने की थी। इस लड़ाई को बड़ी मजबूती से घोसी के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व कल्पनाथ राय ने लड़ा। वह सड़क से संसद तक इस मुद्दे पर लगातार कांग्रेस नेतृत्व पर दबाव बनाते रहे। लेकिन उनके निधन के बाद यह आंदोलन दम तोड़ गया। कुछ छोटे संगठनों ने गाहे बगाहे मुद्दा उठाया जरूर पर वे कोई बड़ा आंदोलन नहीं कर सके। अब सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रमुख कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर इस मुद्दे को उठा रहे हैं। लेकिन उनकी मांग में वह गंभीरता नहीं दिखती जैसी कि कल्पनाथ राय की आवाज में थी। पुरबिहा लोग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिंद्र किशोर तिवारी जरूर आए दिन पूर्वांचल राज्य के लिए धरना करते दिख जाते हैं। 1995 में समाजवादी नेता मधुकर दिघे, मोहन सिंह, रामधारी शास्त्री, प्रभु नारायण सिंह, हरिकेवल प्रसाद और पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने भी इस मुद्दे को उठाया पर परवान नहीं चढ़ा पाए।

**पूर्वांचल के जिले** : बलिया, चंदौली, आजमगढ़, वाराणसी, मऊ, भदोही, गाजीपुर, जौनपुर, मीरजापुर, सोनभद्र, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महाराजगंज, बस्ती, संत कबीरनगर।



### बुंदेलखंड राज्य का आंदोलन मांग गया पानी

- पीने के पानी, रोजगार, सूखा जैसी समस्याओं से जूझने वाले बुंदेलखंड के लोग अपना अलग राज्य चाहते हैं। राजा बुंदेला इन मजबूती से इस राज्य के गठन लड़ाई लड़ी पर उनके आंदोलन की धार भी वक्त के साथ कुंद हो गई। राजा बुंदेला तो बुंदेलखंड राज्य के गठन की शर्त पर ही भाजपा में शामिल हुए थे पर अपनी इस मांग को वे आज तक पूरी नहीं करवा सके। उन्होंने बुंदेलखंड कांग्रेस का गठन भी किया था। अब वे बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष हैं। पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह अब इस आंदोलन को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बुंदेलखंड लोकतांत्रिक पार्टी का गठन भी किया है। इसके साथ ही हमीरपुर- महोबा से भाजपा सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल भी इस मुद्दे को संसद में उठा चुके हैं पर कभी लड़ाई उन्होंने सड़क पर नहीं लड़ी। हालांकि बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ऐसा नहीं मानते। उनका कहना है कि बुंदेलखंड का मुद्दा पृथक राज्य बनने तक ज्वलंत रहेगा।
- **इन जिलों को मिलाकर गठन** : यूपी के ललितपुर, हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, जालौन, झांसी, मध्य प्रदेश के सागर, पन्ना, दतिया, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, दमोह जिले को मिलाकर बुंदेलखंड राज्य की मांग की जा रही है।

# गाजियाबाद : भाजपा के गढ़ में जातीय रण त्रिकोण

- भाजपा ने दो बार के सांसद वीके सिंह का टिकट काटकर इस बार वैश्य बिरादरी के विधायक अतुल गर्ग पर लगाया है दांव
- कांग्रेस से पिछला चुनाव हारीं ब्राह्मण डॉली शर्मा तो बसपा से रणनीति के तहत राजपूत समाज के नंदकिशोर पुंडीर मैदान में

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार:** दिल्ली और गौतमबुद्ध नगर से जुड़ी गाजियाबाद लोकसभा सीट को भाजपा की सबसे सुरक्षित सीटों में गिना जाता है। दो हफ्ते पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह यहां यह कहकर भाजपा प्रत्याशी के लिए माहौल बना गए थे कि इस बार चुनाव में गठबंधन को जनता मोये-मोये कर देगी। पांच दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोड शो करके दिखाया था कि जनता उनकी गारंटी पर क्यों भरोसा करती है। मोदी के स्वागत में उमड़े जन सैलाब का असर यह है कि अब यहां भाजपा का चुनाव प्रचार चारों तरफ तेजी से दौड़ता नजर आ रहा है। दरअसल, भाजपा ने इस बार गाजियाबाद में वीके सिंह का टिकट काटकर वैश्य समुदाय के सदर सीट से विधायक अतुल गर्ग को मैदान में उतारा है, जिन्हें शुरू में अपना चुनावी अभियान व्यवस्थित करने में राजपूतों में नाराजगी के स्वरों के चलते थोड़ी परेशानी उठानी पड़ी। लेकिन अब संगठन और समर्थक उनको बड़ी जीत दिलाने के लिए कमर कस चुके हैं। विधायक अतुग गर्ग गाजियाबाद विधानसभा सीट से पिछले तीन चुनाव लड़े थे, जिनमें दो बार विजयी रहे हैं। लोकसभा सीट पर उनका मुकाबला सपा के साथ गठबंधन करने वाली कांग्रेस की प्रत्याशी डॉली शर्मा से है। डॉली शर्मा तेजतर्रार महिला नेता हैं और पिछले 2019 के चुनाव में भी कांग्रेस के टिकट से चुनाव मैदान में उतरी थीं, लेकिन वीके सिंह के सामने उनकी जमानत जब्त हो गई थी। बसपा ने जातीय समीकरण साधने के उद्देश्य से भाजपा कार्यकर्ता रहे राजपूत बिरादरी के नंदकिशोर पुंडीर को मैदान में उतारकर मुकाबला रोचक बना दिया है।




| | दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|---|
| | भाजपा | जनरल रिटा. वीके सिंह | 9,44,503 |
| | सपा | सुरेश बंसल | 4,43,003 |
| | कांग्रेस | डॉली शर्मा | 1,11,944 |

### अगले हफ्ते राहुल और अखिलेश आएंगे, मायावती करेंगी जनसभा

- गाजियाबाद सीट पर चुनाव लड़ रहे भाजपा विधायक अतुल गर्ग और कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा जहां स्थानीय हैं, वहीं बसपा के नंदकिशोर पुंडीर बाहरी हैं। भाजपा का जोरदार प्रचार देखते हुए कांग्रेस और बसपा प्रत्याशी भी अपने बड़े नेताओं का कार्यक्रम मांग रहे हैं। गठबंधन नेताओं का कहना है कि 21 से 23 अप्रैल के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अखिलेश यादव गाजियाबाद आएंगे। बसपा सुप्रीमो मायावती का 21 अप्रैल को गाजियाबाद में सभा करने का कार्यक्रम है।

- गाजियाबाद पहले मेरठ जिले की तहसील था। 14 नवंबर 1976 को इसे जिला बनाया गया।
- 2008 में परिसीमन के बाद हापुड़ लोकसभा सीट से अलग होकर गाजियाबाद लोस सीट बनी।
- सपा और बसपा कभी भी गाजियाबाद लोकसभा सीट से चुनाव नहीं जीत पाई हैं।
- गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र मतदाताओं की संख्या के आधार पर देश में दूसरे स्थान पर है।
- संयोग या प्रयोग, बसपा दो चुनावों से भाजपा से आए नेता को ही यहां प्रत्याशी बना रही है।

## राम मंदिर आंदोलन के बाद भाजपा ने बनाई मजबूत पकड़

साल 2008 से पहले गाजियाबाद सीट का नाम हापुड़ लोकसभा सीट था। इस सीट पर पहली बार वर्ष 1957 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस के कृष्ण चंद्र शर्मा जीते। साल 1962 में कांग्रेस से महिला कमला चौधरी को जीत मिली थी। 1967 में निर्दलीय उम्मीदवार प्रकाश वीर शास्त्री जीते। 1971 के चुनाव में कांग्रेस नेता बीपी मौर्या ने जीत हासिल की। 1977 में जनता पार्टी के कुंवर मोहम्मद अली खान तो 1980 में जनता पार्टी के अनवर अहमद को जीत मिली। 1984 के चुनाव में कांग्रेसके केदारनाथ सिंह विजयी हुए। 1989 में जनता दल के किशन चंद त्यागी जीते। इसके बाद राम मंदिर आंदोलन के चलते वर्ष 1991, 1996, 1998 और 1999 में भाजपा के डॉ. रमेश चंद तोमर ने कमल खिलाया। वर्ष 2004 के चुनाव में सुरेंद्र प्रकाश गोयल ने कांग्रेस की वापसी कराई थी। लेकिन 2009 में भाजपा से राजनात सिंह मैदान में उतरे तो लगभग एक लाख मतों से विजयी रहे।

### गठबंधन और बसपा के प्रत्याशी जातीय समीकरण साधने में जुटे

- गाजियाबाद लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को 29 लाख से अधिक मतदाता वोट डालेंगे। इस लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मण, गुर्जर और मुस्लिम मतदाता काफी संख्या में हैं। इस बार भाजपा और रालोद का गठबंधन है। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी ब्राह्मण, वैश्य और गुर्जर वोट मिलने की पूरी उम्मीद लगाए हैं। लेकिन जानकारों का कहना है कि कांग्रेस प्रत्याशी को अगर सपा से गठबंधन के चलते मुस्लिम वोटों के साथ ब्राह्मण और पिछड़े वर्ग का वोट मिलता है तो भाजपा के सामने जीत के अंतर को लेकर परेशानी हो सकती है। दरअसल, गाजियाबाद सीट से पिछले तीन चुनावों से भाजपा प्रचंड वोटों से जीत हासिल करती आ रही है। पिछले दो चुनाव वीके सिंह पांच लाख से ज्यादा मतों के अंतर से जीते थे।

### पांचों विधानसभा क्षेत्रों में खिला था कमल

- गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटें मुरादनगर, लोनी, साहिबाबाद, मोदीनगर और गाजियाबाद शामिल हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में सभी पांचों सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी। लोनी विधानसभा क्षेत्र से नंद किशोर गुर्जर, मुरादनगर से अजीत पाल त्यागी, साहिबाबाद से सुनील कुमार शर्मा, गाजियाबाद से अतुल गर्ग और धौलाना से विधानसभा से धर्मेंद्र सिंह तोमर विधायक हैं। इसमें धौलाना विधानसभा सीट हापुड़ जिले में आती है।

### मुस्लिम, ठाकुर व ब्राह्मण मतदाता यहां बनाते और बिगाड़ते हैं खेल

- गाजियाबाद लोकसभा सीट पर मुस्लिम, राजपूत और ब्राह्मण मतदाता बड़ी संख्या में हैं। इस सीट पर सबसे ज्यादा करीब 5 .5 लाख मुस्लिम मतदाता हैं। राजपूत या ठाकुर मतदाताओं की संख्या 4 .85 लाख गिनी जाती है, जबकि 4 .5 लाख से अधिक ब्राह्मण मतदाता हैं। इनके अलावा 2 .5 लाख वैश्य, और 4 .5 लाख अनुसूचित जाति के मतदाता हैं। 1 .25 लाख से ज्यादा जाट, एक लाख पंजाबी, 75 हजार त्यागी, 80 हजार गुर्जर और 4 लाख दूसरे समुदाय या वर्गों के मतदाता माने जाते हैं।

### बसपा उम्मीदवार की पत्नी और भतीजा भी लड़ रहे हैं चुनाव

- गाजियाबाद से नंद किशोर पुंडीर जहां बसपा प्रत्याशी हैं, वहीं उनकी पत्नी कविता और भतीजा अभिषेक निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। तीनों ने पर्चा इस कारण दाखिल किया था कि अगर नंदकिशोर का पर्चा खारिज होता तो पत्नी या भतीजे को चुनाव लड़ाया जा सके। लेकिन तीनों नामांकन पत्र वैध मिले। पत्नी और भतीजे ने पर्चा भी वापस नहीं लिया। अब कविता का चुनाव चिह्न टेबल तो अभिषेक को खाट मिला है।

**2014 का जनादेश**

| | दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| | भाजपा | जनरल रिटा. वीके सिंह | 7,58,482 | 56 .50 |
| | कांग्रेस | राजबब्बर | 1,91,222 | 14 .25 |
| | बसपा | मुकुल | 1,73,085 | 12 .90 |
| | सपा | सुधन कुमार | 1,06, 984 | 7 .97 |
| | आप | शाजिया इल्मी | 89,147 | 6 .64 |




# आगरा में मोदी-अखिलेश की रैली, डिंपल-जया का रोड शो

**आगरा।** आगरा लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में मतदान होना है। यहां से भाजपा के मौजूदा सांसद और केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल चुनाव लड़ रहे हैं, उनका मुकाबला समाजवादी पार्टी के सुरेश चंद्र कर्दम और बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही से हो रहा हैं। नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद लोकसभा क्षेत्र में प्रचार जोड़ पकड़ गया है। आगरा में चुनावी समीकरण साधने के लिए भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 अप्रैल को होने वाली रैली की तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं। मोदी की जनसभा के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आगरा में रैली करेंगे। इसके लिए 28 अप्रैल की तारीख तय की गई है, रैली स्थल चयनित किया जा रहा है। मई के पहले हफ्ते में डिंपल यादव और जया बच्चन का आगरा में रोड शो कराने की भी तैयारी है।

आगरा लोकसभा सीट पर दलित और मुस्लिम मतों का बोलबाला रहता है। यहां करीब 37 फीसदी वोटर दलित और मुस्लिम हैं। यहां से 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी एसपी सिंह बघेल ने 6,46,875 मत लेकर बसपा के मनोज कुमार सोनी 4,35,329 वोट को हराया था। कांग्रेस नेता प्रीत हरित को सिर्फ 45,149 वोट मिले थे।

# धनंजय की सहानुभूति के सहारे हाथी की तेज चाल

चुनाव डेस्क

- पार्टी ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला को मैदान में उतारा है
- 2019 में बसपा के श्याम सिंह यादव इस सीट पर गठबंधन के सहारे जीते थे

**अमृत विचार।** जौनपुर संसदीय सीट पर इस बार भी मुकाबला काफी रोचक होने के आसार हैं। भाजपा ने पूर्व कांग्रेस नेता कृपा शंकर सिंह को मैदान में उतारा है तो सपा ने पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा पर दांव लगाया है। इस रणक्षेत्र में मुकाबले को रोचक दिया है, बसपा प्रत्याशी श्रीकला ने। श्रीकला पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी हैं और जिला पंचायत की अध्यक्ष हैं। श्रीकला के मैदान में उतरने से यहां मुकबला त्रिकोणीय हो गया है। वह क्षेत्र मं घूम-घूमकर पति धनंजय सिंह को मिली सात साल की सजा से उपजी सहानुभूति को भुनाने की पूरी कोशिश कर रही हैं।

भाजपा ने इस सीट पर पहली बार 1989 में कब्जा किया था। तब महाराजा यादवेन्द्र दत्त दुबे जीते थे। 1991 में सीट जनता दल के खाते में गई। 1996 में बीजेपी, 1998 में सपा, 1999 में बीजेपी से स्वामी चिन्मयानंद, 2004 में सपा से पारसनाथ, 2009 में बसपा से धनंजय सिंह जीते थे। 2014 की मोदी लहर में बीजेपी से कृष्ण प्रताप सिंह व 2019 में बीएसपी से श्याम सिंह यादव को जीत मिली, तब सपा-बसपा का गठजोड़ था। इस बार भाजपा जहां इस सीट पर कब्जा करने को लेकर एक-एक बूथ पर काम कर रही है तो सपा भी पीछे नजर नहीं आ रही है। पहले धनंजय सिंह इस सीट से बसपा के टिकट पर उतरने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन सात वर्ष की सजा मिलने के बाद उनकी पत्नी को बसपा प्रमुख ने मौका दिया है। श्रीकला भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को बताने में जुटी हैं कि उनकी पार्टी के उम्मीदवार उन पर थोपे गए हैं। इसके साथ ही पति को मिली सजा से परिवार पर आए संकट को गिनाकर वह सहानुभूति के सहारे जीत की जुगत में लगी हैं। बाबू सिंह कुशवाहा सपा के मुस्लिम, यादव समीकरण के साथ कुशवाहा, कोइरी, शाक्य, मौर्य वोट लामबंद कर रहे हैं।

**हम भी जोश में** बसपा प्रमुख मायावती ने गाजियाबाद में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान वहां आए कार्यकर्ता जोश में नजर आए। इससे बसपा प्रमुख भी प्रसन्न नजर आईं।

**बांदा- चित्रकूट लोकसभा सीट** | वर्ष 1999 के बाद से बसपा को नहीं मिली जीत, अब मयंक द्विवेदी के मैदान में उतरने से मुकाबला हुआ रोचक

# बसपा ने खेला ब्राह्मण कार्ड, सपा में प्रत्याशी बदलने की चर्चा

विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट

- भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद आरके पटेल पर लगाया है दांव

**अमृत विचार।** बांदा- चित्रकूट संसदीय सीट पर इस बार मुकाबला काफी रोचक हो गया है। बसपा ने यहां से मयंक द्विवेदी को मैदान में उतार कर ब्राह्मण कार्ड खेल दिया है। लगातार दो बार से चुनाव जीत रही भाजपा ने 2019 में जीते आरके पटेल को ही मैदान में उतारा है तो सपा ने शिवशंकर पटेल को चेहरा बनाया है। हालांकि यह चर्चा जोरों पर है कि सपा अपना उम्मीदवार बदल सकती है। नया प्रत्याशी कौन होगा, अभी इसे लेकर सिर्फ कयास ही लगाए जा रहे हैं। वैसे जौनपुर सीट से पार्टी के उम्मीदवार बाबू सिंह कुशवाहा का नाम जोरों पर लिजा जा रहा है। बसपा 1999 के बाद से इस सीट पर नहीं जीती है, ऐसे में इस बार उसकी पुरजोर कोशिश है कि वह मैदान मार ले।

इस संसदीय सीट की जब भी चर्चा होती है तो रामसजीवन सिंह का नाम सबसे पहले लिया जाता है। सीपीआई से 1989 में बांदा-चित्रकूट सीट से प्रतिनिधित्व करने वाले रामसजीवन ने जब बसपा अपनाई तो पार्टी ने उनको 1996 में टिकट दिया। परिणाम स्वरूप वे पार्टी की उम्मीदों पर खरे उतरे। मतदाताओं ने उन्हें चुना और वे सांसद बन गए। 1998 के चुनाव में बसपा ने फिर रामसजीवन पर ही विश्वास जताया था। हालांकि तब सपा और कम्युनिस्ट पार्टी के गठबंधन ने पूर्व मंत्री सुरेंद्र पाल वर्मा को टिकट दिया और भारतीय जनता पार्टी ने रमेश चंद्र द्विवेदी को मैदान में उतारा। मुकाबला त्रिकोणीय हुआ और रामसजीवन भाजपा के उम्मीदवार से हार गए। 1999 में जब लोकसभा चुनाव हुए तो एक बार फिर रामसजीवन को बसपा ने चुनाव मैदान में उतारा और वे पुनः दिल्ली पहुंचे। इस चुनाव के बाद बसपा यहां से नहीं जीती है।

2014 में बसपा के टिकट से लड़े आरके सिंह पटेल (वर्तमान में भाजपा सांसद) 2,26,278 मत पाकर दूसरे नंबर पर ही पहुंच पाए थे। तब भाजपा के भैरों प्रसाद जीते थे। 2019 में बसपा-सपा का महागठबंधन था। सपा ने श्यामाचरण गुप्ता को मैदान में उतारा था, लेकिन इस गठबंधन के बाद भी भाजपा के आरके पटेल यहां से सांसद चुने गए थे।

अब बसपा ने पूर्व विधायक पुरुषोत्तम नरेश द्विवेदी के बेटे एवं जिला पंचायत सदस्य मयंक द्विवेदी को मैदान में उतारा है। मयंक लगातार जनता के बीच रहे हैं। ऐसे में उन्हें उम्मीद है कि इस बार वे बाजी मार लेंगे। सपा कार्यकर्ता जहां बार- बार पार्टी के उम्मीदवार शिवशंकर पटेल का टिकट बदले जाने की खबरों से चिंतित हैं तो वहीं भाजपा में भी नाराजगी कम नहीं है। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद पहले ही कह चुके हैं कि वे पार्टी का प्रचार नहीं करेंगे। ऐसे में उनके समर्थक भी खामोश हैं। भैरों प्रसाद ने बसपा और सपा दोनों ही दलों से टिकट लेने की कोशिश की थी पर वे सफल नहीं हो सके।

### 2019 का परिणाम

| | | |
|---|---|---|
| भाजपा | आरके पटेल | 4,77,926 |
| सपा | श्यामा चरण गुप्ता | 4,18,988 |
| कांग्रेस | बाल कुमार पटेल | 75,438 |

## अपनी ढपली अपना राग

ये वही कांग्रेस है जिसने काका कालेलकर की रिपोर्ट को दबा कर रखा, मंडल कमीशन का विरोध किया।
– अमित शाह

वे डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को भी खत्म कर देंगे। वोट के अधिकार को बरकरार रखना होगा।
– मल्लिकार्जुन खरगे

400 पार का मतलब देश का गरीबी से मुक्ति, भ्रष्टाचार से मुक्ति है और ऐसा कोई कर सकता है तो वह मोदी की ही कर सकते हैं।
–केशव प्रसाद मौर्या

फ्री राशन से गरीबों का भला नहीं होने वाला। आप जो टैक्स देते हैं ये राशन उससे मिलता है। भाजपा आप पर कोई अहसान नहीं कर रही है। – मायावती

प्रधानमंत्री ने ऐसे काम किए, सोचा न होगा। गरीबों के लिए ये काम केवल वही कर सकता है जिसने गरीबी देखी है।
–दलीप सिंह राणा उर्फ खली

# तीसरा चरण: जयवीर व डिंपल समेत कई की प्रतिष्ठा दांव पर

## चुनावी रण के लिए तस्वीर लगभग साफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** तीसरे चरण के चुनाव रण में महारथियों की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। इस चरण की दस सीटों पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी मैनपुरी सांसद डिंपल यादव, शिवपाल सिंहस यादव के पुत्र आदित्य व मंत्री जयवीर सिंह समेत दिग्गज प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। चुनाव में जीत को लेकर इनकी प्रतिष्ठा दांव पर लग गई है।

इस चरण की दस सीटों के चुनाव में 104 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें सम्भल में 13, हाथरस (अजा) में 10, आगरा (अजा) में 11, फतेहपुर सीकरी में 10, फिरोजाबाद में सात, मैनपुरी में आठ, एटा में 10, बदायूं में 12, ऑवला में नौ व बरेली में 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे हैं।

2019 में संभल लोकसभा सीट पर सपा के प्रत्याशी डॉ शफीर्कुरहमान बर्क ने 1,74,826 मतों के अंतर से जीत दर्ज की थी। उन्हें 6,58,006 वोट मिले थे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर राव सैनी को हराया था, जिन्हें 4,83,180 वोट मिले थे। इस बार बहुजन समाज पार्टी से शौकत अली, भारतीय जनता पार्टी से परमेश्वर लाल सैनी और समाजवादी पार्टी से डॉ शफीकुर रहमान बर्क प्रमुख उम्मीदवार हैं।

- ऑवला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी से धर्मेन्द्र कश्यप व सपा से नीरज मौर्या चुनावी रण में उतरे हैं। बसपा प्रत्याशी आबिद अली का नामांकन निरस्त हो चुका है।
- हाथरस लोकसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी से अनूप वाल्मिकी, समाजवादी पार्टी से जसवीर बाल्मीकि व बहुजन समाज पार्टी से हेमबाबू धनगर चुनाव मैदान में हैं।
- मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के लिए सपा से डिम्पल यादव दोबारा चुनाव मैदान में उतरी हैं, तो भाजपा ने मंत्री जयवीर सिंह को चुनाव मैदान में उतार दिया है। बहुजन समाज पार्टी से शिव प्रसाद चुनाव मैदान में हैं।
- फतेहपुर सीकरी क्षेत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी से राजकुमार चाहर, कांग्रेस से रामनाथ सिंह सिकरवार व बसपा से रामनिवास चुनाव मैदान में हैं।
- एटा क्षेत्र के लिए भाजपा ने राजवीर सिंह को प्रत्याशी बनाया है। सपा से देवेश शाक्य व बहुजन समाज पार्टी से मोहम्मद इरफान एडवोकेट प्रत्याशी हैं।

जयवीर सिंह | डिंपल यादव | आदित्य यादव | राजीव सिंह

- बरेली लोकसभा क्षेत्र में भाजपा व सपा के बीच सीधे मुकाबला है। भाजपा से छत्रपाल सिंह गंगवार, सपा से प्रवीण सिंह ऐरन चुनाव मैदान में हैं, जबकि बसपा के छोटे लाल गंगवार का नामांकन निरस्त हो चुका है।
- बदायूं लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए भाजपा ने दुर्विजय सिंह शाक्य को चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि सपा से शिवपाल सिंह यादव के पुत्र आदित्य को चुनाव मैदान में उतारा है। बहुजन समाज पार्टी से मुस्लिम खां प्रत्याशी हैं।
- आगरा (अजा) क्षेत्र के लिए भाजपा ने एसपी सिंह बघेल को चुनाव मैदान में उतारा है। समाजवादी पार्टी से सुरेश चन्द्र कर्दम व बसपा से पूजा चुनाव मैदान में हैं।

## 2014 में भाजपा ने जीती थी सभी आरक्षित 17 सीटें

# आरक्षित सीटों पर कद बढ़ाने की फिराक में बसपा

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जाति बाहुल्य 17 आरक्षित सीटों पर बसपा अपना कद बढ़ाने के लिए दो दशक से प्रयासरत है। इस दौरान संपन्न लोकसभा चुनावों में बसपा कभी भी पांच सीटों से ज्यादा नहीं जीत सकी है। वहीं, 2009 में सपा ने 10 सीटें और 2014 में मोदी लहर के दौरान भाजपा ने सभी 17 सीटों पर अपना वर्चस्व जमाया था। हालांकि 2019 के चुनाव में बसपा ने भाजपा की झोली से दो सीटें झटकी थीं, इसबार सीटों की संख्या बढ़ाने की कोशिश में है।

एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच हो रहे लोकसभा चुनावों में बसपा, आरक्षित सीटों के भरोसे तीसरे मोर्चा बनाने की फिराक में है। हालांकि इसकी धमक बसपा द्वारा प्रत्याशी घोषित होते ही सुनाई भी देती है। बसपा के प्रत्याशी से कुछ सीटों पर एनडीए और सपा-कांग्रेस गठबंधन के तैयार समीकरणों को बिगड़ते नजर आ रहे हैं। इसी रणनीति मोर्चे की सफल बनाने के लिए मायावती ने पश्चिम उप्र. में सभाएं शुरू कर दी हैं। वहीं भाजपा की ओर से पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के साथ ही मुख्यमंत्री योगी की सभाएं ताबड़तोड़ जारी हैं।

बसपा ने प्रदेश की अधिकांश आरक्षित सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं, नगीना सीट से सुरेन्द्र पाल सिंह हैं, जहां पहले चरण में मतदान संपन्न हो चुके हैं। अन्य प्रत्याशियों में बुलंदशहर सीट से गिरीश चंद्र जाटव, शाहजहांपुर में डॉ. दोदराम वर्मा, हाथरस से हेम बाबू धनगर, आगरा से पूजा अमरोही, इटावा से सारिका सिंह बघेल, जालौन में सुरेश चंद्र गौतम को उम्मीदवार घोषित किया गया है। वहीं मोहनलालगंज से राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान, कौशाम्बी से शुभ नारायण, राबर्ट्सगंज से धनेश्वर गौतम, लालगंज से डॉ.इंदु चौधरी, मिश्रिख से बीआर अहिरवार, मछलीशहर से कृपा शंकर सरोज, हरदोई से भीमराव आंबेडकर चुनाव मैदान में डटें हैं। बाराबंकी, बहराइच, बांसगांव में प्रत्याशी घोषित होना बाकी हैं।

### किसी के साथ भेदभाव नहीं: आंबेडकर

बसपा में लखनऊ मंडल के प्रभारी व हरदोई प्रत्याशी भीमराव आंबेडकर का कहना है कि बसपा के लिए सभी जातियां समान हैं, किसी के साथ भेदभाव नहीं करती है। आरक्षित सीटों पर अनुसूचित व अनुसूचित जनजाति मतदाताओं की संख्या ज्यादा होती है। पार्टी का प्रयास है कि यह वर्ग कम शिक्षित होता है, इसलिए इन्हें कोई बरगला न सके, इनके वोट की खरीद फरोख्त न हो सके, इसके लिए बसपा सुप्रीमो मायावती वोट के अधिकार को लेकर जनमानस को सजग करती रहती हैं। वहीं देवीपाटन मंडल प्रभारी दिनेश चंद्रा का कहना है हर सीट के लिए अलग रणनीति रहती है, हर सीट पर पार्टी द्वारा दिए गए निर्देशानुसार कार्यकर्ता मतदाताओं के साथ संवाद कायम किये हुए हैं। जिन सीटों पर प्रत्याशियों की अधिकारिक घोषणा नहीं हुई हैं, वहां भी प्रचार अभियान जारी है।

# सपा के गढ़ में पहली बार ईवीएम में नहीं दिखेगी साइकिल

## पार्टी के नेता, कार्यकर्ता इंडी गठबंधन के प्रत्याशी का कर रहे प्रचार

## इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के खाते में गई है सीट

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार:** समाजवादियों का गढ़ कहे जाने वाले बाराबंकी जिले के किसी भी चुनाव में पहली बार ऐसा होने जा रहा है कि ईवीएम में साइकिल चुनाव निशान नहीं दिखेगा।

कभी जिले की छह विधानसभा सीटों को जीतने वाली समाजवादी पार्टी ने इस बार इंडिया गठबंधन के तहत बाराबंकी लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में दी है। ऐसे में यह पहली बार होगा, जब ईवीएम में सपा का चुनाव निशान साइकिल नहीं होगा। हालांकि प्रत्यक्ष रूप से सपा अपने चुनाव चिह्न के साथ मैदान में नहीं है, लेकिन पार्टी के नेता, कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के लिए वोट मांगते नजर आ रहे हैं।

बाराबंकी में वर्षों तक सपा का वर्चस्व रहा। सपा के कर्णधार व कद्दावर नेताओं में शुमार रहे रामसेवक यादव दूसरे लोकसभा चुनाव में 1957 में भले ही निर्दल के रूप में चुनाव जीते थे, लेकिन उन्होंने बाद में सपा को बुलंदियों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। 1996 और 1999 के लोकसभा चुनाव में इस क्षेत्र के लोगों ने रामसागर रावत को सांसद चुना। वहीं कई लोकसभा चुनाव में रनर के रूप में भी सपा के प्रत्याशी रहे। जिनका जीत-हार का अंदर ज्यादा नहीं रहा। परिणाम जो भी रहा हो, सपा हर चुनाव में कोई न कोई प्रत्याशी जरूर उतारती रही है।

भले ही इंडिया गठबंधन के तहत सपा ने प्रदेश भर में अपने 63 प्रत्याशी उतारे हों लेकिन कभी सपा का गढ़ कहे जाने वाली बाराबंकी सीट पर इस बार सपा प्रत्याशी नहीं है। गठबंधन के तहत कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत के सामने चुनाव लड़ रहे हैं।

### कभी सपा ने जीती थी सभी विधानसभा सीटें

2012 के विधानसभा चुनाव में जिले की रामनगर, जैदपुर, हैदरगढ़, कुर्सी, बाराबंकी और दरियाबाद सीट पर साइकिल ने कब्जा जमाया था। जबकि वर्तमान समय में बाराबंकी सीट पर धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव मोदी-योगी लहर में भी लगातार तीसरी बार विधायक बने। रामनगर और जैदपुर सीट पर भी अभी सपा का ही कब्जा है।

### 2019 में बसपा से गठबंधन में रामसागर थे रनर

पिछले लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी रामसागर रावत रनर रहे थे। इस चुनाव में बसपा से सपा का गठबंधन था। जिसमें यह सीट सपा के खाते में गई थी। उस चुनाव में गठबंधन प्रत्याशी रामसागर रावत भाजपा के उपेंद्र रावत से 1,10,140 वोटों से पराजित हुए थे। जबकि कांग्रेस तीसरे स्थान पर थी। कांग्रेस प्रत्याशी की जमानत तक जब्त हो गई थी।

# खीरी में जनता ने कभी बाहरी को नहीं दिया महत्व

## रोचक रहा है खीरी संसदीय क्षेत्र का इतिहास

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** खीरी संसदीय सीट का इतिहास काफी रोचक रहा है। यहां के मतदाताओं ने एक ही परिवार के तीन सदस्यों को अलग-अलग समय पर कुल मिलाकर नौ बार मौका दिया। इस क्षेत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि यहां की जनता ने कभी किसी बाहरी प्रत्याशी को महत्व नहीं दिया। केन्द्रीय मंत्रिमंडल में अब तक सिर्फ दो नेताओं को ही स्थान मिल सके। आजादी के बाद इस क्षेत्र से चुने गए कांग्रेस सांसद बाल गोविंद वर्मा को केन्द्रीय मंत्रिमंडल में स्थान मिला और वर्तमान में अजय मिश्र टेनी को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। अन्य किसी को केन्द्रीय मत्रिमंडल में स्थान नहीं मिल सका।

आजादी के बाद वर्ष 1951 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के रामेश्वर प्रसाद नेवटिया चुनाव जीतकर सांसद बने। वर्ष 1957 के चुनाव में कांग्रेस को पराजय का मुंह देखना पड़ा और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के कुं. खुशवक्त रॉय सांसद बने। इसके बाद वर्ष 1962 से लेकर 1972 तक के चुनावों में कांग्रेस ने अपना वर्चस्व कायम रखा।

आपातकाल के बाद वर्ष 1977 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की बुरी तरह हार हुई। कांग्रेस उम्मीदवार बाल गोविंद वर्मा जनता पार्टी के सुरथ बहादुर शाह से चुनाव हार गए।

वर्ष 1980 में फिर लोकसभा चुनाव हुए, जिसमें कांग्रेस के बाल गोविंद वर्मा चुनाव जीते, लेकिन चंद दिनों बाद ही उनका निधन हो गया। उनके स्थान पर कांग्रेस ने उनकी पत्नी ऊर्षा वर्मा को टिकट दिया। ऊषा वर्मा भी लगातार तीन बार सांसद बनीं। 1991 और 1996 के दो चुनावों में लगातार भाजपा उम्मीदवार गेंदनलाल कनौजिया चुनाव जीते। 1998 में बाल गोविंद वर्मा के पुत्र रवि प्रकाश वर्मा सपा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे और लगातार तीन बार सांसद रहे।

वर्ष 1999 का चुनाव उस समय रोचक हो गया था, जब सीतापुर से वरिष्ठ भाजपा नेता और वित्त मंत्री रहे राजेंद्र प्रसाद गुप्ता चुनाव मैदान में उतरे, लेकिन लोकल को अपनाओ और बाहरी को भगाओ के नारे के बाद वह पराजित होकर सीतापुर लौट गए थे। वर्ष 2004 में भाजपा ने फिर कद्दावर नेता विनय कटियार को चुनाव मैदान में उतारा, लेकिन उस समय भी पैराशूट से उतारे गए प्रत्याशी का मुद्दा बना और वह भी पराजित हो गए थे। वर्ष 2009 के चुनाव में एक बार फिर कांग्रेस की वापसी हुई और जफरअली नकवी पहली बार चुनाव जीतकर सांसद बने। वर्ष 2014 और 2019 के चुनाव में लगातार भाजपा के अजय मिश्र टेनी सांसद बने।

### स्थानीय को अपनाया

खीरी के मतदाताओं ने हमेशा स्थानीय नेताओं को पसंद किया। हालांकि 1991 और 1996 के दो चुनावों में लगातार जीते भाजपा उम्मीदवार गेंदनलाल कनौजिया शाहजहांपुर के मूल निवासी थे, लेकिन वह लंबे समय तक सीएमओ रहकर जनता के टच में रहे। सेवानिवृत्ति से पहले ही जिले में मकान बिना लिया और बाद में कृषि भूमि खरीदकर खेती करने लगे। इस तरह उनके बाहरी होने का मुद्दा भी नहीं उठाया जा सका था।

### नौ बार एक ही परिवार के बने तीन सांसद, इस बार मैदान से बाहर

खीरी लोकसभा चुनाव में तीसरे लोकसभा चुनाव से संसद में प्रवेश करने वाले बाल गोविंद वर्मा समेत उनके परिवार तीन सदस्य कुल मिलाकर नौ बार एक ही संसदीय क्षेत्र से सांसद रहे। बाल गोविंद वर्मा खुद तीन बार, उनकी पत्नी ऊषा वर्मा तीन बार और उनके पुत्र रवि प्रकाश वर्मा तीन बाद लोकसभा सदस्य रहे। कुल मिलाकर नौ बार सांसदी एक ही परिवार में रही, लेकिन इस बार उनका परिवार चुनाव मैदान से बाहर है। हालांकि रवि प्रकाश वर्मा की पुत्री डॉ. पूर्वी वर्मा सपा से टिकट मांग रही थी, लेकिन चुनाव से पहले वह पिता के साथ कांग्रेस में चली गईं। लेकिन गठबंधन के कारण सपा यह सीट छोड़ने को तैयार नहीं हुई। बहरहाल, अब अगर उनका परिवार चुनाव मैदान में नहीं उतरता है तो 62 साल में पहली बार चुनावी लड़ाई के बाहर रहेगा।

## 2019 के चुनाव का लेखा जोखा




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | अजय मिश्र टेनी | 3,98,578 |
| बसपा | अरविन्द गिरि | 2,88,304 |
| कांग्रेस | जफर अली नकवी | 1,83,940 |
| सपा | रवि प्रकाश वर्मा | 1,60,112 |




2014 नोटा 12,031 | 2019 नोटा 8,750

### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1951 | रामेश्वर प्रसाद नेवटिया | कांग्रेस |
| 1957 | कुशवक्त राय | प्रजा सोशलिस्ट पार्टी |
| 1962,67 व 71 | बालगोविंद वर्मा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | सुरथ बहादुर शाह | जनता पार्टी |
| 1980 | बालगोविंद वर्मा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1980, 84 व 89 | उषा वर्मा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1991 व 96 | गेंदन लाल कनौजिया | भारतीय जनता पार्टी |
| 1998, 99 व 04 | रवि प्रकाश वर्मा | समाजवादी पार्टी |
| 2009 | जफर अली नकवी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 व 19 | अजय मिश्र टेनी | भारतीय जनता पार्टी |

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | जफर अली नकवी | 184,982 |
| बसपा | इल्यास आजमी | 176,205 |
| भाजपा | अजय कुमार | 162,850 |
| सपा | रवि प्रकाश वर्मा | 153,491 |

### 2024

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 18,62,469 |
| पुरुष मतदाता | 9,87,644 |
| महिला मतदाता | 8,74,783 |
| थर्ड जेंडर | 42 |




## गेहूं की जगह देंगे मुफ्त आटा : राजेन्द्र चौधरी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं को आश्वासन दिया है कि वह मुफ्त राशन में गेहूं की जगह आटा देंगे। यह आटा देश की सबसे अच्छी कम्पनियों के आटे के मुकाबले का होगा। इसके लिए मंडियों के पास ही अत्याधुनिक तकनीकी वाला 'आटा प्लांट' लगाएंगे जिससे स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार भी मिलेगा। रविवार को जारी एक बयान में राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि, सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा आटा-डाटा का अधिकार शीर्षक से अपने चुनावी घोषणा पत्र में यह भी दावा किया है कि हर राशनकार्ड धारक परिवार को 500 रुपये का मोबाइल डाटा भी मुफ्त दिया जाएगा। इस तरह हर राशन कार्ड धारक को आटा के साथ डाटा का अधिकार भी मुफ्त मिलेगा।

### इलेक्शन बायस्कोप

लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों का प्रचार राजधानी में दिन प्रतिदिन तेज होता जा रहा है, इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी का प्रचार करता वाहन।

## नुक्कड़ सभाओं में गिनाईं भाजपा सरकार की उपलब्धियां

**लखनऊ:** लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह के पक्ष में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में प्रचार शुरू कर दिया है। रविवार को विभिन्न क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर सरकार की उपलब्धियां बताईं। राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा ने प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने की बात कही। शर्मा ने पश्चिम विधानसभा और नौबस्ता में सभाएं की। जबकि लोकसभा संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा ने पूर्व विधानसभा के शंकर पूर्व द्वितीय वार्ड में, विधायक डॉ. नीरज बोरा ने महामंत्री राम अवतार कनौजिया के साथ उत्तर विधानसभा के त्रिवेणी नगर वार्ड स्थित 60 फुटा रोड पर और हुसैनाबाद वार्ड में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। इस दौरान नौबस्ता सभा में अंजनी श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, पार्षद अनूप कमल सक्सेना, मंडल अध्यक्ष राजेश मिश्रा, कृष्ण प्रताप सिंह, अरविंद शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# सात बार बदले महावत...

## फिर भी अमेठी में मंजिल पर नहीं पहुंचा बसपा का हाथी

नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर रायबरेली

**अमृत विचार।** अमेठी में 'हाथी' ने आगे बढ़ने की कोशिश तो बहुत की, उसकी चाल को तेज करने के लिए हर चुनाव में 'महावत' भी बदले गए, लेकिन 'हाथी' मंजिल तक नहीं पहुंच सका। यहां अब तक बहुजन समाज पार्टी से चुनावी रणभूमि में उतरे सभी प्रत्याशियों को पराजय ही मिली है।

अमेठी में अब तक 07 बार चुनावी रणभूमि में उतरी बसपा ने कोशिश तो बहुत की लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। यहां तक कि बसपा संस्थापक कांशीराम 1989 के चुनाव में राजीव गांधी से मुकाबला करने के लिए स्वयं चुनावी रणभूमि में उतरे। लेकिन 25400 वोट पाकर वो तीसरे नंबर पर रहे। उसके बाद 1996 के चुनाव में बसपा ने चौधरी मोहम्मद ईशा, 1998 में मोहम्मद नईम, 1999 में पारस नाथ मौर्य को उतारा गया लेकिन तीनों ही चुनाव में बसपा तीसरे नंबर पर रही। 2004 के चुनाव में बसपा तीसरे से दूसरे नंबर पर गई। राहुल गांधी का मुकाबला करते हुए बसपा प्रत्याशी चंद्र प्रकाश मिश्रा मटियारी को 99326 वोट पाकर दूसरे नंबर पर रहे। 2009 में भी बसपा प्रत्याशी आशीष शुक्ला भी 93997 वोट पाकर दूसरे नंबर पर रहे।

### स्मृति के आने पर तीसरे नंबर पर पहुंची बसपा

**गंजमुरादाबाद, उन्नाव।** 2004 और 2009 के चुनाव में राहुल गांधी को चुनौती देकर दूसरे नंबर पर रही बसपा 2014 में भाजपा से केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी के आने से फिर तीसरे नंबर पर पहुंच गई। 2014 में मुख्य लड़ाई भाजपा और कांग्रेस में हो गई जिससे बसपा प्रत्याशी धर्मेंद्र प्रताप सिंह 57716 वोट पाकर फिर तीसरे नंबर पर चले गए। वहीं 2019 में बसपा ने अपना प्रत्याशी ही नहीं उतारा।

- पार्टी के संस्थापक कांशीराम भी उतर चुके हैं 1989 के चुनाव में, तीसरे नंबर पर रहे

### बसपा प्रत्याशी की नहीं हुई घोषणा

2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भले कुछ ही दिन बचे हैं लेकिन अभी तक बसपा ने अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। बसपा अपना प्रत्याशी उतारेगी या नहीं, ये आने वाले समय में ही पता चलेगा।

## चुनावी चक्कर

- **भाजपा पर मायावती के तेवर देख बजी तालियां :** लोकसभा चुनाव में का मौका हर राजनीतिज्ञ को इतना मुखर कर देता है कि खुलकर उसकी मनोभावनाएं सामने आने लगती हैं। चुनाव से पहले कई मौकों पर चुप्पी साध लेने के कारण भाजपा की बी टीम होने आरोप झेल चुकी बसपा की मुखिया मायावती इन दिनों चुनाव प्रचार करते हुए भाजपा पर भी तीखे हमले से करने से पीछे नहीं हट रहीं। एक जनसभा में उन्होंने कहा कि गरीबों और किसानों का जो हाल कांग्रेस के समय था, वही भाजपा के समय है। जैसे कांग्रेस ने इनका अहित किया वैसे भाजपा भी कर रही है। आगे उन्होंने कहा कि भाजपा की करनी और कथनी में भी बड़ा अंतर है।
- **आखिर कहना क्या चाहते हैं जयंत चौधरी?:** यहां भी चुनाव के मौके पर नेता के मुखर हो जाने वाला उदाहरण है। राष्ट्रीय लोकदल प्रमुख जयंत चौधरी जब मथुरा से भाजपा की उम्मीदवार हेमा मालिनी का प्रचार करने पहुंच तो उन्होंने कहा, मैं भी बचपन से हेमा मालिनी जी का फैन था। फिर हेमा जी 2009 में मेरे चुनाव प्रचार में आईं, मुझे नहीं पता था कि हम फिर आमने-सामने होंगे। 15 साल हो गए तो अगर मेरी और हेमा जी की कोई फिल्म बनती तो उसका टाइटल होता ''15 साल बाद'' क्योंकि आज फिर से 15 साल बाद मैं इनके लिए प्रचार करने आया हूं।

अकामान् कामयति यः कामयानान् परित्यजेत्।
बलवन्तं च यो द्वेष्टि तमाहुर्मूढचेतसम् ॥

जो व्यक्ति अपने हितैषियों को त्याग देता है तथा अपने शत्रुओं को गले लगाता है और जो अपने से शक्तिशाली लोगों से शत्रुता रखता है, उसे महामूर्ख कहते हैं।

## संपादकीय

# जलवायु वित्त पर सुस्ती

जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया में आर्थिक असमानता बढ़ती जा रही है। यानि ग्रीन हाउस गैसों के सबसे बड़े उत्सर्जक देश पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन का मुख्य स्रोत अमीर देश हैं। परंतु इसका सर्वाधिक प्रभाव गरीब देशों पर पड़ रहा है। गरीब देश लगातार जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले नुकसान की आर्थिक भरपाई की बात अमीर देशों से करते हैं, पर बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश चुप्पी साध लेते हैं। एक अध्ययन के अनुसार जलवायु परिवर्तन के कारण वर्ष 2050 तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रत्येक वर्ष औसतन 19 प्रतिशत का नुकसान होगा। अमेरिका और यूरोप में जलवायु परिवर्तन के कारण अर्थव्यवस्था में औसतन 11 प्रतिशत का नुकसान होगा। सर्वाधिक नुकसान, 22 प्रतिशत, अफ्रीका और दक्षिण एशिया में होगा। मार्च-अप्रैल के महीनों में ही दुनिया के तमाम क्षेत्रों में भीषण गर्मी से वैज्ञानिक भी हैरान हैं। देश में दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में गर्मी का कहर जारी है और देश के कई हिस्सों में तो लू भी चल रही है। साथ ही अनेक आपदाएं या उनके प्रभाव वैज्ञानिकों को भी हैरान करती हैं। जाहिर है वैज्ञानिकों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर नए सिरे से अध्ययन करने की जरूरत है। क्योंकि अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए देशों को अपना रवैय्या बदलना होगा वरना शताब्दी के अंत तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में होने वाला नुकसान 60 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। अध्ययन में बताया गया है कि वैश्विक स्तर पर तापमान वृद्धि को रोकने के लिए जितने खर्च की जरूरत है, इससे होने वाला नुकसान लगभग 6 गुना अधिक है, यानि तापमान वृद्धि को नियंत्रित करना इससे होने वाले नुकसान की तुलना में बहुत सस्ता है। आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था ने 2020 से 3,300 अरब डॉलर खो दिए हैं। उन्होंने कहा कि सबसे गरीब देश अपने बजट का 14 प्रतिशत से अधिक ऋण भुगतान पर खर्च करते हैं।

विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने उम्मीद जताई कि दानदाता अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ (आईडीए) के माध्यम से सबसे गरीब देशों के लिए अतिरिक्त 100 अरब डॉलर की सहायता का इंतजाम कर सकते हैं। शनिवार को विश्व बैंक और आईएमएफ की समाप्त हुई वसंत बैठकों के दौरान जी7 और जी20 के वित्त मंत्रियों के बीच जलवायु और विकास उद्देश्यों के लिए विकासशील देशों को वित्त मुहैया कराने पर चर्चा हुई। चिंताजनक है कि बैठकें जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए जरूरी खरबों डॉलर जुटाने की ठोस योजना के बिना खत्म हो गईं। विडंबना है कि तापमान वृद्धि को रोकने की गंभीर पहल किसी भी देश में नजर नहीं आ रही है।

# दक्षिण फतेह करने में भाजपा को योगी-सावंत पर भरोसा

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

नरेंद्र मोदी और अमित शाह लगातार अन्नामलाई के नेतृत्व को अपना समर्थन देते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के सघन दौरे किए। उनकी सभाओं में भारी जनसमूह उमड़ा। उन्हें सुना गया। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जनता को विस्तार से दी।

पिछली 19 अप्रैल को तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीटों के लिए मतदान हो गया। तमिलनाडु में हिंदू आबादी 87 फीसद से अधिक है। इधर भाजपा को इस बार बेहतर प्रदर्शन करने का भरोसा है। भाजपा कोयंबटूर और कन्याकुमारी को छोड़कर राज्य में कहीं कोई बड़ी पकड़ नहीं बना सकी है। जानने वाले जानते हैं कि तमिलनाडु में भाजपा मजबूत नहीं हुईं इसका सबसे बड़ा कारण राज्य में नेतृत्व का अभाव रहा। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इस धारणा को बदल दिया है। और फिर पूर्व आईपीएस अधिकारी के. अन्नामलाई को तमिलनाडु का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद द्रविड़ पार्टी के प्रभुत्व वाले दक्षिणी राज्य में भाजपा की संभावनाएं काफी बढ़ गई हैं। अन्नामलाई राज्य में पार्टी के लिए जमीन तैयार करने में काफी हद तक सफल भी हुए हैं।

नरेंद्र मोदी और अमित शाह लगातार अन्नामलाई के नेतृत्व को अपना समर्थन देते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के सघन दौरे किए। उनकी सभाओं में भारी जनसमूह उमड़ा। उन्हें सुना गया। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जनता को विस्तार से दी। भाजपा को इस बार तमिलनाडु में मछुआरों, महिलाओं तथा समाज के अन्य वर्गों से वोट मिले हैं। भाजपा मतदाताओं के सामने भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति के मुद्दों को लेकर गई। अन्नामलाई ने पूरे राज्य की पदयात्रा करके भाजपा के लिए माहौल बनाया। सात महीने की लंबी यात्रा का समापन स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। कोयंबटूर से खुद अन्नामलाई चुनावी मैदान में थे। अमित शाह का दावा है कि 4 जून को देश तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में भी चौंकाने वाले नतीजे देगी। दक्षिण भारत में लोकसभा की कुल मिलाकर 130 सीटें हैं। इसमें तमिलनाडु (39), कर्नाटक (28), आंध्रप्रदेश (25), तेलंगाना (17), केरल(20) और पुदुचेरी (1) शामिल हैं।

भाजपा ने दक्षिण का किला फतेह करने के लिए इस बार अपने दो बेहद तेज–तर्रार मुख्यमंत्रियों क्रमशः योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है। यह दोनों ही अपने कुशल नेतृत्व के चलते उत्तर प्रदेश और

इस बीच, 2019 के लोकसभा चुनाव में केरल में लगभग क्लीन स्वीप करने वाली कांग्रेस को इस बार सीपीएम और भाजपा दोनों तरफ से चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। दोनों की कांग्रेस के वोट बैंक पर नजर है। सीपीएम जहां कांग्रेस के मुस्लिम वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है, वहीं भाजपा ईसाई मतदाताओं को साधने में जी–जान लगा रही है। दोतरफा चुनौतियों से निपटने के लिए कांग्रेस संभल–संभल कर कदम बढ़ा रही है। 2019 में केरल में कांग्रेस अपने सहयोगियों के साथ 19 सीटें जीतने में सफल रही थी। सत्तारूढ़ सीपीएम के खाते में सिर्फ एक सीट आई थी। लोकसभा की 20 सीटों वाले केरल में भाजपा अभी तक खाता नहीं खोल पाई है।

गोवा को विकास की बुलंदियों पर लेकर जा रहे हैं। प्रमोद सावंत कर्नाटक में भाजपा के उम्मीदवारों के पक्ष में कैंपन कर रहे हैं। वे कर्नाटक में अपना भाषण कन्नड़ में देते हैं। योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत की अखिल भारतीय छवि बन चुकी हैं। योगी आदित्यनाथ पूर्व में कर्नाटक में कैंपन करते रहे हैं। उन्हें कर्नाटक का युवा, मेहनतकश और महिलाएं बहुत ध्यान से सुनती हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश को देश के सबसे विकसित होते राज्य की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। अगर बात प्रमोद सावंत की करें तो वे गोवा की स्थापित छवि को बदल रहे हैं। वे चाहते है कि गोवा को उसके समुद्री तटों, गिरिजाघरों के अलावा उसके समृद्ध अतीत के रूप में भी जाना जाए। गोवा को लेकर एक खास तरह की धारणा बना दी गई है, जबकि सच्चाई यह है कि गोवा सनातन भूमि है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने पर्यटन संग आध्यात्मिक राष्ट्रवाद से गोवा को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। बेशक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ यह दोनों भी दक्षिण भारत में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में अहम रोल निभाने जा रहे हैं।

अगर बात कर्नाटक की करें तो यहां पर भाजपा बड़ी मौजूदगी है। भाजपा ने पहली बार 2008 में कर्नाटक में अपनी उपस्थिति दर्ज की थी। भाजपा तटीय कर्नाटक क्षेत्र में मजबूत है। कर्नाटक में भाजपा के मजबूत होने का एक और कारण जाति है। कर्नाटक में लिंगायत और ब्राह्मण हमेशा भाजपा का समर्थन करते हैं जबकि वोक्कालिगा, दलित और अल्पसंख्यक या तो कांग्रेस या जनता दल (सेक्युलर) को वोट देते हैं। कर्नाटक वास्तव में भाजपा के लिए एक गढ़ है। यह भारत के दक्षिण में एक ऐसा राज्य है जहां भाजपा अपनी राजनीतिक पैठ बनाने में अकेले सक्षम है।

केरल में 54 फीसद आबादी हिंदू है। यह दक्षिण भारत का एकमात्र राज्य है जहां किसी भी एक दल को अकेले राज्य विधानसभा में पूर्ण बहुमत नहीं मिलता। केरल का चुनाव गठबंधन से ही जीता जाता है। कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट है तो कम्युनिस्ट पार्टियों के नेतृत्व वाला लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट। भाजपा केरल में अपनी जगह बनाने में लगी है। भाजपा के खिलाफ केरल में यह प्रचार किया गया है कि यह हिंदी पार्टी है। स्थानीय स्तर पर भाजपा कैडर धार्मिक उन्मादियों से लड़ रहे हैं।

केरल में ईसाई समुदाय तेजी से भाजपा की ओर आ रहा हैं। केरल का ईसाई समुदाय कैथोलिक और गैर कैथोलिक के बीच विभाजित है। कैथोलिक वेटिकन के साथ पूरी तरह नहीं जुड़े हैं। केरल में मोटे तौर पर 8 प्रमुख ईसाई समुदाय हैं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि प्रत्येक ईसाई समुदाय के बीच दूसरे के साथ प्रतिद्वंद्विता है। ऑर्थोडॉक्स और जैकोबाइट के बीच लड़ाई सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंच चुकी है। वहां कोई भी एक पार्टी पूरे ईसाइयों का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकती और अधिकांश ईसाई ऐतिहासिक रूप से कम्युनिस्ट विरोधी हैं।

कैथोलिकों के भीतर कुछ समुदायों ने धीरे-धीरे भाजपा को एक संभावित विकल्प के रूप में तलाशना शुरू कर दिया है। ईसाई समुदाय परंपरागत रूप से राजनीतिक शक्ति समीकरणों में एक प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं। वे लंबे समय तक सत्ता से बाहर रहना बर्दाश्त नहीं कर सकते, इसलिए उनसे तालमेल बिठा रहे हैं जिनके पास शक्ति है। पादरी वर्ग के कई सदस्य माकपा से मिले अपमानों को दृढ़ता से याद करते हैं और अपना भविष्य भाजपा के साथ देखते हैं। इस मामले में गृह मंत्री अमित शाह की सक्रियता देखने लायक है, वह लगातार इन पादरियों के साथ बने हुए हैं। उनकी विशेष भूमिका केरल में भाजपा के लिए वरदान साबित हो सकती है।

इस बीच, 2019 के लोकसभा चुनाव में केरल में लगभग क्लीन स्वीप करने वाली कांग्रेस को इस बार सीपीएम और भाजपा दोनों तरफ से चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। दोनों की कांग्रेस के वोटबैंक पर नजर है। सीपीएम जहां कांग्रेस के मुस्लिम वोटबैंक में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है, वहीं भाजपा ईसाई मतदाताओं को साधने में जी-जान लगा रही है। दोतरफा चुनौतियों से निपटने के लिए कांग्रेस संभल-संभल कर कदम बढ़ा रही है। 2019 में केरल में कांग्रेस अपने सहयोगियों के साथ 19 सीटें जीतने में सफल रही थी। सत्तारूढ़ सीपीएम के खाते में सिर्फ एक सीट आई थी। लोकसभा की 20 सीटों वाले केरल में भाजपा अभी तक खाता नहीं खोल पाई है। केरल में मुस्लिम 28 फीसदी और ईसाई लगभग 18 फीसदी हैं। जाहिर है केरल की राजनीति की दशा और दिशा निर्धारित करने में इनकी अहम भूमिका है। ईसाई वोट बैंक मुख्यरूप से कांग्रेस के पास है और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के साथ गठबंधन में मुस्लिम वोट बैंक भी काफी हद तक जुड़ जाता है। बहरहाल तमाम विपरीत परिस्थितियों के भाजपा दक्षिण भारत के राज्यों में 2024 के लोकसभा चुनावों में बड़ी सफलता हासिल करने का ख्वाब देख रही है। अगर उसका ख्वाब सच हुआ तो उसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति के साथ-साथ योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को भी क्रेडिट देना होगा।

## व्यंग्य

# गुरूर से भरा व्यस्त आदमी

दुनिया में बस एक काम ऐसा है जो करने वालों के सौ फीसदी खुश रहने की गारंटी दे सकता है। वो है गोलगप्पे बेचने का काम। शशि थरूर से कम किस्मत का धनी नहीं होता ये बंदा। ये नाम के साथ साथ झोले भर–भर कर नोट भी कमाता है और पेट भर खुश भी रहता है।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

वर्क सेटिस्फैक्शन जैसी चीज देखी सुनी है आपने? शेखचिल्ली जैसी ऐसी मनोकामना जिसे हासिल करना चील के मूत्र की तरह दुर्लभ है। इसका मतलब ये कि आप को अपना पेट पालने के लिए अपना मनपसंद काम करने को मिले। ऐसा काम जिसे करने में आपको मजा भी आए और आप नोट भी छापें। मजे की बात हमारे देश में और पूरी दुनिया में, सौ में से नब्बे इस बात को लेकर ज़िंदगी भर दुखी रहते है। पैसे भले कमा लें पर कसक रहती है उनके मन में। यार मजा नहीं आ रहा लाईफ में। इसके बजाए वो काम कर पाता तो मैं ज्यादा खुश रहता।

अब सत्रह सौ साठ जरिए पेट पालने के। करोड़ों अरबों लोग। हर आदमी को उसका मनपसंद काम करने का मौका हासिल हो ये मुमकिन नहीं। आप बड़े होकर कैसे घर चलाएंगे अपना, क्या जरिया होगा उसका ये आपकी क़ाबिलियत से ज्यादा आपकी किस्मत और संयोगों पर निर्भर करता है। पर कुछ तकदीर वाले होते है ऐसे जो बतौर जॉब, मनपसंद काम कर पाते है, खुश रहते है और बाकी सभी उनसे जलते है।

दुनिया में बस एक काम ऐसा है जो करने वालों के सौ फीसदी खुश रहने की गारंटी दे सकता है। वो है गोलगप्पे बेचने का काम। शशि थरूर से कम किस्मत का धनी नहीं होता ये बंदा। ये नाम के साथ साथ झोले भर भर कर नोट भी कमाता है और पेट भर खुश भी रहता है। जहां वो होता है वहां रौनक होती है और जहां वो पहुंच जाता है, जो उसका ठिया होता है वहां रौनक होती है। वो खुद खुश रहता है और खुशियां बांटने का काम करता है। सच्चे अर्थों में यदि कोई आनंद मंत्रालय है तो वो पानीपुरी बेचने वाला ही है।

पानीपुरी बेचने वाला कभी खुद कभी अपनी पानीपुरी नहीं खाता। वो बस दूसरों को खिलाता है। और दूसरों की तृप्ति देख संतुष्ट बना रहता है। ऐसे परोपकारी लोग मिलते कहां है आजकल। दूसरों की खुशियों के लिए जीता जीसस है वो। मेरा मानना है भगवान पानीपुरी बेचने वालों को स्वर्ग में अलग से कोठियां अलॉट करते होगें। लोक और परलोक दोनों ही सुधारना हो तो पानीपुरी बेचने से अच्छा धंधा और कोई दूसरा नहीं है।

कभी गौर से देखिए उसे। बेहद खुश और गुरूर से भरा, व्यस्त आदमी। इंतज़ार करती भीड़, आकर्षक औरतों और खूबसूरत लड़कियों से घिरा, सबके आकर्षण का केंद्र, वीआईपी बंदा। सभी उससे हाथ फैलाए याचना कर रही होती है और वो मुस्कराते हुए, बारी-बारी से सभी को कृतार्थ कर रहा होता है।

उसकी क़ाबिलियत और किस्मत देख कर कौन न जले। कौन हैरान न हो। तटस्थ भाव से पूरे धीरज से काम करता आदमी। चहकती लड़कियां चाहती हैं कि वो उसकी तरफ ध्यान दे। वो बातें करता रहता है सबसे और खिलाए गए गोलगप्पों की गिनती भी याद रखता है। खूबसूरती उसे उसके टॉरगेट से भटकाने मे कभी सफल नहीं होती, इस मायने में वो विश्वामित्र को भी मात करता है।

पानीपुरी बेचने वाला वह इकलौता आदमी जिससे लड़कियां मिलने आती है, वो मिलेगा यह सोचकर भी खुश हो जाती है। जिसका औरतें इंतज़ार करती है, जिससे मिलने के लिए घड़ी देखती हैं और प्लान करती हैं। पता नहीं आप लोगों में से किस किस ने बचपन में यह सोचा था कि मैं बड़ा होकर पानीपुरी बेचने वाला बनूंगा। जो बने वो किस्मत वाले। सच्ची बात तो यह कि मुझे उन सभी पानीपुरी बेचने वालों से, जिन्होंने सोचा और बने या जो बिना सोचे बने, उन सभी से रश्क है।

# महावीर का चिंतन सूक्ष्मग्राही और गंभीर



सुशोभित

जैसे 'गीता' में श्रीकृष्ण और 'धम्मपद' में बुद्ध की वाणी है, उसी तरह से 'समण सुत्त' में भगवान महावीर की वाणी संकलित है।

## महावीर जयंती

भारत में जो ब्राह्मण-श्रमण द्वैत रहा है, उसकी प्रखर अभिव्यक्ति आज बुद्ध के माध्यम से बहुजन समाज द्वारा बहुत की जाती है, किन्तु महावीर को भुला दिया जाता है। जबकि जैन धर्म मौलिक श्रमण-धर्म है और अनीश्वरवादी है। आज सनातन के नाम पर भारत में ब्राह्मण-धर्म की विजय-पताका फहरा रही है और धीरे-धीरे फिर से वैसी परिस्थितियां निर्मित होने लगी हैं, जैसी कि बुद्ध और महावीर के कालखंड में थीं। आडंबर, कर्मकांड, मूर्तिपूजा और जीवहत्या का बोलबाला फिर से हो रहा है। धर्म में अशुद्धि चली आई है। ब्राह्मण-धर्म का परिष्कार श्रमण-धर्म से उसके सम्यक् सामंजस्य बिना संभव नहीं है और मेरे निजी मत में वेदांत वह भावभूमि है, जहां पर आकर ब्राह्मण-धर्म की औपनिषदिक-धारा श्रमण-धर्म के आत्म-प्रकाश से जा मिलती है।

जैसे 'गीता' में श्रीकृष्ण और 'धम्मपद' में बुद्ध की वाणी है, उसी तरह से 'समण सुत्त' में भगवान महावीर की वाणी संकलित है। जैनियों में दिगंबर सम्प्रदाय ने महावीर-वाणी का संकलन नहीं किया है, श्वेताम्बरों ने किया है। दिगंबर प्रायः उन वचनों को प्रामाणिक नहीं मानते। जैन आगमों में जो महावीर-वाणी है, उसे श्रुति-परंपरा से कालान्तर में लिपिबद्ध किया गया था। जैसे बौद्धों में संगीतियां हुई थीं, वैसे ही जैनों में वाचनाएं हुई थीं, जिनमें आगमों का संकलन हुआ था। दिगंबरों ने 'षटखण्डागम' को मान्यता दी है, जो कि आगमों पर आचार्य धरसेन के उपदेशों पर आधारित है। किन्तु 'समण सुत्त' का संयोजन अत्यंत अर्वाचीन है। इन्हें वर्ष 1974 में विनोबा की प्रेरणा से क्षुल्लकश्री जैनेंद्र वर्णी ने संकलित किया था। इसमें जैनागमों के सारतत्व को यों संयोजित किया गया है कि यह जैन-गीता तक कहलाया है। इसे समस्त जैन पंथों के द्वारा मान्यता दी गई। आचार्य उमास्वामी के 'तत्वार्थसूत्र' के बाद कोई दो हजार साल में पहली बार ऐसा हुआ था।

'समण सुत्त': यह अर्द्धमागधी भाषा का शब्द है, जो संस्कृत में 'श्रमण सूत्र' कहलावेगा। यहां श्रमण शब्द ध्यातव्य है। ब्राह्मण-धर्म का आधार वैदिक परंपरा है। श्रमण-धर्म का मूल जैन धर्म में है। बौद्ध और आजीवक भी श्रमण हैं। जैनियों ने बौद्धों से पहले अपना श्रमण-आंदोलन आरंभ कर दिया था। जैनियों के 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ तो कृष्ण के चचेरे भाई बतलाए हैं। नेमिनाथ और पार्श्वनाथ (23वें तीर्थंकर): दोनों में ही जीवदया अत्यंत प्रबल थी, जो महावीर की अहिंसा में शिखर पर पहुंची। ब्राह्मण संस्कृति से जैनियों का वैसा तीक्ष्ण मनोवैज्ञानिक संघर्ष नहीं रहा है, जैसा बौद्धों से रहा। इसके अनेक कारण हैं। एक दार्शनिक कारण तो बौद्धों का अनित्य-अनात्म है, जो कि सनातन के मूलाधार पर ही प्रहार करता था। इसका राजनैतिक कारण बौद्धों को मिला राज्याश्रय था, जिसने उन्हें इतिहास के एक कालखंड में भारत में केंद्रीय महत्व का बना दिया था। अशोक से आंबेडकर तक बौद्धों को राजनैतिक प्रश्रय मिलता ही रहा है। शंकर की धर्मध्वजा ने भारत में सनातन की पुनः प्रतिष्ठा की थी। किंतु श्रमणों के बिना भारत कभी पूर्ण नहीं हो सकता है।

डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल ने बहुत सुंदर बात कही है कि श्रमणों के कारण ब्राह्मण-धर्म में वानप्रस्थ और संन्यास को महत्व मिला। अहिंसा और जीवदया के मूल्य भी श्रमणों से ही मिले। वैदिक ऋषि और श्रमण मुनि कालान्तर में ऋषि-मुनि का युग्म बनकर एकाकार हो गए थे। वैदिक संस्कृति में चले आए दोषों का संशोधन श्रमणों ने किया था। इन अर्थों में श्रमण सुधारवादी, प्रगतिशील और संशोधनकारी हैं।

रजनीश ने कहा है कि जहां वैदिक धर्म अनेकता की ओर प्रसारित होता है-एकोऽहं बहुस्याम्!- वहीं श्रमण धर्म एकत्व की ओर लौटता है, बाहर से भीतर प्रतिक्रमण करता है। यह आरोह और अवरोह की तरह है। आधुनिक काल में गांधी और विनोबा श्रमण-संस्कृति से प्रभावित रहे।

भारतीय चेतना की अंतर्वस्तु में श्रमण परंपरा भी उतनी ही अनुस्यूत है, जितनी कि ब्राह्मण परंपरा। इसका संवैधानिक आलंबन यह है कि हिंदू कोड बिल के दिशानिर्देशों में सनातनियों और आर्यसमाजियों के साथ ही बौद्धों और जैनियों को भी सम्मिलित किया गया था। महावीर का चिंतन अत्यंत सूक्ष्मग्राही और गंभीर है। जैन परंपरा के पारिभाषिक शब्दों का अपना ही एक लोक है। समय, धारणा, विचार, अणु, जीव, द्रव्य, चित्त जैसे अनेक शब्दों का हम जो अर्थ निकालते हैं, जैनियों में उनके नितान्त ही भिन्न अर्थ हैं। समय को आत्मा का पर्याय बतलाकर भगवान महावीर ने एक विचार-क्रांति कर दी थी। इस विलक्षण तीर्थंकर की भारतीय चेतना में सम्यक प्रतिष्ठा हो और भोगवाद से क्लान्त भारत और विश्व में श्रमण धर्म का पुनर्भव हो ।

## सोशल फोरम

# सवेरा दस्तक देगा



कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

लोकतंत्र में किसी नागरिक को न तो डरना चाहिए और न ही निराश होना चाहिए। लोकतंत्र में कोई अजेय नहीं होता। यह नहीं भूलना चाहिए कि कभी-कभी प्रतिपक्ष इतिहास में सत्ता से बड़ा हो जाता है। लोहिया जी या जयप्रकाश जी कहीं सत्ता में रहते हुए प्रतिपक्ष थे क्या? दिक्कत तब खड़ी नहीं होती, जब हर विरोधी खुद को इतिहास निर्माता कहता है, तब होती है जब बिना परखे बुद्धिजीवी और जनता उस पर यकीन करने लगती है। किस महान ने कहा कि हम महान् हैं और हम इतिहास बदलने के लिए पैदा हुए हैं? बताइये तो! अगर तोल्स्तोय, लेनिन, अंबेडकर, भगतसिंह, रवीन्द्रनाथ टैगोर या प्रेमचंद के साथ फोटो टांग कर उनकी तरह हो जाना होता तो नोबेल पुरस्कार हर साल कम पड़ जाते।

गांधी पर देश को यकीन करने में वक्त लगा था। उनको थेथरई वाले तर्कशास्त्रियों की जरूरत न पड़ी थी। संभव है कोई अंदर से छद्म और उच्चका भी तो हो सकता है। बाहर का जासूस हो सकता है। विदेशी पैसे पर पलने वाला पिल्लू हो सकता है। इसलिए ठहरिये, रुकिये, विचार कीजिए। खूब मनन कीजिए। परखिये कि इसके कथन और आचरण में भेद तो नहीं है। विचार और व्यवहार में मेल है या नहीं। नहीं है तो उसे न ढंकिये, न उसका बचाव कीजिए और उससे सटिये तो हरगिज नहीं। अपने भीतर कर सकें तो आलोचनात्मक विवेक पैदा कीजिए और खुलकर कहने का साहस दिखाइये। खुद वही मत बन जाइये। नहीं तो आगे आप जनता को और गहरी हताशा और निराशा में धकेलने जा रहे हैं। यह मत भूलिए कि जाने-अनजाने विरोध में समर्थन और समर्थन में विरोध का भाव छुपा रहता है। मेरे सोचने का तरीका अलग है। इस विशाल देश की विशाल आबादी में कहीं तो सुगबुगाहट होगी? कुछ तो सुलग रहा होगा। 1857 में जो हुआ, वह अचानक न था। 90 साल तक लड़ना पड़ा था। इतिहास समय-समय पर खुद को दुरुस्त करता है। विचार और जज्बा बना रहे बस। इसीलिए खुद को बराबर टटोलते रहिये। वैचारिक विकलांग होकर इतिहास बदलने की हड़बड़ी मत कीजिए। इतिहास में रात कभी-कभी बहुत लंबी हो जाती है लेकिन सवेरा दरवाजे पर जरूर दस्तक देगा। इतना तो तय है।

-फेसबुक वॉल से

# सगुन असगुन

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इन ग्रामीण शब्दों को तत्सम रूप में शगुन, अशगुन कहते हैं। आधुनिकतावादी, वैज्ञानिकता की लाठी भांजने वाले भले ही इन्हें अंधविश्वास कहें, किंतु यह होते तो हैं ही। विज्ञ एवं विद्वान पूर्वजों ने अपने सर्वेक्षणों और अनुभवों के आधार पर ही इन्हें मान्यता दी है। अंग्रेजी में भी 'आस्पिशस' और 'ओमिनस' शब्द तो हैं ही, यानी वे भी यह सब मानते हैं। हमारे धर्म ग्रंथों में जगह जगह इन्हें मान्यता दी गई है और विवेचना है। राजा दशरथ जब बारात लिए श्रीराम के विवाह हेतु मिथिला जा रहे हैं, तो उन्हें नाना प्रकार के शकुन होते हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने 'रामचरितमानस' में कहा है कि बारात के सामने दही, मछली और पुस्तकें लिए दो ब्राह्मण दिखाई पड़े। "सम्मुख आयउ दधि अरु मीना। कर पुस्तक दुइ विप्र प्रवीना"।। अपने दोहावली ग्रंथ में तुलसी बाबा कहते हैं: "नकुल सुदरशन दरसनी, क्षेमकरी चक चाष। दस दिसि देखत सगुन सुभ, पूजहिं मन अभिलाष"।। यानी यदि नेवला, दर्पण, मछली, सफेद चील्ह, चकवा, नीलकण्ठ यदि किसी दिशा में दिख जाएं,तो जिस कार्य से जा रहे हैं, पूरा होगा। श्रीमद्भागवत में जब अक्रूर मथुरा से ब्रज श्रीकृष्ण को लिवाने जा रहे हैं, तो उन्हें तमाम शकुन हुए। गरुड़ पुराण,अध्याय'-46 में शकुन अपशकुनों का वर्णन आया है। आचार्य वराह मिहिर ने "वृहत्संहिता",अध्याय-85 में शकुन अशकुन संदर्भित किए हैं और इन्हें पूर्व जन्म के शुभाशुभ कर्मों से जोड़ा है, यानी ज्योतिष शास्त्र भी यह सब मानता है। चलते समय छींक हो जाय तो अशुभ, किंतु यदि लगातार दो छींकें हों तो शुभ। लोकोक्ति है, "एक नाक दुइ छींक। जहां जाय तहँ नीक"।। बिल्ली और सांप रास्ता काटे, श्रृगाल रोता दिखे, तो अशकुन। राधेश्याम जी अपनी रामायण में ऐसे अशुभ प्रयाण के बारे में कहते हैं, "आगे चल देखे बहुत रोते हुए श्रृगाल। और बढ़े तो रास्ता रोक रहे थे व्याल"।। रास्ते में छूंछे घड़े मिलना, कुत्ते का कान फटफटाना अशुभ है। जनक के धनुष यज्ञ में तमाम राजा आए थे, जो असफल रहे थे। दरबारी एक राजा से पूछता है कि 'महाराज! आप शकुन विचार कर चले होंगे'? तो वह कहता है हां, "छूंछे घट मग में मिले श्वान हिलायेसि कान। ऐसो सगुन विचारि कै तब हम कीन पयान", और फिर उसकी खिल्ली उड़ाई जाती है। स्त्री के बाम अंग फड़कना शकुन, दाहिने अंग फड़कना अशकुन। जब सीता जी ने गौरी पूजन किया और उन्हें पार्वती माता का आशिष मिल गया, तो उनके बायें अंग फड़कने लगे। "मंगल मंजूल मूल बाम अंग फरकन लगे"। ठीक इसके विपरी मेघनाद वध के सभय उसकी पत्नी सुलोचना की दाहिनी भुजा फड़कने लगी थी। "प्रेम सुभाय धुकधुकी धरकी। सूचक अशुभ दहिन भुज फरकी"।। लोमड़ी, गाय-बछड़ा, श्यामा चिड़िया,वैश्या का सामने आ जाना शकुन है। बायीं गदेली में खुजली होना अच्छा होता है। पैसा आने की संभावना बनती है। दाहिनी गदेली की खुजली व्यय की सूचिका होती है। पुच्छल तारा निकलना अशुभ है। वृद्ध बुद्धिहीनता की बातें करें और बच्चे बड़ों की तरह,तो ये बुरी घटना होने के लक्षण हैं। "जूलियस सीज़र" नाटक में शेक्सपियर ने इसका उल्लेख किया है और पश्चात् सीज़र मारा गया और रोम में युद्ध हुआ। स्वप्न में सूखे पेड़, जलाशय, कर्कश पक्षी दिखना, जागृत में ध्रुव तारा न दिखाई पड़ना, दीपक बुझने पर उड़ने वाली गंध न महसूस होना मृत्यु की निकटता के सूचक हैं, ऐसा आयुर्वेद ग्रंथ कहते हैं। महोत्सव या पर्व उपस्थित होने पर किसी स्वजन की मृत्यु असगुन है, कहते हैं 'खोट' हो गई। शिशु जन्म या गाय द्वारा बछड़ा जनना सगुन मान्य है। इनका विस्तार अपार है। इस पर काम होना चाहिए और वैज्ञानिकता से सह-संबंध स्थापित किया जाना चाहिए। ये हमारी संस्कृति के अंगभूत हैं।

# पृथ्वी बनाम प्लास्टिक

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

विश्व पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल को मनाया जाता है, जो जल जंगल और जमीन के सरक्षण के साथ साथ प्लास्टिक के कचरे को कम कर पृथ्वी को बचाने का भी संदेश देता है, इस बार के पृथ्वी दिवस की थीम भी पृथ्वी बनाम प्लास्टिक है, यह जानकर हैरानी होती है कि प्लास्टिक की औसत प्रति व्यक्ति खपत 20 किलो है आज चलन में प्लास्टिक की खपत बढ़ती ही जा रही है फूड पैकेजिंग, वाटर बाटेल, दैनिक उपयोग की अन्य तमाम वस्तुओं में प्लास्टिक का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है। इस प्लास्टिक को नष्ट करना असंभव सा होता है, इससे पर्यावरण तो दूषित हो ही रहा है कचरे के रूप में फेके जा रहे प्लास्टिक से पशु और समुद्री जीवों के पेट में यह पहुंच कर बेहद नुकसान पहुंचा रहा है लेकिन दुर्भाग्य इस बात का है तमाम तरह के प्रतिबंध के बाद भी प्लास्टिक और पन्नियों का प्रयोग प्रचलन में है। बिगड़ते पर्यावरण पर आज नामचीन नेता मौन हैं, क्या पर्यावरण संरक्षण की सारी जिम्मेदारी मात्र आम जनता की है। हमारी सत्ताएं आखिर कब अपनी चुप्पी तोड़ेगी, धन्य है हमारी सुप्रीम कोर्ट जिसने काटे जा गए वृक्षों के लिए माननीयों को दंडित कर समाज को सचेत किया है।

बढ़ती मानवीय आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए जो वन काटे जा रहे हैं उससे समान्तर जिंदगी जीने वाले पशु पक्षियों पर बुरा असर हो रहा है। आखिर इनके रहने का ठिकाना कहां बनेगा, क्या किसी ने सोचा है। यही सही समय है पर्यावरण प्रेमी जल जंगल जमीन को बचाने के लिए आगे आएं और वोट मांगने वाले राजनेताओं से इस विषय में भी प्रश्न करें। अन्यथा देश के तमाम बड़े शहरों को बंगलौर बनने में देर नहीं लगेगी।

# पेपर आउट कराने में प्राइवेट स्कूलों के खेल का खुलासा

## लखनऊ के जीडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल का प्रबंधक भी शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रयागराज के एसपी ब्लू स्टॉर पब्लिक स्कूल और विशप जानसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज का भी नाम

**अमृत विचार :** एसटीएफ की गिरफ्त में आए चारों आरोपी डॉ शरद सिंह पटेल, कमलेश कुमार उर्फ केके, अर्पित विनीत यशवंत व अभिषेक शुक्ला ने पूछताछ में बताया कि डॉ शरद सिंह पटेल ने सौरभ शुक्ला (प्रबन्धक, जीडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल पारा लखनऊ) के साथ मिलकर आरओ-एआरओ परीक्षा 2023 का पेपर परीक्षा केन्द्र से आउट कराने की योजना बनाई।

सौरभ शुक्ला ने कमलेश कुमार पाल, प्रबंधक एसपी ब्लू स्टार पब्लिक स्कूल झूसी प्रयागराज, को इस योजना में शामिल किया। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए कमलेश कुमार पाल ने कई बार लखनऊ आकर सौरभ शुक्ला व डॉ शरद सिंह पटेल से मुलाकात की। कमलेश कुमार पाल ने बताया कि विशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज प्रयागराज का परीक्षा कार्य देखने वाले अर्पित विनीत यशवंत से उसकी सेटिंग हैं। जो परीक्षा केन्द्र पर पेपर पहुंचने के बाद पेपर आउट कर व्हाटसएप पर भेज देगा। अर्पित विनीत यशवंत ने कमलेश कुमार पाल उर्फ केके से पांच लाख रुपये में पेपर आउट कराना तय किया था तथा एक लाख रुपये परीक्षा से पूर्व एडवांस प्राप्त किया। शेष धनराशि कार्य होने के बाद देना तय हुआ था।

### गार्ड दो तो आरोपी 1-1 बंडल स्ट्रांग रूम में ले गए

पेपर के कुल चार बंडल थे, जिसमें से दो बंडल गार्ड, व एक-एक बंडल अर्पित विनीत यशवंत व कमलेश कुमार पाल उर्फ केके लेकर नीचे से प्रथम तल पर स्थित स्ट्रांग रूम में ले गये। गार्ड व अर्पित विनीत यशवंत अपने बंडल स्ट्रांग रूम में रखे, लेकिन पूर्व योजना के अनुसार कमलेश कुमार पाल उर्फ केके अपना बंडल स्ट्रांग रूम के ठीक बगल में स्थित मेडिकल रूम में लेकर चला गया तथा वहां पहले से रखे कटर की सहायता से बंडल खोलकर चारों सिरीज के पैकेट खोलकर अपने मोबाइल से फोटो खींचा तथा पैकेट व बंडल को पुन: उसी तरह टेप की सहायता से चिपका दिया।

# 50 हजार का इनामी मुंबई में चेंबूर से गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** एसटीएफ की वाराणसी इकाई ने रविवार को गाजीपुर जिले के 50 हजार के इनामी अपराधी को मुंबई के चेंबूर से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ इस अपराधी को 2017 से ही तलाश कर रही थी। अपराधी पुलिस के डर से मुंबई चला गया था, ऐसे हालात में अपराधी के घर वालों ने दो ग्रामीणों के खिलाफ इसके अपहरण का मुकदमा भी दर्ज करा दिया। गाजीपुर के बहरियाबाद के रहने वाले सद्दाम हुसैन के खिलाफ कोतवाली में गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज है। लंबे समय तक जब सद्दाम पुलिस के पकड़ में नहीं आया तो पुलिस ने सद्दाम पर 50 हजार का इनाम घोषित कर दिया। सद्दाम भागकर गाजीपुर से मुंबई पहुंचा और वहां पर जीवन यापन के लिए आटोरिक्शा चलाने लगा और बाद में हुंडई के वर्कशाप में काम करने लगा। वहीं सद्दाम के घर वाले उसे गाजीपुर में ही तलाशते रहे। एसटीएफ अफसरों के मुताबिक सद्दाम हुसैन के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# हादसों और मौतों में कानपुर नगर सबसे आगे, बरेली 10वें स्थान पर

नीरज मिश्र, लखनऊ

- प्रयागराज दूसरे, बुलंदशहर तीसरे नंबर पर

**अमृत विचार :** परिवहन विभाग ने हादसों और मौतों में अव्वल रहने वाले जिन टॉप-20 जिलों की सूची जारी की है, अगर जिम्मेदार उन्हीं पर गंभीर हो जाएं तो हादसों और मौतों का ग्राफ धड़ाम से नीचे आएगा। करीब 42 प्रतिशत से अधिक मौत इन्हीं जिलों में होती हैं। सड़क सुरक्षा टीम का 4-ई कॉन्सेप्ट (इंजीनियरिंग, इनफोर्समेंट, एजुकेशन, इमरजेंसी केयर) का दावा भी काम नहीं आया है। हाल यह है कि पिछले तीन साल से हादसों और मौतों की सूची में इन कुख्यात जिलों ने अपना स्थान तक नहीं बदला है। दिलचस्प यह है कि प्रदेश में जो ब्लैक स्पॉट चिह्नित किए गए हैं उनमें से 35 फीसद से ज्यादा इन्हीं जिलों में से हैं। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा सोमवार से शुरू हो रहा है यानी पिछले करीब एक दशक से जारी जागरूकता कार्यक्रमों का एक और दौर। विभाग इस बार आंध्र प्रदेश की तर्ज पर एक नया प्रयोग करने की तैयारी में है जिसमें चालक के परिवार की तस्वीर यात्री वाहन के डैशबोर्ड पर लगवाई जा रही है जिससे रैश ड्राइविंग और रफ्तार बढ़ाते वक्त उसे अपने परिवार का ख्याल रहे और चालक अपने वाहन की गति नियंत्रित रखे।

### पिछले तीन साल में औसत वार्षिक मृत्यु

कानपुर नगर- 625, प्रयागराज- 573, बुलंदशहर- 546, आगरा- 532, हरदोई- 513, लखनऊ- 512, बरेली- 486, सीतापुर- 447, फिरोजाबाद- 386, शाहजहांपुर- 375 और गाजियाबाद- 374 मौतें

## सार-संक्षेप

### मृत भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाला आरोपी फैजान गिरफ्तार

**बिजनौर, एजेंसी :** जिले में मुरादाबाद लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी के निधन पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में समाजवादी पार्टी (सपा) के एक कार्यकर्ता को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बिजनौर थाना क्षेत्र के गांव झालारा निवासी फैजान ने मुरादाबाद से भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश कुमार के शनिवार को बीमारी के चलते हुए निधन को लेकर सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक पोस्ट की थी। पुलिस में मामले की शिकायत होने पर आरोपी फैजान को गिरफ्तार कर लिया गया। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी मुरादाबाद लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी रुचि वीरा का समर्थक बताया जाता है। रुचि वीरा पूर्व में बिजनौर से विधायक भी रह चुकी हैं। मुरादाबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी 72 वर्षीय कुंवर सर्वेश कुमार का शनिवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे।

### पति-पत्नी ने लगाई फांसी ,पत्नी की मौत और पति गंभीर

**फिरोजाबाद, एजेंसी :** जिले के थाना सिरसागंज क्षेत्र मे पति-पत्नी में विवाद के बाद पहले पत्नी ने फांसी लगा ली उसके बाद पति भी फांसी पर लटक गया। फांसी की जानकारी होने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस रविवार को सुबह पति-पत्नी को लेकर जिला अस्पताल आई।डॉक्टर ने पत्नी को मृत घोषित कर दिया है जबकि पति की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे उपचार के लिए आगरा रेफर कर दिया गया है। सिरसागंज निवासी अंकित और उसकी पत्नी सरस्वती उर्फ बबली के बीच किसी बात पर विवाद हो गया था। विवाद के चलते पत्नी बबली फांसी के फंदे पर लटक गई जब अंकित ने उसे फांसी के फंदे पर लटका देखा तो वह भी फांसी के फंदे पर लटक गया।

### पीडीएम मोर्चे ने घोषित किये सात प्रत्याशी

**लखनऊ, अमृत विचार :** अपना दल कमेरावादी की पल्लवी पटेल ने असदुद्दीन ओवैसी के साथ बनाये पीडीएम मोर्चे से सात लोकसभा प्रत्याशी और घोषित कर दिये हैं। पीडीएम मोर्चे का गठन सपा गठबंधन से अलग होने के बाद पल्लवी पटेल ने असदुद्दीन ओवैसी के साथ बनाया था। पल्लवी पटेल ने रविवार को प्रत्याशियों की दूसरी सूची में उन्नाव से धनीराम पाल, कन्नौज से दानिश अली, कानपुर नगर से राम आसरे पाल, गाजीपुर से सूबेदार बिंद, घोसी से प्रेमचंद उर्फ कांति निषाद, सीतापुर से काशिफ अंसारी और प्रयागराज से हंसराज कौल को उतारा है।

### भाजपा का लक्ष्य वैभवशाली राष्ट्र निर्माण: धर्मपाल

**लखनऊ, अमृत विचार :** भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने शनिवार को आजमगढ में आजमगढ व लालागंज लोकसभा संचालन समिति, लोकसभा व विधानसभा के प्रभारी व संयोजकों के साथ बैठक में बूथ विजय पर मंत्रणा की। धर्मपाल सिंह ने यहां कहा कि भाजपा का लक्ष्य प्रत्येक बूथ पर पिछले चुनावों में मिले भाजपा के वोट में 370 अधिक वोट जोड़ने का है। उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य वैभवशाली राष्ट्र निर्माण तथा देश के नागरिकों को खुशहाली है।

### मंडियों के पास ही आटा प्लांट लगाएंगे: राजेन्द्र चौधरी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं को आश्वासन दिया है कि वह मुफ्त राशन में गेहूं की जगह आटा देंगे। यह आटा देश की सबसे अच्छी कम्पनियों के आटे के मुकाबले का होगा। इसके लिए मंडियों के पास ही अत्याधुनिक तकनीकी वाला 'आटा प्लांट' लगाएंगे जिससे स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार भी मिलेगा। रविवार को जारी एक बयान में राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि, सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा आटा-डाटा का अधिकार शीर्षक से अपने चुनावी घोषणा पत्र में यह भी दावा किया है कि हर राशनकार्ड धारक परिवार को 500 रुपये का मोबाइल डाटा भी मुफ्त दिया जाएगा।

# कोर्ट के आदेश पर 65 दिन बाद दर्ज हुआ किशोरी के अपहरण का मुकदमा

संवाददाता, हरदोई

- पुलिस ने नहीं सुना, डीएम और एसपी ने भी नहीं की मदद
- बेटी को जबरन उठा ले जाने की रिपोर्ट को भटक रहा था बाप

**अमृत विचार :** घर से शौच के लिए निकली बेटी को दबंग जबरन कार से उठा ले गए। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए बेबस बाप महीनों पुलिस के पास भटकता रहा, डीएम और एसपी की ड्योढ़ी के चक्कर लगाते-लगाते उसके पैरों की चप्पलें तक घिस गई ,फिर किसी को उसकी बेबसी पर तरस नहीं आया। थक-हारकर उसने कोर्ट का सहारा लिया और कोर्ट ने उसकी अर्ज़ी पर सुनवाई करते हुए पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश दिया। तब कहीं पिहानी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु की।

पिहानी कोतवाली के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी 15 फरवरी की भोर पहर करीब पांच बजे घर से शौच के लिए निकली थी,उसी बीच एटा ज़िले के घुमरी जैथरा निवासी अमित व सोनपाल वहां कार से पहुंचे और किशोरी को जबरन कार में बैठा कर वहां से भाग गए। किशोरी का बाप अपनी अर्ज़ी ले कर पुलिस के पास पहुंचा,लेकिन उसकी किसी ने नहीं सुनी। उसके बाद वह किसी तरह पता-ठिकाना ढूंढते हुए एटा पहुंच गया,जहां आरोपियो ने उसे धमकी दे कर वहां भगा दिया। पुलिस के कुछ न करने पर बेबस बाप ने डीएम और एसपी की ड्यूढी के कई चक्कर लगाए,उसकी चप्पलें तक घिस गई,फिर भी कोई राहत नहीं मिली।उसके बाद थक-हारकर कर उसने कोर्ट में अर्ज़ी दाखिल की,जिस पर कोर्ट ने सुनवाई पूरी करते हुए पिहानी पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश दिया,तब कहीं पुलिस ने आरोपी अमित व सोनपाल के खिलाफ केस दर्ज किया।

# बलात्कार की कोशिश में नाकाम रहने पर की बच्ची की हत्या

**गाजियाबाद, एजेंसी :** जिले के मुरादनगर क्षेत्र में अपने पड़ोस में रहने वाली चार साल की बच्ची से बलात्कार की कोशिश में नाकाम रहने पर उसकी हत्या करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त (ग्रामीण क्षेत्र) विवेक चंद यादव ने रविवार को बताया कि शुक्रवार की शाम चार साल की एक बच्ची बिस्कुट खरीदने के लिए पास की एक दुकान पर गई थी तभी पड़ोस में रहने वाला युवक विशाल (24) उसे बहला-फुसलाकर एक सुनसान घर में ले गया और अपनी हवस का शिकार बनाने की कोशिश की। यादव ने कहा कि जब वह अपने प्रयास में विफल रहा, तो उसने लड़की को जमीन पर पटक दिया जिससे उसके सिर में गहरी चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उसने अपराध कुबूल कर लिया।

# शारजाह से नौ लाख की सिगरेट लाने पर मिलती थी 20 हजार की दिहाड़ी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एयरपोर्ट पर 20 हजार लेकर दूसरों के सुपुर्द करना था कार्टन

**अमृत विचार :** शारजाह से अवैध रूप से सिगरेट लाकर भारत में बेचने का धंधा लंबे समय से फलफूल रहा है। अवैध सिगरेट लाने के लिए चिन्हित लोग बड़ा रिस्क लेकर शारजाह से लखनऊ तक लाखों रुपये कीमत की सिगरेट लाते थे और एयरपोर्ट के बाहर ही चिन्हित लोगों को ही सौंप देते थे। बदले में उन्हें 20 हजार रुपये कैरिंग चार्ज के रूप में मिलता था। बाद में यह सिगरेट बिकने के लिए विभिन्न स्थानों पर पहुंचाई जाती थी और लाखों की कमाई होती थी।

गौरतलब हो कि पहली अप्रैल को उड़ान संख्या 6ई-1424 से शारजाह से लखनऊ के लिए 33 तस्करों द्वारा लाई गई विदेशी मूल की सिगरेट एयरपोर्ट पर पकड़ी गई थी। इस दौरान 27 तस्कर मौका देख फरार हो गए थे, जबकि छह तस्करों को माल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया था। इन तस्करों के पास से तीन करोड़ तीन लाख 63 हजार रुपये कीमत की सिगरेट बरामद हुई थी। कस्टम अधिकारियों द्वारा पूछताछ में गिरफ्तार तस्करों ने बताया कि शारजाह में सलीम नामक व्यक्ति यह सब मैनेज करता था। उससे होटल में मुलाकात होती थी। सभी तस्कर एक संगठित गिरोह के तहत जुड़े हुए हैं। इनको शारजाह तक भिजवाने और इनके माध्यम से विदेशी मूल की सिगरेट एयरपोर्ट तक लाने की जिम्मेदारी इनपर रहती थी। एयरपोर्ट पर बाहर खड़े एक चिन्हित व्यक्ति को तस्करी का माल सौंप दिया जाता था और बदले में प्रति तस्कर 20 हजार रुपए कैरिंग चार्ज प्राप्त होता है। प्रत्येक तस्कर को तीन-तीन कार्टन सिगरेट दिए जाते हैं। कार्टन की कीमत लगभग तीन लाख रुपये होती थी। हालांकि इससे दो गुने की कमाई भी होती थी। हालांकि अदालत ने दो तस्करों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। बाकी फरार तस्करों की तलाश जारी है।

# अल्ट्रा मेगा श्रेणी की परियोजनाओं को कस्टमाइज पैकेज देगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- इम्पावर्ड कमेटी की मंजूरी के बाद कैबिनेट की मंजूरी लेना भी होगा आवश्यक
- इन्वेस्ट यूपी के सीईओ की अध्यक्षता में गठित कमेटी की अनुशंसा पर मिलेगा प्रोत्साहन

**अमृत विचार:** राज्य सरकार की ओर से अल्ट्रा मेगा श्रेणी की विशेष महत्व वाली परियोजनाएं स्थापित करने पर उन्हें केस टू केस कस्टमाइज पैकेज दिया जाएगा। औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 में इसका प्राविधान किया गया है। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग की ओर से इन प्राविधानों में कुछ संशोधन किया गया है।

इसके अंतर्गत नोडल संस्था की जगह सीईओ इन्वेस्ट यूपी की अध्यक्षता में गठित कमेटी को ऐसी परियोजनाओं की परीक्षण और विशेष पैकेज की अनुशंसा की जिम्मेदारी दी गई है। इस कमेटी की अनुशंसा के बाद हाई लेवल इम्पावर्ड कमेटी और कैबिनेट की मंजूरी के बाद ऐसी बड़ी परियोजनाओं को कस्टमाइज पैकेज प्रदान किया जा सकेगा। इम्पावर्ड कमेटी की संस्तुति के आधार पर मंत्रिपरिषद का अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा। नीति में किए गए संशोधन के अनुसार औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के अंतर्गत विशेष महत्व की अल्ट्रामेगा श्रेणी की परियोजनाओं को आवश्यकतानुसार राज्य सरकार द्वारा केस टू केस आधार पर प्रोत्साहन का विशेष रूप से कस्टमाइज्ड पैकेज प्रोत्साहन के रूप में प्रदान किए जाने पर विचार किया जा सकता है।

### पहले समझौता समिति का होना था गठन

दरअसल, नीति के अंतर्गत पहले प्राविधान किया गया था कि इस प्रकार के आवेदन नोडल संस्था को प्रस्तुत किए जाएंगे और आवेदनों की उनकी आवश्यकता एवं विशेष महत्व की दृष्टि से समीक्षा की जाए। इसके लिए अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक समझौता समिति गठित की जाएगी, जिसके सदस्य सचिव सीईओ इन्वेस्ट यूपी होंगे। हालांकि अब इस प्राविधान में संशोधन किया गया है। अब नामित सदस्यों वाली समझौता समिति ऐसी परियोजनाओं को विशेष पैकेज दिए जाने के लिए अंतिम स्वीकार्यता के लिए मुख्यमंत्री को संस्तुति करेगी।

# पुलिस की प्रताड़ना से क्षुब्ध युवक ने फंदा लगाकर दी जान

संवाददाता, बहराइच

- शादी टूटने पर लड़की के रिश्तेदार से मिलकर पुलिस पर थर्ड डिग्री देने का आरोप

**अमृत विचार :** जिले के बालापुर गांव निवासी एक युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। पिता ने पुलिस पर घूस लेने, पुत्र की पिटाई करने और ब्लैक मेल करने का आरोप लगाया है।

विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बालापुर के कथिकनपुरवा निवासी अनूप कुमार (18) की शनिवार शाम घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के पिता सम्मय प्रसाद ने बताया कि उनके लड़के की शादी श्रावस्ती जनपद के भिनौनी गांव से कुंजीलाल पुत्र भुलावन के लड़की से तय हुई थी। जिसका 18 अप्रैल को तिलक हो चुका था, 26 अप्रैल को शादी होनी थी। शनिवार की सुबह मेरे गांव के मनोज कुमार जो लड़की के मौसा हैं ने शादी करने को लेकर ब्लैक कर रुपए की मांग करने लगे। अन्यथा दहेज के मामले में फंसा देने की धमकी दी। इसी बात को लेकर शादी टूट गई। मामला पुलिस चौकी धनुहीं पर पहुंचा। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों को बुलाकर आमने-सामने समझौता करवा दिया गया। मृतक के पिता समय प्रसाद ने बताया कि सुलह कराने के लिए 10 हजार रुपये पुलिस की ओर से मांग की गई, जिसे न दे पाने पर पुलिस ने मेरी व मेरे लड़के की पिटाई की और लिखा पढ़ी करने के बाद सुलह करके पुलिस ने मुझे छोड़ दिया। समय प्रसाद का आरोप है कि रास्ते में मुझे और मेरे बेटे को मनोज व कुंजीलाल ने काफी मारा पीटा शाम को मैं घर आया तथा खेतों में कार्य करने के लिए चला गया। लौट कर आया तो देख मेरा लड़का घर में मृत पड़ा था। ऐसे में बेटे की पुलिस और लड़की के रिश्तेदार की पिटाई की वजह से जान गई है। मामले की तहकीकात की जा रही है।

## वर्ग पहेली-47

**बाएं से दाएं**

1. घाव का मवाद,पीब।
5. 1. नाम जाप करने की सत्ताईस दानों की छोटी माला, जपमाला 2. हाथ में पहनने का एक प्रकार का आभूषण।
6. रोकने का भाव, अवरोध का उपक्रम।
7. व्यवहार में छलपूर्ण चालें चलने की क्रिया, धोखाधड़ी, कपट, धूर्तता, चालाकी, छल।
10. 1. चार पैरों वाला पशु, चौपाया 2. एक प्रकार का छंद।
11. रचा या बनाया हुआ।
12. 1. आंच पर चढ़ाकर गाढ़ा किया गया दूध 2. ईंट पाथने का गारा।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. चसका लगना, आदत लगना, किसी विषय या कार्य में ढीठ बनना 2. हिलना-मिलना।
3. (पुराण) वह जिनका धनुष कुसुम या पुष्प का माना जाता है, कामदेव।
4. उबलते दूध में चावल
8. 1. लादने का कार्य 2. लादने के बदले मिलने वाली मज़दूरी।
9. 1. सितारे, तारे, ग्रह-नक्षत्र 2. ज्योतिष।



## वर्ग पहेली -46 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 आ | दी | ■ | 2 उ | दुं | ब | 3 र |
| हा | ■ | ■ | थ | ■ | ■ | च |
| ■ | 4 पे | 5 श | ल | ■ | ■ | क |
| ■ | ■ | 6 नि | पु | ण | 7 ता | ■ |
| ■ | 8 आ | ■ | थ | ■ | म | ■ |
| ■ | 9 सु | त | ल | ■ | ले | ■ |
| ■ | ति | ■ | ■ | 10 भें | ट | ना |

## सुडोकू -126

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 9 | 3 | 7 | 6 | | |
| | | | | 8 | | 2 | | |
| 5 | | 9 | | | | 1 | | |
| | | | 5 | 6 | | 7 | | |
| 7 | | | | | | | | 8 |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | | 2 | | | | 9 | | 6 |
| | | 4 | | 5 | | | | |
| 3 | | 6 | | 2 | 9 | | | 5 |

## सुडोकू -125 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 8 | 1 | 6 | 3 | 5 | 2 | 4 |
| 4 | 2 | 5 | 7 | 8 | 9 | 3 | 6 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 8 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 7 | 1 | 6 |
| 9 | 5 | 7 | 6 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 |
| 6 | 1 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 1 | 7 | 9 | 3 | 5 | 6 | 4 | 8 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 |
| 2 | 4 | 3 | 9 | 1 | 8 | 6 | 7 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 अप्रैल सोमवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 03 .25 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-हस्त 20 .00 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** — आज आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। आपके मित्र आपको कुछ उपहार दे सकते हैं। अपनी बातों को दूसरों के ऊपर न थोपें। निर्माण कार्यों से जुड़े कारोबार में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। खोयी हुई वस्तु आपको वापस मिल सकती है।

**वृष** — आज परिजनों से अपने मन की बातें शेयर कर तरोताजा महसूस करेंगे। बनते कार्यों में आ रही रुकावटें दूर होंगी। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रेमी जन से विवाह को लेकर सम्भावना बन रही है। गलत प्रवृत्ति के लोगों से आपको दूरी रखनी चाहिए।

**मिथुन** — आज करियर में काफी अस्थिरता रहेगी। कटु भाषा बोलने के कारण लोग आपसे नाराज रहेंगे। कानूनी मामलों में छोटी गलतियां भारी पड़ सकती है। लोग पीठ पीछे आपकी आलोचना करेंगे। मौसमी बीमारियों के शिकार हो सकते हैं।

**कर्क** — आज सरकारी काम थोड़े प्रयासों से पूर्ण हो जायेंगे। अपनी क्षमताओं का कुशल प्रयोग कर पायेंगे। नौकरी में बदलाव करने की योजना बना सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। बीमार लोगों की सेहत में सुधार हो सकता है।

**सिंह** — आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। आयात-निर्यात संबंधी कारोबार में लाभ हो सकता है। आपके जन-सम्पर्क का दायरा विस्तृत होगा। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। परिजनों की सलाह लेकर काम करना हितकर होगा।

**कन्या** — आज आप समय का सार्थक प्रयोग अपने लाभ के लिए कर पायेंगे। प्रेम संबंधों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जीवनसाथी से सलाह लेकर नया काम शुरू करें। कार्यक्षेत्र में आपकी पदोन्नति की चर्चा चल सकती है। घर में प्रियजनों का आगमन हो सकता है।

**तुला** — आज दोपहर में सिर में दर्द और भारीपन की समस्या हो सकती है। कुछ समय प्रकृति के सानिध्य में बितायें। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने में मुश्किल आयेगी। बजट को ध्यान में रखते हुए ही धन निवेश करें। किसी नकारात्मक विचार के कारण आपका मन खराब हो सकता है।

**वृश्चिक** — आज नया व्यवसाय शुरू करना चाह रहे हैं, तो उसकी योजना बना सकते हैं। दोस्तों से भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। लेखन कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। उत्तम भोजन का आनन्द उठा सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को यश मिलेगा।

**धनु** — आज अविवाहित लड़कियों को विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। पुरानी गलतियों को दोहराने से बचें। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। उत्तम कार्यशैली के कारण आपको सफलता मिलेगी।

**मकर** — आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ मिलेगा। खर्चों के मुक़ाबले आपकी आय ज्यादा रहेगी। आज पूरा दिन आनन्द में व्यतीत होगा। बच्चों को लेकर आपकी चिन्ता दूर होगी। अधिकारी आपको ताने मार सकते हैं। सोच-समझकर ही आपको निर्णय लेना चाहिए।

**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र में काफी सारी रुकावटें आ सकती है। छोटी-छोटी बातों को तूल देने से बचें। व्यवसाय में गुस्से के कारण नुकसान हो सकता है। नए कार्यों की शुरुआत न करें। पुराना रोग वापस उभर सकता है।

**मीन** — आज साझेदारी वाले व्यापार में धन लाभ होगा। घर का वातावरण काफी सकारात्मक रहेगा। राजनैतिक संबंधों का उत्तम लाभ उठा पायेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका पूरा नियंत्रण रहेगा। विदेशों से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। मन लगाकर के अपना काम करें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- होते होते प्यार हो गया — सुबह : 08 .39
- सिंह इज किंग — रात : 09 .43

&pictures
- रंगबाज — सुबह : 11 .02
- गुल मकई — रात : 08 .00

SONY PIX
- द वॉक — सुबह : 11 .52
- द वॉक — रात : 09 .07

ZEE CINEMA
- ड्रीम गर्ल — दोपहर : 12 .46
- द मास्क — शाम : 05 .47

colors CINEPLEX
- बेटिंग राजा — सुबह : 11 .14
- गॉडफादर — शाम : 06 .40

### आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर पर रात :08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पिता - पेपर कैसा गया?
बेटा - पहला सवाल छूट गया,
तीसरा आता नहीं था,
चौथा करना भूल गया,
पांचवां नजर नहीं आया!
पिता - और सवाल दो?
बेटा - बस सिर्फ वो ही गलत हो गया...

पुलिस (चोर से) : तुम एक ही दुकान में तीन बार चोरी करने क्यों गए?
चोर : सर चोरी तो मैंने पहली बार में ही अपनी पत्नी के लिए ड्रेस चुराकर कर ली थी,
बाकी दो बार तो मुझे सिर्फ उसे बदलने के लिए जाना पड़ा...

## एक नजर

### गुरुग्राम में दीवार गिरने से दो लड़कियों समेत पांच लोगों की मौत

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में शनिवार रात श्मशान घाट की दीवार गिरने से दो लड़कियों सहित पांच लोगों की मौत हो गई और छह घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को बताया कि दीवार के सहारे लकड़ियां खड़ी थी, जिस कारण कल रात दीवार झुककर गिर गई। दीवार के गिरने से उसके समीप बैठे कुछ लोग और पास में खेल रहे बच्चे इसमें दब गए। मृतकों की पहचान तान्या (11), खुशबू (10), देवी दयाल (70), मनोज गाबा (54) और कृष्ण कुमार (52) के रूप में की गई है। घटना की जानकारी प्राप्त होती ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

### हिमाचलः डरावने वीडियो दिखाकर नाबालिग से दुष्कर्म, सोशल मीडिया पर डाली अश्लील फोटो

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के थाना अंब के गांव की 17 वर्षीया नाबालिग को डरावने वीडियो को दिखाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं युवक ने नाबालिग की अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि वह किराए की दुकान में सिलाई करती हूं। दुकान के पास एक युवक भी काम करता था। आरोप है कि उसकी गैरमौजूदगी में युवक ने बेटी को डरावने वीडियो दिखाकर शारीरिक संबंध बनाए। तीन वर्षों से आरोपी बंदूकों की तस्वीरें व चाकू आदि दिखाकर, डरा-धमकाकर व प्रताड़ित करके गलत काम किया। हजारों रुपये भी पुत्री से लिए हैं। आरोपी ने गलत काम करते हुए फोटो भी ली थी। जब बेटी ने युवक को रोका, तो उसने शनिवार को इंस्टाग्राम पर बेटी की अश्लील फोटो डाल दी। अंब एसपी वसूधा सूद ने बताया कि शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### भाजपा ने कंगना के चरित्र हनन को लेकर कांग्रेस के खिलाफ दी शिकायत

**शिमला।** भाजपा की हिमाचल प्रदेश इकाई ने मंडी सीट से उम्मीदवार कंगना रनौत की फिल्मों की तस्वीरों का प्रयोग कर उन्हें नकारात्मक रूप से चित्रित करने के सिलसिले में रविवार को कांग्रेस और हमीरपुर युवा कांग्रेस क्लब के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। भाजपा ने निर्वाचन आयोग से सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक, निंदनीय और आक्रामक भाषा का उपयोग करने पर कांग्रेस पर कार्रवाई का आग्रह किया। भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने विभिन्न प्रकोष्ठों को सोशल मीडिया पर कंगना के चरित्र हनन का निर्देश दिया है। भाजपा राज्य इकाई के मीडिया प्रभारी करण नंदा ने निर्वाचन आयोग और हिमाचल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को शिकायत दी।

### क्या कांग्रेस अपने झंडे से भगवा रंग हटाने की हिम्मत करेगीः मोहन यादव

**भोपाल।** दूरदर्शन न्यूज के लोगो का रंग बदले जाने पर विपक्षी दलों की आपत्तियों के बीच, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को सवाल किया कि क्या कांग्रेस अपने झंडे से 'भगवा' रंग हटाने की हिम्मत करेगी। यादव ने कहा कि वामपंथी और विपक्षी दल यह नहीं समझते कि भगवा त्याग का प्रतीक है और सूर्य संस्कृति का वाहक है। 'दूरदर्शन न्यूज' के 'लोगो' का रंग लाल से नारंगी (रंग) करने पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। विपक्ष ने इसे पूरी तरह से अवैध बताया है। यादव ने कहा, कांग्रेस क्या चाहती है? वामपंथी और विपक्षी दल यह नहीं समझते कि भगवा त्याग और वैराग्य का प्रतीक है।

### 1.40 करोड़ की अफीम के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार

**चतरा (झारखंड)।** झारखंड के चतरा जिले में 50 वर्षीय व्यक्ति और उसके बेटे को 1.40 करोड़ मूल्य की अफीम के साथ पकड़ा गया है। सिमरिया के पुलिस उपाधीक्षक अजय कुमार ने रविवार को बताया कि गिद्धौर पुलिस थाना क्षेत्र के बारली टोला में मवेशियों को रखने के स्थान पर छिपा कर रखी 28 किग्रा अफीम जब्त कर महेंद्र डांगी और उसके बेटे दीपेंद्र को गिरफ्तार किया गया है।

# भाजपा संविधान बदलना चाहती है: प्रियंका

## छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव ने किया केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार

राजनांदगांव, एजेंसी

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने रविवार को कहा कि संविधान हमें सभी अधिकार देता है और भाजपा संविधान को बदलना चाहती हैं। गांधी ग्राम मोहड़ में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पांच साल तक यह कांग्रेस की सरकार रही, भूपेश बघेल ने काम किया। कांग्रेस सरकार में भूमिहीन लोगों को न्याय मिला, आगनबाड़ी की मितानिनों का मानदेय बढ़ाया गया, गोबर खरीदा गया। कांग्रेस सरकार में किसानों का कर्ज माफ किया गया। धान का समर्थन मूल्य बढ़ा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाया गया।

उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार में बेरोजगारी, महंगाई बढ़ रही है। कांग्रेस की सभी योजनाओं को भाजपा सरकार ने बन्द कर दिया। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश में बेरोजगारी क्यों खत्म नहीं की, 10 सालों में महंगाई क्यों कम नहीं हुई, महिलाओं पर आत्याचार हुआ, अपने क्यों कुछ नहीं किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इतने बड़े नेता हैं कि चुटकी बजाकर युद्ध रोक देते हैं तो महंगाई कम क्यों नहीं करते है। मोदी सरकार ने बड़े- बड़े उद्योगपतियों के 16 हजार करोड़ माफ़ कर दिया, किसान रो रहा था। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता कहते हैं हमें पांच साल और दो संविधान बदल देंगे, इसका क्या मतलब है, संविधान हमें अधिकार देता है, आजादी देता है, इस लोगों ने संविधान के लिए खून बहाया है, ये नेता इसी संविधान को बदलना चाहते हैं।

### रेलवे बचाना है तो मोदी को हटाना होगाः राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार रेलवे को अयोग्य साबित कर उसे अपने मित्रों को बेचने का बहाना खोज रही है। उन्होंने रेलवे को बचाने के लिए मोदी को हटाने का अनुरोध किया। राहुल ने सरकार पर निशाना साधने के लिए 'एक्स' पर वीडियो साझा किया, जिसमें लोग ट्रेन के शौचालयों में और फर्श पर बैठकर यात्रा करते दिख रहे हैं। उन्होंने पोस्ट में कहा कि नरेन्द्र मोदी के राज में रेल का सफर सजा बन गया है। ट्रेनों से जनरल डिब्बे कम कर सिर्फ एलीट ट्रेनों का प्रचार कर रही मोदी सरकार में हर वर्ग का यात्री प्रताड़ित है। उन्होंने दावा किया कि लोग कन्फर्म टिकट लेकर भी सीट पर चैन से बैठ नहीं पा रहे, लोग जमीन पर और शौचालय में छिपकर यात्रा करने को मजबूर हैं। अगर आम आदमी की सवारी को बचाना है तो रेलवे को बर्बाद करने में जुटी मोदी सरकार को हटाना होगा।

### मोदी सरकार में मजदूरों के वेतन में अभूतपूर्व गिरावट, गठबंधन में होगी उच्च वृद्धिः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में महंगाई को समायोजित करने के बाद मजदूरों के वेतन में अभूतपूर्व गिरावट हुई है। इंडी गठबंधन देश को उच्च वृद्धि पथ पर वापस ले जाएगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मोदी सरकार के आधिकारिक आंकड़ों सहित आंकड़ों के कई स्रोत एक मत से इस तथ्य को दर्शाते हैं कि श्रमिकों की खरीद क्षमता आज 10 साल पहले की तुलना में कम है। धीमी वेतन वृद्धि और महंगाई से मजदूरी में अभूतपूर्व गिरावट हुई है। श्रम ब्यूरो का वेतन दर सूचकांक (सरकारी आंकड़ा) के अनुसार 2014 और 2023 के बीच, मजदूरी स्थिर रही है। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में वास्तविक मजदूरी में स्पष्ट रूप से गिरावट आई है।

# राजस्थान में सड़क दुर्घटना में 3 भाइयों समेत 9 की मौत

- ट्रक से टकराई कार, मरने वालों में 16 से 30 वर्ष के लोग शामिल

कोटा (राजस्थान), एजेंसी

विवाह समारोह से लौट रहे नौ लोगों की झालावाड़ जिले में शनिवार देर रात उस समय मौत हो गई जब उनकी कार सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे की चपेट में आए लोग भोपाल के डूंगरी गांव से लौट रहे थे। सभी की आयु 16 से 30 वर्ष थी।

एकलेरा पुलिस थाना प्रभारी संदीप विशोनी ने बताया कि मृतकों में रोहित, सोनू और दीपक तीनों भाई थे। अन्य की पहचान अशोक, हेमराज, रविशंकर और राहुल के रूप में हुई है। ये सभी झालावाड़ के एकलेरा गांव में बागरी मोहल्ले के रहने वाले थे। थाना प्रभारी ने बताया कि रोहित और रामकिशन की भी मौत हो गई जो झालावाड़ के खानपुर और बारां जिले के हरनावदा के थे। मनीष बागरी अस्पताल में भर्ती है उसकी हालत गंभीर है।

पुलिस उपाधीक्षक हेमंत गौतम ने बताया कि मृतकों के रिश्तेदार गोपाल बागरी ने बताया कि रात साढ़े 12 बजे तीन कारों और दो पिकअप से 35-40 बाराती डूंगरी से निकले थे। रास्ते में वे भोपाल रोड स्थित खिमची गांव में चाय पीने के लिए रुके थे। सवा दो बजे उन्हें पचोला गांव के पास कार क्षतिग्रस्त ट्रक में फंसी मिली। कार सवार पांच लोगों को निजी अस्पताल और चार को सीएचसी ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

### आगरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर पलटी कार, पांच की मौत

**आगरा।** यमुना एक्सप्रेस-वे पर कार पलटने से पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, नोएडा के संतोष की बारात देवरिया के लिए निकली थी कि यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार देर रात दो बजे कुबेरपुर टर्न पर अर्टिगा कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। एत्मादपुर थाना प्रभारी विजय विक्रम सिंह ने बताया कि मृतकों में गौतम, चंदन, सुदेश, संजीव शर्मा, प्रवीन है व तीन घायल हुए थे, जिनमें से एक का इलाज डॉ. सरोजनी नायडू मेडिकल कॉलेज में चल रहा है जबकि दो घायलों को उनके परिजन दिल्ली ले गए।

# आतंकवाद, नक्सलवाद और घोटालों का पर्याय है कांग्रेस : सीएम योगी

राजनांदगांव/कोरबा/बिलासपुर, एजेंसी

- छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में चुनावी रैली में मुख्यमंत्री योगी ने कांग्रेस पर निशाना साधा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि पार्टी घोटालों, आतंकवाद और नक्सलवाद का पर्याय है। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला के लिए पांच सौ वर्षों का इंतजार प्रधानमंत्री मोदी के कारण समाप्त हुआ।

कबीरधाम जिला राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। योगी ने कहा कि घोटाले, आतंकवाद, नक्सलवाद का नाम कांग्रेस है, जिस आयु में युवाओं के हाथों में पुस्तक, टैबलेट, आगे बढ़ाने का जज्बा होना चाहिए, कांग्रेस ने उसके हाथों में तमंचे पकड़ा दिए। उन्हें भारत से ही लड़ने के लिए नक्सलवाद, आतंकवाद, उग्रवाद के नाम पर उकसाया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लोगों ने 10 वर्षों में देश को बदलते देखा है। योगी ने कहा कि मोदी जी देश को दुनिया की बड़ी ताकत बनाना चाहते हैं। विकसित भारत बनाना है...आत्मनिर्भर भारत बनाना है, जहां हर नागरिक सुरक्षित महसूस करे। आदित्यनाथ ने सभा में पूछा कि क्या कांग्रेस लोगों को मुफ्त राशन दे सकती थी, राम मंदिर बना सकती थी, नक्सलवाद को कम कर सकती थी और बेटियों तथा व्यापारियों को सुरक्षा दे सकती थी। योगी ने लोगों से राजनांदगांव सीट से उम्मीदवार संतोष पांडेय के लिए वोट का अनुरोध किया।

उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को मैदान में उतारा है, जो पिछली सरकार के दौरान कई घोटालों में शामिल थे। पिछली बघेल सरकार पर हमला बोलते हुए योगी ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान राज्य में लव जिहाद को छूट दी गई थी। मुख्यमंत्री ने कोरबा सीट पर एक अन्य रैली में आरोप लगाया कि कांग्रेस ने नक्सलवाद के साथ समझौता किया हुआ है और पार्टी ने युवाओं को समाज और देश की मुख्यधारा से भटकाने का प्रयास किया है। छत्तीसगढ़ में कुछ जिले वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित हैं।

### पूर्व मंत्री की बेटी यशस्विनी को कांग्रेस ने रांची से बनाया प्रत्याशी

**रांची।** कांग्रेस ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी को रांची सीट से उतारने की घोषणा की। पार्टी ने गोड्डा से दीपिका पांडे सिंह की जगह अब प्रदीप यादव को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि केंद्रीय चुनाव समिति ने यशस्विनी सहाय को रांची सीट और गोड्डा में विधायक दीपिका पांडे सिंह के स्थान पर प्रदीप यादव को चुनाव में उतारा है। कांग्रेस ने 16 अप्रैल को गोड्डा, चतरा और धनबाद से क्रमशः दीपिका पांडे सिंह, कृष्णा नंद त्रिपाठी और अनुपमा सिंह को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की थी।

# आरोपी के पिता ने नेहा के परिजनों से मांगी माफी

हुबली (कर्नाटक), एजेंसी

हुबली में कॉलेज परिसर में कांग्रेस के पार्षद की बेटी की हत्या करने वाले फैयाज के पिता ने पीड़ित परिवार से माफी मांगी है और अपने बेटे को सख्त सजा देने की मांग की है। वहीं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नेहा हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है।

स्कूल शिक्षक एवं फैयाज के पिता बाबा साहेब सुबानी ने कहा कि उन्हें घटना के बारे में पता चला और वह अपने बेटे के कृत्य से टूट गए हैं। उन्होंने कहा कि फैयाज को ऐसी सजा दी जाए कि भविष्य में कोई भी ऐसी हरकत करने की हिमाकत न करे। मैं हाथ जोड़कर नेहा के परिवार से माफी मांगता हूं। वह मेरी बेटी की तरह थी। वह और उनकी पत्नी छह साल से अलग हैं और फैयाज अपनी मां के साथ रहता था।

**हुबली छात्रा नेहा हत्याकांड**

### पुलिस ने दो युवकों को किया

हुबली। पुलिस ने नेहा की फैयाज द्वारा हत्या किए जाने को सोशल मीडिया पर न्यायोचित ठहराने के आरोप में दोनों धारवाड़ के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। हिंदू समर्थक कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि दोनों ने सोशल मीडिया पर दावा किया है कि नेहा और फैयाज में प्रेम संबंध था। दोनों आरोपियों ने नेहा और फैयाज की तस्वीरें पोस्ट कीं और लिखा, नेहा फैयाज का सच्चा प्यार, प्यार के लिए न्याय। ।

# दुष्कर्म के आरोपी का मकान ढहाया गया

गुना (मप्र), एजेंसी

मध्य प्रदेश के गुना जिले में प्राधिकारियों ने उस व्यक्ति के मकान के अवैध हिस्से को रविवार को ढहा दिया, जिसे अपनी महिला मित्र से दुष्कर्म करने और उस पर हमले के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने 23 वर्षीय युवती की आंखों में गोंद डाल दी। युवती ने बुधवार को पुलिस को बताया कि वह दस दिनों से आरोपी अयान खान के साथ रह रही थी। जब उसने अयान से शादी के लिए कहा, तो वह हिंसक हो गया। अधिकारी ने युवती की शिकायत के हवाले से कहा कि खान ने युवती को अपशब्द कहे और बेल्ट से पीटा तथा उसकी आंखों में गोंद डाल दी। खान को गुरुवार को उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह बाइक 60 लीटर देशी शराब ले जा रहा था। खान पर बलात्कार, मारपीट और आबकारी अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि प्राधिकारियों ने रविवार को खान के मकान के अवैध हिस्से को ढहा दिया। युवती का इलाज करने वाले गुना स्थित निजी अस्पताल के एक नेत्र रोग विशेषज्ञ ने कहा कि युवती की एक आंख को गंभीर क्षति पहुंची है। उन्होंने बताया कि उसे आगे के उपचार के लिए ग्वालियर भेजा गया है।

### उप्र में 5 बच्चों की मौत पर दो ईंट भट्टों पर एक करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने उप्र के मुजफ्फरनगर जिले में गड्ढों में गिरने से पांच बच्चों की मौत पर दो ईंट भट्ठों पर एक करोड़ का जुर्माना लगाया है। एनजीटी मां भगवती ब्रिक फील्ड और श्रीराम ब्रिक फील्ड के अवैध खनन से जुड़ी याचिका पर सुनवाई कर रहा था। पिछले साल 27 जून को 3, 8, 10 और 12 साल के चार बच्चे दो मीटर के गड्ढे में डूबे थे। अगले महीने 13 वर्षीय लड़के की मौत हुई थी। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि मां भगवती 3 और श्रीराम ब्रिक दो बच्चों की मौत के लिए जिम्मेदार है। भट्टे मृत बच्चे के परिजनों को 20-20 लाख मुआवजा दें।

## कारोबार/कृषि

### यूएसएफडीए ने की नैटको फार्मा की खिंचाई

**नई दिल्ली।** अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक के अनुसार नैटको फार्मा अपने तेलंगाना स्थित संयंत्र में उचित अंतराल पर साफ-सफाई रखने, उपकरणों और बर्तनों को कीटाणुरहित करने में विफल रही। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) ने कंपनी को भेजे पत्र में कहा कि उसके जांचकर्ताओं ने तेलंगाना के कोथुर गांव में स्थित दवा संयंत्र में विभिन्न उल्लंघन देखे हैं।

### अल्ट्राटेक ने ग्राइंडिंग यूनिट का किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने इंडिया सीमेंट से 315 करोड़ में ग्राइंडिंग यूनिट का अधिग्रहण की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि वह दो इकाइयों की क्षमता बढ़ाने के लिए 504 करोड़ का निवेश करेगी। अल्ट्राटेक ने शेयर बाजार को बताया कि 315 करोड़ में इंडिया सीमेंट से महाराष्ट्र के परली में कैप्टिव रेलवे साइडिंग के अलावा 11 लाख टन क्षमता वाली ग्राइंडिंग के अधिग्रहण को मंजूरी दी है।

# प्रत्यक्ष कर संग्रह 17.7% बढ़कर 19.58 लाख करोड़, अनुमान से कहीं अधिक

## कर विभाग ने कहा- बजट से 1.35 लाख करोड़ और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ अधिक

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 करोड़ रुपये हो गया। कर विभाग ने रविवार को कहा कि यह राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक है। आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह 2023-24 के दौरान बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपये (7.40 प्रतिशत) और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ रुपये अधिक रहा। प्रत्यक्ष कर संग्रह में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है।

वित्त वर्ष 2023-24 में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) 18.48 प्रतिशत बढ़कर 23.37 लाख करोड़ रुपये हो गया। रिफंड के बाद शुद्ध आय 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये रही। प्रत्यक्ष कर संग्रह के आंकड़े अर्थव्यवस्था में उछाल और व्यक्तियों तथा कॉरपोरेट की आय में वृद्धि को दर्शाते हैं। सीबीडीटी ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 3.79 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी हुआ। 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़े बताते हैं कि शुद्ध संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपये है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में इस वर्ष के लिए संग्रह 18.23 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर 19.45 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया। अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड को छोड़कर) बजट अनुमान से 7.40 प्रतिशत और संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक है।

### सकल संग्रह 23.37 लाख करोड़ रुपये

रिफंड के समायोजन से पहले प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (अनंतिम) 23.37 लाख करोड़ रुपये रहा। यह राशि वित्त वर्ष 2022-23 के 19.72 लाख करोड़ रुपये के सकल संग्रह से 18.48 प्रतिशत अधिक है। 2023-24 में सकल कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम), इससे पिछले वर्ष के 10 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 13.06 प्रतिशत बढ़कर 11.32 लाख करोड़ रुपये हो गया। 2023-24 में शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम) 9.11 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 8.26 लाख करोड़ रुपये से 10.26 प्रतिशत अधिक है। समीक्षाधीन अवधि में प्रतिभूति लेनदेन कर (अनंतिम) सहित सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह 12.01 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 9.67 लाख करोड़ रुपये के संग्रह से 24.26 प्रतिशत अधिक है।

### हाइब्रिड म्यूचुअल फंड की वापसी, 1.45 लाख करोड़ का निवेश आया

**नई दिल्ली।** हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाओं में 2023-24 में वापसी की। इसमें बीते वित्त वर्ष 1.45 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया। इससे पहले वित्त वर्ष 2022-23 में शुद्ध निकासी देखी गई थी। परिसंपत्ति में वृद्धि निवेशकों की संख्या बढ़ने से हुई। मार्च, 2024 में निवेशकों की संख्या 1.35 करोड़ तक पहुंच गई, जो इससे एक साल पहले 1.21 करोड़ थी। इससे हाइब्रिड कोषों के प्रति निवेशकों के रुझान का पता चलता है। हाइब्रिड फंड, म्यूचुअल फंड योजनाएं हैं जो आमतौर पर इक्विटी और ऋण प्रतिभूतियों के संयोजन में और कभी-कभी सोने जैसी अन्य परिसंपत्ति श्रेणियों में निवेश करती हैं। 2023-24 की शुरुआत से ऋण वाले कोषों के लिए कराधान में बदलाव के बाद से ये श्रेणी नियमित निवेश को आकर्षित कर रही है।

# निवेशकों ने 5,200 करोड़ से अधिक की इक्विटी बेची

- मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव के कारण बढ़ी चिंता

नई दिल्ली, एजेंसी

मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव को लेकर चिंताओं के कारण विदेशी निवेशकों ने अप्रैल में अब तक 5,200 करोड़ रुपये से अधिक की घरेलू इक्विटी बेच दी है। मॉरीशस अब उसके माध्यम से यहां किए निवेश की पड़ताल करेगा।

मार्च में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का चौंका देने वाला शुद्ध निवेश आया था। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (19 अप्रैल तक) भारतीय इक्विटी में 5,254 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के सहायक निदेशक (शोध प्रबंधक) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि एफपीआई की निकासी का प्रमुख कारण मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव था, जो अब उसके माध्यम से भारत में किए गए निवेश की अधिक जांच करेगा।

उन्होंने कहा कि दोनों देश दोहरे कराधान बचाव समझौते (डीटीएए) में संशोधन करने वाले एक प्रोटोकॉल पर आम सहमति पर पहुंच गए हैं। प्रोटोकॉल निर्दिष्ट करता है कि कर राहत का उपयोग किसी अन्य देश के निवासियों के अप्रत्यक्ष लाभ के लिए नहीं किया जा सकता है। वास्तव में, मॉरीशस की संस्थाओं के माध्यम से भारतीय बाजारों में निवेश करने वाले अधिकांश निवेशक अन्य देशों से हैं। कुल मिलाकर, इस वर्ष अब तक इक्विटी में कुल निवेश 5,640 करोड़ रुपये और ऋण बाजार में 49,682 करोड़ रुपये रहा है।

# विश्व बैंक, आईएमएफ बैठकों में जलवायु वित्त पर सुस्त प्रगति

- अजरबैजान में सीओपी-29 में सामूहिक मात्रात्मक पर होनी है चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकें जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए जरूरी खरबों डॉलर जुटाने की ठोस योजना के बिना खत्म हो गईं।

इस साल अजरबैजान में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन (सीओपी-29) में सामूहिक मात्रात्मक लक्ष्य (एनसीक्यूजी) या नए जलवायु वित्त लक्ष्य पर चर्चा होनी है। एनसीक्यूजी वह नई राशि है, जिसे विकसित देशों को 2025 से हर साल विकासशील देशों में जलवायु कार्रवाई का समर्थन करने के लिए जुटाना होगा। अमीर देशों से उम्मीद की जा रही है कि वे 2020 से हर साल 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक जुटाएंगे, लेकिन वे विफल रहे। विश्लेषण से पता चला है कि विकासशील देशों में वित्तीय प्रवाह 2023 में नकारात्मक हो गया। बैठकों के दौरान जी7 और जी20 के वित्त मंत्रियों के बीच जलवायु और विकास उद्देश्यों के लिए विकासशील देशों को वित्त मुहैया कराने पर चर्चा हुई।

### यूपीआई बाजार 30% तक सीमित किए जाने का उद्योग जगत को इंतजार

**नई दिल्ली।** भुगतान उद्योग को एनपीसीआई द्वारा यूपीआई बाजार हिस्सेदारी को 30 प्रतिशत तक सीमित करने का इंतजार है। ऐसा करने की विस्तारित समय सीमा एक जनवरी के पास आने के साथ ही उद्योग जगत की अन्य कंपनियां बाजार हिस्सेदारी हासिल करने की तैयारी कर रही हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने दिसंबर 2022 में तीसरे पक्ष के यूपीआई डिजिटल भुगतान लेन-देन में 30 प्रतिशत की समयसीमा को दो साल बढ़ाकर दिसंबर 2024 कर दिया था। गूगल पे और फोनपे जैसे तीसरे पक्ष के ऐप प्रदाताओं (टीपीएपी) के पास यूपीआई आधारित लेन-देन में 85 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। एनपीआई एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) का संचालन करता है। सूत्रों ने कहा कि एक विकल्प यह हो सकता है कि यूपीआई लेनदेन में 30 प्रतिशत से अधिक बाजार हिस्सेदारी रखने वालों के लिए नए ग्राहकों को जोड़ना बंद कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि इसे चरणबद्ध तरीके से किया जा सकता है ताकि उपयोगकर्ताओं पर कोई प्रभाव न पड़े।

# बीमा नियामक इडराई ने स्वास्थ्य बीमा उत्पाद पर आयु प्रतिबंध को हटाया

- भारतीय बीमा नियामक का लक्ष्य अधिक समावेशी और सुलभ पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना

नई दिल्ली, एजेंसी

बाजार को व्यापक बनाने और स्वास्थ्य देखभाल खर्चों से पर्याप्त सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीमा नियामक इरडाई ने स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदने वाले व्यक्तियों के लिए 65 वर्ष की आयु सीमा हटा दी है।

स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को खरीदने पर अधिकतम आयु प्रतिबंध को समाप्त करके भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) का लक्ष्य अधिक समावेशी और सुलभ स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है, जो अप्रत्याशित चिकित्सा खर्चों के खिलाफ पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करता है। पहले के दिशानिर्देशों के अनुसार, व्यक्तियों को केवल 65 वर्ष की आयु तक नई बीमा पॉलिसी खरीदने की अनुमति थी। हालांकि, एक अप्रैल से प्रभावी हुए हालिया संशोधन के साथ किसी भी उम्र का कोई भी व्यक्ति नई बीमा पॉलिसी खरीदने के लिए पात्र है। गजट अधिसूचना में इरडाई ने कहा कि बीमाकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि वे सभी आयु समूहों की जरूरतों को पूरा करने के लिए बीमा उत्पादों की पेशकश करें। बीमाकर्ता विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों, बच्चों, मातृत्व और सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्दिष्ट किसी भी समूह के लिए उत्पाद डिजाइन कर सकते हैं। चिकित्सीय स्थिति वाले व्यक्तियों को स्वास्थ्य पॉलिसियां प्रदान करने का आदेश दिया गया है।

### एप्पल भारत में तीन साल में पांच लाख लोगों को दे सकता है रोजगार

**नई दिल्ली।** आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल अपने विक्रेताओं के माध्यम से अगले तीन साल में भारत में पंच लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे सकती है। फिलहाल एप्पल के विक्रेता और आपूर्तिकर्ता 1.5 लाख लोगों को रोजगार देते हैं। एप्पल के लिए दो संयंत्र चलाने वाली टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे ज्यादा रोजगार पैदा करती है। वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि एप्पल भारत में नियुक्तियों में तेजी ला रहा है। पुराने अनुमान के अनुसार, यह अपने विक्रेताओं और कलपुर्जे आपूर्तिकर्ताओं के माध्यम से अगले तीन साल में पांच लाख लोगों को रोजगार देने जा रहा है। इस संबंध में एप्पल ने कोई बयान नहीं दिया। एप्पल की अगले चार-पांच साल में भारत में उत्पादन को पांच गुना से अधिक बढ़ाकर 40 अरब डॉलर (3.32 लाख करोड़) करने की योजना है। बाजार शोध कंपनी काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, एप्पल ने पहली बार 2023 में सबसे अधिक राजस्व के साथ भारतीय बाजार में सबसे आगे रही, जबकि सैमसंग मात्रा के मामले में शीर्ष पर रही।

**आज का मुकाबला**

मुंबई इंडियंस बनाम राजस्थान रॉयल्स

समय : शाम 7:30 बजे

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 08 | 379 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 06 | 324 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 07 | 318 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 07 | 13 |
| हर्षल पटेल | 08 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 07 | 12 |

## बदला चुकता करना चाहेंगे मुंबई इंडियंस

जयपुर, एजेंसी

मुंबई इंडियंस की टीम सोमवार को जब यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी तो उसकी निगाह अपनी गेंदबाजी खामियों को दूर करके मेजबान टीम से बदला चुकता करने पर लगी होंगी।

पिछले चार मैच में तीन जीत से मुंबई इंडियंस की टीम उबरने की राह पर चल रही है और सत्र की खराब शुरूआत के बाद अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है जबकि राजस्थान रॉयल्स की टीम तूफानी रफ्तार से आगे बढ़ते हुए 12 अंक लेकर शीर्ष स्थान पर काबिज है। मुंबई ने पिछले मैच में आशुतोष के अंत में लगाए गए अर्धशतक के बावजूद पंजाब किंग्स के खिलाफ नौ रन से जीत हासिल की थी। एक बार फिर जसप्रीत बुमराह ने जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाई और तीन विकेट झटके।

वहीं, राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में मुंबई इंडियंस की हालत काफी खराब रही थी जिसमें ट्रेंट बोल्ट ने उनके तीन शीर्ष क्रम बल्लेबाजों को खाता भी नहीं खेलने दिया था और यह अनुभवी तेज गेंदबाज फिर से उनके लिए बड़ा खतरा होगा। आवेश खान को अंतिम ओवर में गेंदबाजी की जिम्मेदारी दी गई है और उन्होंने इसे बखूबी निभाया है। कुलदीप सेन ने भी अपना कौशल दिखाया है लेकिन उन्हें अपने इकोनोमी पर काम करने की जरूरत है।

## गुजरात ने पंजाब को 3 विकेट से हराया



पंजाब के खिलाफ चार विकेट लेकर साई किशोर ने पलटा खेल। ● एजेंसी

मोहाली, एजेंसी

साई किशोर, नूर अहमद और मोहित की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद कप्तान शुभमन (35) और राहुल के नाबाद 36 रनों की पारियों की बदौलत गुजरात ने रविवार को आईपीएल के 37वें मैच में पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हरा दिया है।

143रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में ऋद्धिमान साहा (13) रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने पारी को संभाला। गिल ने 29 गेंदों में 35 रन बनाए। वहीं साई सुदर्शन ने 31 रन बनाए। डेविड मिलर (4), अजमतउल्लाह उमरजई (13), शाहरुख खान (8), राशिद खान (3) रन बनाकर आउट हुए। राहुल तेवतिया ने 18 गेंदों में नाबाद 36 रन बनाए। गुजरात ने 19.1 ओवर में सात विकेट पर 147 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया।

इससे पहले महाराज यदविंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी अच्छी शुरुआत की और हरप्रीत बराड़ (29) रनों की पारियों के दम पर पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को जीत के लिए 143 रनों का लक्ष्य दिया है।

**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**

**पंजाब किंग्स :** 142 पर सभी आउट, प्रभसिमरन 35, सैम कुरेन 20, हरप्रीत बरार 29। **विकेट :** साई किशोर 4, अहमद 2, मोहित 2।

**गुजरात टाइटंस :** 146/7, 19.1 ओवर, शुभमन 35, साई सुदर्शन 31, राहुल तेवतिया (नाबाद) 36। विकेट : हर्षल पटेल 3, लियाम 2, सैम करन 1

# केकेआर ने 1 रन से जीता रोमांचक मुकाबला

### नाइट राइडर्स ने आरसीबी को दिया 223 रनों का लक्ष्य, अंतिम ओवर में कर्ण की दमदार बल्लेबाजी से 221 तक पहुंची बेंगलुरू



शतकीय साझेदारी के दौरान रन लेते आरसीबी के विल जैक्स और रजत पाटीदार। ● एजेंसी

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 | +0.677 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 | +1.206 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.941 |
| चेन्नई | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.529 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.123 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 | -1.055 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.133 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.477 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.292 |
| बेंगलुरु | 8 | 1 | 7 | 2 | -1.046 |

कोलकाता, एजेंसी

श्रेयस अय्यर (50) और फिल सॉल्ट (48) की शानदार पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 36वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को एक रन से हरा दिया है। कोलकाता की सात मैचों में यह पांचवीं जीत है।

223 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और तीसरे ओवर में विराट कोहली (18) का विकेट गवां दिया। अगले ओवर में कप्तान फाफ डुप्लेसी भी (7) रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद विल जैक्स और रजत पाटीदार ने पारी को संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट लिए 101 रनों साझेदारी हुई। 12वें ओवर में रजत पाटीदार को रसल आउट कर दिया। रजत ने 52 रन बनाए। कैमरन ग्रीन (6), सुयश प्रभुदेसाई (24), महिपाल लोमरोर (4) रन बनाकर आउट हुए। विल जैक्स ने 32 गेंदों में 55 रन बनाए। दिनेश कार्तिक 18 गेंदों में 25 रन बनाकर आउट हुए। वहीं कर्ण शर्मा ने यादगार पारी खेली उन्होंने सात गेंदों में तीन छक्के लगाकर टीम को जीत तक पहुंचा दिया था, लेकिन कर्ण के आउट होने के बाद लॉकी फर्ग्युसन भी एक रन पर रनआउट हो गए और टीम के एक रन से हार का सामना करना पड़ा। बेंगलुरु 20 ओवर में 221 रन पर सिमट गई।



विराट का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाड़ी। ● एजेंसी

इससे पहले श्रेयस अय्यर (50) और फिल सॉल्ट (48) की शानदार पारियों की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जीत के लिए 223 रनों का लक्ष्य दिया है। आज ईडन गार्डंस में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बेंगलुरु की बल्लेबाजी करने उतरी फिल सॉल्ट और सुनील नारायण की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 56 रन जोड़ते हुए अच्छी शुरुआत की। पांचवें ओवर में सिराज ने फिल सॉल्ट को आउट किया। फिल सॉल्ट ने 14 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए 48 रन बनाए। इसके अलगे ही ओवर में सुनील नारायण (10) पवेलियन लौट गए। श्रेयस अय्यर ने कप्तानी पारी खेलते हुए 36 गेंदो में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 50 रन बनाए।

**कोलकाता 222/6** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 20

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| सॉल्ट कैच आर पाटीदार बोल्ड सिराज | 48 | 14 | 7/3 |
| नारायण कैच कोहली बोल्ड यश दयाल | 10 | 15 | 2/0 |
| रघुवंशी कैच कैमरन ग्रीन बोल्ड यश दयाल | 3 | 4 | 0/0 |
| वेंकटेश कैच लोमरोर बोल्ड कैमरन ग्रीन | 16 | 8 | 3/0 |
| श्रेयस कैच डुप्लेसी बोल्ड कैमरन ग्रीन | 50 | 36 | 7/1 |
| रिंकू कैच यश दयाल बोल्ड फर्ग्युसन | 24 | 16 | 2/1 |
| आंद्रे रसल नाबाद | 27 | 20 | 4/0 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 24 | 9 | 2/2 |

**गेंदबाजी :** मोहम्मद सिराज 4-0-40-1, यश दयाल 4-0-56-2, लॉकी फर्ग्युसन 4-0-47-1, कर्ण शर्मा 4-0-33-0, कैमरन ग्रीन 4-0-35-2

**बेंगलुरु 221/10** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 9

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली का एवं बो हर्षित | 18 | 7 | 1/2 |
| फाफ डुप्लेसी का वेंकटेश बो चक्रवर्ती | 7 | 7 | 1/0 |
| विल जैक्स का रघुवंशी बो रसेल | 55 | 32 | 4/5 |
| रजत पाटीदार का हर्षित बो रसेल | 52 | 23 | 3/5 |
| कैमरुन ग्रीन का रमनदीप बो नारायण | 6 | 4 | 0/1 |
| सुयश प्रभुदेसाई का रघुवंशी बो हर्षित | 24 | 18 | 3/0 |
| महिपाल लोमरोर का एवं बो नारायण | 4 | 3 | 1/0 |
| दिनेश कार्तिक का सॉल्ट बो रसेल | 25 | 18 | 3/1 |
| कर्ण शर्मा का एंव बो स्टार्क | 20 | 7 | 0/3 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |
| लॉकी फर्ग्यूसन रन आउट | 1 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** हर्षित 4-0-33-2, स्टार्क 3-0-55-1, चक्रवर्ती 4-0-36-1, नारायण 4-0-34-2, सुयश शर्मा 2-0-33-0, रसेल 3-0-25-3

## खेल डायरी

### रिबाकिना ने जीता पोर्शे ग्रां प्री का खिताब

**स्टटगार्ट (जर्मनी)।** एलिना रिबाकिना ने पोर्शे ग्रां प्री के फाइनल में रविवार को यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक को हराकर सत्र का अपना तीसरा खिताब जीता। कजाखिस्तान की इस खिलाड़ी ने एक घंटे नौ मिनट तक चले फाइनल मुकाबले को 6-2, 6-2 से आसानी से अपने नाम किया। रिबाकिना ने इससे पहले शनिवार को सेमीफाइनल में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक को शिकस्त दी थी। इस सत्र में एडिलेड और अबुधाबी में खिताब जीत चुकी रिबाकिना की यह साल की 26वीं जीत है।

### नौकायन में बलराज पंवार को मिला ओलंपिक कोटा

**चुंगजू।** बलराज पंवार ने एशियाई और ओसनियाई रोइंग ओलंपिक क्वालिफिकेशन रेगाटा में पुरुष एकल स्कल्स (एम1एक्स) स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत का पहला नौकायन पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। दक्षिण कोरिया के चुंगजू में आयोजित स्पर्धा में 25 वर्षीय पंवार ने हीट में 7:17.87 और सेमीफाइनल में 7:16.29 का समय लेकर चुंगजू के फाइनल में जगह बनाई। बलराज पंवार 7:01.27 समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कजाकिस्तान के व्लादिस्लाव याकोवलेव ने 6:59.46 समय के साथ रेस जीती, जबकि इंडोनेशिया के मेमो ने 6:59.74 समय के साथ रजत पदक जीता। वह पिछले वर्ष चीन के हांग्झोऊ में अपने पहले एशियाई खेलों में कांस्य पदक से चूक गए थे।

### रमित टंडन ने विक्टर क्रोयूइन को हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी रमित टंडन ने मिस्र के एल गोयूना में चल रहे 198,000 डॉलर पुरस्कार राशि के पीएसए प्लेटिनम स्क्वाश टूर्नामेंट के दूसरे दौर में फ्रांस के दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी विक्टर क्रोयूइन पर 3-1 की शानदार जीत से बड़ा उलटफेर किया। दुनिया के 40वें नंबर के खिलाड़ी टंडन को अगले महीने मिस्र में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में सीधे प्रवेश दिया गया है। टंडन ने विक्टर क्रोयूइन पर 52 मिनट में 11-9, 12-10, 8-11, 11-5 से जीत हासिल की। फ्रांस के खिलाड़ी के खिलाफ पांच भिड़ंत में यह टंडन की दूसरी जीत है। अब तीसरे दौर में टंडन का सामना दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी डिएगो एलियास से होगा।

### सर्वेश ने दूसरी बार जीता ऊंची कूद का खिताब

**कैलिफोर्निया।** भारत के सर्वेश कुशारे ने माउंट सैक रिले 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों का ऊंची कूद एलीट खिताब जीता लिया है। अमेरिका में कैलिफोर्निया के वॉलनट में हिल्मर लॉज स्टेडियम में आयोजित शनिवार को सर्वेश कुशारे ने सत्र की सर्वश्रेष्ठ 2.23 मीटर की जंप के साथ माउंट सैक रिले 2024 एथलेटिक्स मीट में खिताब जीता। कुशारे पिछले वर्ष हांग्झोऊ में एशियन गेम्स में 2.26 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। उन्होंने माउंट सैन एंटोनियो कॉलेज में 2.23 मीटर की जंप के साथ पहला स्थान हासिल किया।

### हॉकी इंडिया: पुरुष शिविर के लिए कोर ग्रुप घोषित

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने रविवार को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी कमियों को दूर करने के लिये पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 28 सदस्यीय कोर संभावित ग्रुप की घोषणा की। शिविर बेंगलुरु के साइ केंद्र में रविवार से शुरू होकर 13 मई तक चलेगा। भारतीय टीम आस्ट्रेलिया में पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला में मिली 0-5 की हार के बाद शिविर में लौटेगी। इस शिविर के बाद भारतीय टीम एफआईएच प्रो लीग के अपने अगले दो चरण के लिए बेल्जियम और लंदन की यात्रा करेगी जिसमें उसका सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन से होगा। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि हम इस शिविर में ट्रेनिंग का महत्वपूर्ण चरण शुरू करना चाहते हैं और हमें सुनिश्चित करेंगे कि पेरिस ओलंपिक से पहले हम सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हों।

## मनु और अनीश ने ओलंपिक के लिए मजबूत किया दावा

नई दिल्ली, एजेंसी

मनु भाकर और अनीश भानवाला ने यहां डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में चल रहे ओलंपिक चयन ट्रायल एक और दो में अपने-अपने क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष पर रहते हुए ओलंपिक के लिए अपना दावा मजबूत किया।

देश के लिए कोटा हासिल करने वाली मनु ने टी2 क्वालीफिकेशन में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में 585 का कुल स्कोर हासिल किया और पांच महिला निशानेबाजों में शीर्ष पर रही। उन्होंने इससे पहले शनिवार को पहला ट्रायल भी जीता था। ईशा सिंह 581 के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ 577 के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

अभिदन्या अशोक पाटिल (572) चौथे स्थान पर रही जबकि मनु के साथ देश के लिए कोटा हासिल करने वाली रिदम सांगवान 566 अंक के साथ पांचवें पायदान पर रही। पुरुषों के 'टी2' क्वालीफिकेशन में अनीश ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 582 अंक के साथ जीत दर्ज की।

## अलीरेजा को हराकर गुकेश ने हासिल की एकल बढ़त

**टोरंटो।** युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 13वें दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराकर एकल बढ़त हासिल की। इस तरह गुकेश अब तक के सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियनशिप दावेदार बनने की कोशिश में जुटे हैं। अब टूर्नामेंट में बस एक दौर बचा है।

चेन्नई के 17 वर्षीय गुकेश अगर कैंडिडेट्स में विजेता बनते हैं तो विश्व चैंपियन के खिताब के लिए उनकी भिड़ंत चीन के डिंग लिरेन से होगी। महिलाओं की स्पर्धा में कोनेरू हम्पी ने अन्ना मुजिचुक से ड्रा खेला जबकि वैशाली रमेशबाबू ने लेई टिंग्जी को पराजित किया। वैशाली ने इस तरह पिछली चार बाजियों में लगातार जीत दर्ज की है। रूस के इयान नेपोमनियाच्ची और अमेरिका के हिकारू नाकामुरा ने ड्रा खेला।

## मेस्सी ने दागे दो गोल, इंटर मियामी ने नाशविले को हराया

**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)।** अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनल मेस्सी के दो गोल से इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में नाशविले एससी पर 3-1 से जीत दर्ज की। इन दो गोल से मेस्सी के एमएलएस में कुल सात गोल हो गए हैं। मेस्सी ने दो मार्च को ओरलांडो के खिलाफ मैच के दौरान भी दो गोल दागे थे। मेस्सी ने नाशविले एससी के खिलाफ मैच में एक गोल करने में भी मदद की। इंटर मियामी के लिए सर्गियो बुस्कुवेट्स ने अपना पहला गोल दागा। लुईस सुआरेज ने मेस्सी को पहला गोल करने में मदद की। मियामी के डिफेंडर फ्रैंको नेरी के दूसरे मिनट में आत्मघाती गोल से नाशविले एससी ने बढ़त बनाई। मेस्सी ने 11वें मिनट में अपना पहला गोल दागा जिसके बाद 39वें मिनट में बुस्कुवेट्स ने गोल कर अपनी टीम को 2-1 से आगे किया। मेस्सी ने फिर 81वें मिनट में पेनल्टी किक पर अपना दूसरा गोल किया।

# बॉलीवुड हलचल

## 'कल्कि 2898 एडी' के नए पोस्टर में दिखा अमिताभ बच्चन का लुक

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की आने वाली फिल्म ''कल्कि 2898 एडी'' के नए पोस्टर में उनका लुक रिलीज हो गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म ''कल्कि 2898 एडी'' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। पिछले साल अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर जब उनका पहला लुक पोस्टर सामने आया था। तब से प्रशंसकों को फिल्म में अभिनेता के लुक और चरित्र के बारे में अधिक जानकारी का बेसब्री से इंतजार है। उत्साह को बढ़ाते हुए ''कल्कि 2898 एडी'' का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। नया पोस्टर हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम सहित विभिन्न भाषाओं में साझा किया गया है। सफेद पोशाक पहने, अमिताभ बच्चन को एक मंदिर के अंदर रहस्यमय ढंग से बैठे और प्रकाश की चमकदार किरण की ओर देखते हुए देखा जा सकता है। पोस्टर पर लिखा है, समय आ गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित और वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित ''कल्कि 2898 एडी'' बहुभाषी फिल्म है।

## बजरंगी भाईजान और राउड़ी राठौर का बनेगा सीक्वल

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की सुपरहिट फिल्म बजरंगी भाईजान और खिलाड़ी कुमार अक्षय की सुपरहिट फिल्म राउड़ी राठौर का सीक्वल बनने के कयास लगाए जा रहे हैं। सलमान खान के बहनोई और अभिनेता आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान के निर्माता केके राधामोहन ने बताया है कि सलमान और अक्षय की फिल्मों का वह सीक्वल बनाने वाले हैं। केके राधामोहन ने बताया है कि वह सलमान खान की फिल्म बजरंगी भाईजान और अक्षय कुमार की फिल्म राउड़ी राठौर का सीक्वल बनाएंगे। विजयेंद्र प्रसाद ने मेरे दो कहानी लिख रहे हैं, जिसमें राउड़ी राठौर 2 और बजरंगी भाईजान 2 है।

### वेलकम टू द जंगल में हुई दो नए सितारों की एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली मल्टी स्टारर फिल्म में अब दो अन्य स्टार्स की भी एंट्री हो गई है। 'वेलकम' और 'वेलकम 2' की सफलता के बाद अहमद खान के निर्देशन में बन रही फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का जब टाइटल ट्रैक वीडियो शेयर किया गया था, उसमें अक्षय कुमार, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, संजय दत्त, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, रवीना टंडन, लारा दत्ता, जैकलीन फर्नांडिस, परेश रावल, अरशद वारसी, जॉनी लीवर, कृष्णा अभिषेक और राजपाल यादव समेत कई स्टार्स दिखाई दिए थे। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में जैकी श्रॉफ और आफताब शिवदासानी की भी एंट्री हो गई है। इस फिल्म की आधी से ज्यादा शूटिंग मुंबई में ही पूरी की जाएगी। बेस इंडस्ट्रीज ग्रुप द्वारा प्रस्तुत ''वेलकम टू द जंगल'' फिरोज ए. नाडियाडवाला द्वारा निर्मित और अहमद खान द्वारा निर्देशित है। यह फिल्म इस साल के अंत में 20 दिसंबर को क्रिसमस सप्ताह के दौरान रिलीज हो सकती है।

## विश्व क्वालीफायर के लिए नए सिरे से ट्रायल कराएगा नाराज डब्ल्यूएफआई

नई दिल्ली, एजेंसी

एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय पुरूष टीम के खराब प्रदर्शन से नाराज और चिंतित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने विश्व क्वालीफायर में भारतीय टीम के चयन के लिए नए सिरे से ट्रायल कराने का फैसला किया है।

बिश्केक में एशियाई चैंपियनशिप में भारत ने 18 में से चार ही कोटा स्थान हासिल किए और सभी महिला पहलवानों को मिले जिनमें विनेश फोगाट भी शामिल है। उनके अलावा अंतिम पंघाल (53 किलो), अंशु मलिक (57 किलो) और रीतिका (76 किलो) ने भी कोटा हासिल किया। अभी भी 14 श्रेणियां बची है और नौ मई से तुर्की में होने वाले विश्व क्वालीफायर में जीतना एशियाई क्वालीफायर की तुलना में कठिन होगा। डब्ल्यूएफआई सभी 14 श्रेणियों में ट्रायल का आयोजन करेगा। इनमें महिला वर्ग में दो (68 और 62 किलो), पुरूष फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन में छह छह वर्ग शामिल है जिनके ट्रायल अप्रैल के आखिरी सप्ताह या मई के प्रथम सप्ताह में आयोजित किए जाएंगे। अध्यक्ष संजय सिंह ने भारतीय कोचों और समिति के सदस्यों से प्रदर्शन पर चर्चा की।

### भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों का 'फ्लॉप शो'

**बिश्केक (किर्गिस्तान)।** भारत के ग्रीको रोमन पहलवानों ने रविवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में निराशाजनक प्रदर्शन किया जिससे इनमें से कोई भी पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल नहीं कर सका। सुनील (87 किग्रा) ही एकमात्र भारतीय थे जो एक मुकाबला जीतने में सफल रहे वर्ना अन्य तो अपने पहले दौर में ही हारने के बाद बाहर हो गए। सुनील ने अपने पहले मैच में जापान के प्रतिद्वंद्वी सोह साकाबे को 5-1 से मात दी। लेकिन क्वार्टरफाइनल में उज्बेकिस्तान के जलगासबे बर्डीमुरातोव से 2-4 से हार गए। अंशु (67 किग्रा) की चुनौती दो मिनट से कम समय में ही समाप्त हो गई। सुमित (60 किग्रा), विकास (77 किग्रा), नीतेश (97 किग्रा) और नवीन (130 किग्रा) भी पहले ही दौर में हार गए।

### अगले चार माह में वजन प्रबंधन करना चुनौती: विनेश

**बिश्केश (किर्गिस्तान)।** ओलंपिक कोटा हासिल कर राहत महसूस कर रही विनेश फोगाट का मानना है कि पेरिस खेलों की तैयारी के लिए 50 किग्रा के सबसे निचले वर्ग में अपना वजन बनाए रखना उनके लिए चुनौतीपूर्ण होगा। विनेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने बिना अंक गंवाए अपना लगातार तीसरा ओलंपिक कोटा पक्का कर लिया। विनेश भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के विरोध के कारण लगभग डेढ़ साल तक नियमित अभ्यास और खेल से दूर रही। इस दौरान अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा वर्ग में कोटा स्थान हासिल कर लिया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# संसदीय चुनाव में मुइज्जू ने बनाई बढ़त

माले एजेंसी

- मालदीव में मतदान पर भारत की करीबी नजर, केरल में बने 3 बूथ

मालदीव में रविवार को संसदीय चुनाव के लिए मतदान हुआ है। राष्ट्रपति मुइज्जू की पार्टी पीपल्स नेशनल कांग्रेस जीत की ओर बढ़ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मुइज्जू की पार्टी 59 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है और अभी भी वोटों की गिनती चल रही है। मालदीव के चुनाव पर भारत और चीन की भी नजर है, क्योंकि दोनों देश द्वीपसमूह राष्ट्र में प्रभाव जमाना चाहते हैं। संसदीय चुनाव के लिए 3 बूथ भारत में भी बनाए गए हैं।

मुइज्जू ने चुनाव 'इंडिया आउट' के अभियान के तहत लड़ा था। बता दें कि मालदीव के चुनाव के नतीजे देर रात आ सकते हैं। मालदीव हिंद महासागर में रणनीतिक तौर पर अहम जगह पर स्थित है, जिस कारण भारत और चीन दोनों इस पर प्रभाव जमाना चाहते हैं। पिछले साल राष्ट्रपति के

रविवार को मतदान केंद्र पर वोट डालते राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू।

रूप में मुइज्जू ने भारत और चीन के बीच प्रतिद्वंद्विता को तेज कर दिया था। मुइज्जू ने चीन समर्थक रुख अपनाया था और देश के एक द्वीप पर तैनात भारतीय सैनिकों को हटाने का काम किया। संसद में बहुमत हासिल करना मुइज्जू के लिए कठिन होगा, क्योंकि उनके कुछ सहयोगी अलग हो गए हैं और अधिक पार्टियां दौड़ में शामिल हो गई हैं। छह राजनीतिक दल और स्वतंत्र समूह संसद की 93 सीटों के लिए 368 उम्मीदवार मैदान में उतार रहे हैं। जनसंख्या वृद्धि के समायोजन के बाद यह पिछली संसद की तुलना में छह सीटें अधिक है।

चुनाव में लगभग 2 लाख 84 हजार लोग मतदान करेंगे और देर रात नतीजे आ सकते हैं। राष्ट्रपति पद के लिए मुइज्जू के चुनाव अभियान का विषय "इंडिया आउट" था, जिसमें उन्होंने पिछले राष्ट्रपति पर भारत को बहुत अधिक प्रभाव देकर राष्ट्रीय संप्रभुता से समझौता करने का आरोप लगाया। मालदीव में कम से कम 75 भारतीय सैन्यकर्मी तैनात थे, जिन्हें मुइज्जू ने हटा दिया। सैनिकों का काम भारत द्वारा दान किए गए दो विमानों का संचालन करना और समुद्र में फंसे या आपदाओं का सामना करने वाले लोगों के बचाव में सहायता करना था।

## श्रीलंका में रेसिंग के दौरान कार ने दर्शकों को कुचला, 7 की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका के उवा प्रांत में रविवार को एक मोटर कार रेसिंग कार्यक्रम के दौरान बड़ा हादसा हो गया। इस दौरान एक कार ने दर्शकों को कुचल दिया। दुर्घटना में एक बच्चे सहित कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। इस दौरान 23 अन्य गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना तब हुई, जब दियाथलावा के सेंट्रल हिल रिसॉर्ट में रेसिंग आयोजित किया जा रहा था। इस दौरान इसमें हिस्सा लेने वाली एक बार ट्रैक से उतर गई और दर्शकों को कुचलते हुए आगे बढ़ गई। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और 23 गंभीर रूस से घायल हैं। पुलिस प्रवक्ता निहाल थल्डुवा ने कहा कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# नाबालिग की गर्भावस्था को समाप्त करने की मांग...सुप्रीम सुनवाई आज

*नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को 14 वर्षीय कथित दुष्कर्म पीड़िता की 28 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत की वेबसाइट के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ सोमवार को पहले मामले पर सुनवाई करेगी।*

- मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (एमटीपी) अधिनियम के तहत गर्भावस्था को समाप्त करने की ऊपरी सीमा विवाहित महिलाओं के साथ-साथ विशेष श्रेणियों की महिलाओं के लिए 24 सप्ताह रखी गई है। इनमें बलात्कार पीड़िताओं और कुछ अन्य महिलाओं जैसे कि विकलांग और नाबालिग को शामिल किया गया है।
- अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी कोर्ट में केंद्र सरकार की ओर से पेश हुईं। पीठ ने मुंबई के सायन अस्पताल से पीड़िता की शारीरिक और मनोवैज्ञानिक स्थिति के बारे में रिपोर्ट मांगी थी। पीठ ने कहा था कि अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक एक मेडिकल बोर्ड का गठन करेंगे और मामले पर सोमवार को 10 .30 बजे सुनवाई होगी।

### 19 को दिए थे जांच के आदेश

इससे पहले, 19 अप्रैल को शीर्ष अदालत ने पीड़िता की मां द्वारा दायर याचिका पर उसकी मेडिकल जांच का आदेश दिया था। दरअसल, बॉम्बे हाई कोर्ट ने अपने फैसले में पीड़िता को गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। इस फैसले को मां ने सुप्रीम कोर्ट ने चुनौती दी थी। बता दें कि मुंबई के सायन अस्पताल से लड़की की संभावित शारीरिक और मनोवैज्ञानिक स्थिति के बारे में रिपोर्ट मांगी गई थी।

### 28 सप्ताह की गर्भवती है नाबालिग

पीठ ने अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक को मेडिकल बोर्ड का गठन करने और उसकी रिपोर्ट सुनवाई की अगली तारीख 22 अप्रैल को अदालत के समक्ष पेश करने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में पेश वकील ने कहा कि नाबालिग 28 सप्ताह की गर्भवती है और फिलहाल मुंबई में है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने मामले में सरकार का प्रतिनिधित्व किया। मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी (एमटीपी) अधिनियम के तहत, गर्भावस्था को समाप्त करने की ऊपरी सीमा विवाहित महिलाओं के साथ-साथ विशेष श्रेणियों की महिलाओं के लिए 24 सप्ताह है, जिनमें दुष्कर्म पीड़िताएं और अन्य कमजोर महिलाएं, जैसे कि विकलांग और नाबालिग शामिल हैं।

## एक नजर

### पाकिस्तान में महिला ने एक साथ 6 बच्चों को दिया जन्म, 4 लड़के

**रावलपीडी।** पाकिस्तान के रावलपिंडी में एक महिला ने एक साथ 6 बच्चों को जन्म दिया है। इनमें 4 लड़के और 2 लड़कियां हैं। डॉक्टरों का कहना है कि एक साथ 6 बच्चों का होने की घटना को सेक्स्टुपलेट्स कहा जाता है। यह 470 करोड़ लोगों में से किसी एक को होता है।

### अमृतसर में युवक ने गर्भवती पत्नी को जिंदा जलाया, गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर के बाबा बकाला इलाके के बुल्ले नांगल गांव में युवक ने कथित तौर पर अपनी 23-वर्षीया गर्भवती पत्नी को बिस्तर से बांधकर जिंदा जला दिया। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को सुखदेव सिंह ने अपनी पत्नी से झगड़े किया, इसके बाद घटना को अंजाम दिया। मृतक पिंकी छह महीने की गर्भवती थी और उसे जुड़वा संतान होने की उम्मीद थी। सूचना पर पहुंची पुलिस को पिंकी घर पर मृत मिली। पुलिस ने कहा कि सुखदेव को गिरफ्तार कर उस पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

### तारे में विस्फोट के 11 हजार साल बाद भी निकल रही गैस

**वाशिंगटन।** नासा वेला तारामंडल में 11 हजार साल पहले एक तारे में हुए विस्फोट के बाद उसकी बाहरी परत एक शॉकवेव के साथ अंतरिक्ष में फैल गई। तारे से निकलने वाली गैस अंतरिक्ष में विभिन्न पदार्थों के साथ क्रिया करके रंगबिरंगी रोशनी का निर्माण करती है। यह तस्वीर नासा ने ली है।

### खैबर पख्तूनख्वा में बारूदी सुरंग में धमाका, दो किशोरों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को एक बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से दो किशोरों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। स्थानीय पुलिस ने बताया है कि, ये किशोर खैबर जिले में तिराह घाटी की पहाड़ियों में मशरूम खोज रहे थे, तभी उनमें से एक का पैर बारूदी सुरंग पर पड़ गया, जिससे एक भयानक विस्फोट हुआ। दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हुआ है।

# भारतवंशी तरुण लड़ेंगे लंदन का मेयर चुनाव, पाकिस्तानी सादिक को देंगे चुनौती

## निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव में उतरेंगे, 2 मई को होगा मतदान

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड के लंदन में मेयर पद पर पाकिस्तान मूल के सादिक खान तीसरी बार जीत हासिल करने के लक्ष्य के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि, इस बार उन्हें भारतीय मूल के एक उम्मीदवार से चुनौती मिलने वाली है। दिल्ली में जन्मे तरुण गुलाटी ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। तरुण का कहना है कि लंदन के नागरिकों को सभी राजनीतिक पार्टियों ने दुखी किया है। उन्होंने आगे कहा कि वह लंदन को अनुभवी सीईओ की तरह चलाना चाहते हैं, जिससे सभी को लाभ मिल सके। उनका मानना है कि एक व्यवसायी और निवेश विशेषज्ञ के रूप में उनका अनुभव लंदन को लाभ पहुंचाने में मददगार साबित होगा।

दो मई को होने वाले मेयर चुनाव में 63 वर्षीय भारतीय मूल के तरुण गुलाटी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव में उतरेंगे। मेयर पद के लिए उनकी लड़ाई 13 अन्य उम्मीदवारों से होने वाली है। उन्होंने सिटीबैंक और एचएसबीसी के साथ छह देशों में काम किया है। एचएसबीसी में वह एक अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधक (आईएम) थे। तरुण गुलाटी ने कहा, "मैं लंदन को एक अनोखे वैश्विक शहर के तौर पर देखता हूं। यह विश्व के वैश्विक बैंक की तरह है, जहां दुनियाभर के लोग एकत्रित होते हैं। अपने संबोधन में उन्होंने आगे कहा, "मेयर के तौर पर मैं लंदन की बैलेंस शीट इस तरह से तैयार करूंगा कि यह निवेश के लिए एक प्रमुख विकल्प बन सके। इसमें सभी निवासियों के लिए सुरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित हो। मैं एक अनुभवी सीईओ की तरह लंदन को प्रभावी ढंग से बदलूंगा। यहां लाभप्रदत्ता का मतलब सभी के लिए लाभ होगा। इस यात्रा में आप सभी शामिल होंगे। इसे अपने लंदन और अपने घर के लिए करें। लंदन की सड़कों में सुरक्षा उनके मुख्य एजेंडा में प्रमुख है।

### इन नीतियों को खत्म करना चाहते हैं तरुण गुलाटी

लेबर पार्टी के मौजूदा नेता सदिक खान की कुछ अलोकप्रिय नीतियों को खत्म करना भी तरुण गुलाटी का प्रमुख एजेंडा है। सादिक खान की इन नीतियों में अल्ट्रा लो एमिशन जोन (यूएलईजेड) शुल्क और लो ट्रैफिक नेबरहुड (एलटीएन) से जुड़ी उच्च लागत को खत्म करना शामिल है। तरुण गुलाटी ने कहा, हम यूएलईजेड, एलटीएन जैसी खराब नीतियां नहीं चाहते हैं। जलवायु परिवर्तन हो रहा है और हमें इसके प्रभावों को कम करने की जरूरत है। हमें जो भी परिवर्तन करना होगा, वह जनता की राय के अनुरूप होना चाहिए। तरुण गुलाटी ने मेयर पद के लिए कंजर्वेटिव पार्टी के उम्मीदवार सुजैन हॉल पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कई वर्षों तक लंदन असेंबली के सदस्य होने के बावजूद वह इन नीतियों को रोकने में नाकाम रही हैं। उन्होंने आगे कहा, "अगर राजनीतिक उम्मीदवार वह करते जो उन्हें करना चाहिए था, तो मैं मेयर पद की दौड़ में कभी शामिल नहीं होता। तरुण किफायती आवासीय व्यवस्था, लंदन में पर्यटन को बढ़ावा देना, मुफ्त स्कूल भोजन सुनिश्चित करना और काउंसिल टैक्स को कम करने जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

## कीड़े लगे चावल के आयात पर भड़का रूस पाकिस्तान को चेताया

कराची। रूस ने पाकिस्तान से चावल आयात को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। रूस ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वह उसकी चिंताओं का समाधान नहीं करेगा तो वह फिर से चावल के आयात पर प्रतिबंध लगा देगा। रूस की यह चेतावनी पाकिस्तान द्वारा खराब गुणवत्ता के चावल के आयात के बाद आया है।

रूस की पशु चिकित्सा और फाइटोसैनिटरी निगरानी संघीय सेवा एफएसवीपीएस) ने पाकिस्तान से आयातित चावल की एक खेप पर अंतर्राष्ट्रीय और रूसी फाइटोसैनिटरी आवश्यकताओं का उल्लंघन पाया था। दरअसल, पाकिस्तान ने रूस को चावल की आपूर्ती की थी, उसमें कीड़े पाए गए थे, इसपर रूस आग बबूला हो गया।

मालूम हो कि यह पहली बार नहीं है, जब रूस ने पाकिस्तान को इस तरह की चेतावनी दी है। इससे पहले भी रूस ने स्वास्थ्य सुरक्षा कारणों से 2019 में पाकिस्तान से चावल आयात पर प्रतिबंध लगाया था। वहीं, साल 2006 में भी रूस ने खाद्य सुरक्षा मानकों पर खरा नहीं उतरने के कारण पाकिस्तान से चावल का आयात रोक दिया था।

# चुनाव ड्यूटी के लिए ले जा रही बस पलटी, 10 घायल

जगदलपुर (छत्तीसगढ़), एजेंसी

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में रविवार को चुनाव ड्यूटी के लिए ले जा रही एक बस के पलटने से मध्य प्रदेश पुलिस के कम से कम 10 कर्मी घायल हो गए। एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने पहले कहा है कि घायल कर्मी सीआरपीएफ के थे। वहीं जगदलपुर के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायल जवान मध्य प्रदेश पुलिस के थे। यह घटना गीदम थाना क्षेत्र के अंतर्गत गीदम-जगदलपुर रोड पर रायकोट गांव के पास हुई।

बस्तर लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को हुए मतदान में चुनाव ड्यूटी के बाद सुरक्षाकर्मी फरसपाल (दंतेवाड़ा) से महासमुंद संसदीय क्षेत्र के गरीबंद जा रहे थे, जहां 26 अप्रैल को मतदान होना है। उन्होंने



बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस के 36 कर्मियों वाली बस उस समय सड़क से फिसलने से बस पलट गई। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में बस में सवार 10 लोगों को चोटें आईं हैं। उन्होंने बताया कि अलर्ट होने के बाद एंबुलेंस को मौके पर भेजा गया और घायल कर्मियों को जगदलपुर के डिमरापाल स्थित एक मेडिकल कॉलेज में स्थानांतरित किया गया।

### नेपाल के मनासलु पर्वत पर भयानक हिमस्खलन

**काठमांडू।** नेपाल के मनासलु पर्वत क्षेत्र में रविवार को भारी हिमस्खलन हो गया। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार इस हादसे में किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है। दरअसल, मानसलू पर्वत पर हिमस्खलन हुआ। मानसलू पर्वत से बीरेंद्र झील की तरफ हिमस्खलन हुआ, जिससे झील में उफान आ गया। झील में उफान आने से उसका सारा पानी बुढ़ीगंडकी नदी में बह गया। रिपोर्ट के हवाले से बताया है कि इस घटना में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीं, सुरक्षा अधिकारियों ने बूढ़ीगंडकी नदी में संभावित बाढ़ को लेकर चिंता जताई है।

## तालिबान को आतंकी सूची से हटाने की तैयारी कर रहा रूस

**न्यू कैसल (ब्रिटेन)।** रूस फिलहाल तालिबान को आतंकवादी संगठनों की सूची से हटाने पर विचार कर रहा है। इस संबंध में अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन उनके बढ़ते सौहार्दपूर्ण संबंधों का एक संकेत मई में रूस के कजान शहर में आयोजित होने वाले एक अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मंच के लिए तालिबान का निमंत्रण है।

रूसी अधिकारियों ने संकेत दिए है कि, रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने पहले भी तालिबान के साथ चर्चा शुरू की है, और जब संगठन ने अफगानिस्तान पर नियंत्रण किया तो रूस एक राजनयिक को मान्यता देने वाले कुछ देशों में से एक था। अफगानिस्तान के राजनीतिक और आर्थिक संकट और यूक्रेन युद्ध के कारण रूस पर पश्चिमी प्रतिबंधों का मतलब है कि दोनों पक्षों को मजबूत रिश्ते से हासिल करना होगा। बता दें, तालिबान और रूस के बीच बढ़ते सहयोग का रूस और पश्चिम के बीच चल रही प्रतिद्वंद्विता निहितार्थ है। यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद से, रूस ने अन्य देशों को अपने इस रणनीतिक दृष्टिकोण को समझाने का प्रयास किया है। रूसी अधिकारी ने संकेत देते हुए कहा कि, रूस अब तालिबान को आतंकी सूची से हटाने की तैयारी कर रहा है।

### ग्लेशियर गश्ती दौड़



**स्विट्जरलैंड :** एरोला और वर्बियर के बीच स्विस आल्प्स में 24वीं ग्लेशियर गश्ती दौड़ के दौरान प्रतियोगी त्सेना रिफियन पास पर चढ़ते हैं। इस प्रतियोगिता का आयोजन हर साल होता है। पिछले सप्ताह प्रतिकूल मौसम के कारण आयोजन को टाल दिया गया था। इसके बाद रविवार को प्रतिभागी आयोजन का हिस्सा बने। ● एजेंसी

# चुनाव में हस्तक्षेप को लेकर कनाडा-चीन में बढ़ा तनाव

टोरंटो, एजेंसी

- चीन के राजदूत कांग पेइवु पद छोड़कर वतन लौटे

कनाडा के चुनानों में चीन हस्तक्षेप के आरोपों के बीच चीन के राजदूत कांग पेइवु ने करीब पांच साल बाद अपना पद छोड़ दिया है और पेइवु चीन लौट आए हैं। पेइवु 2019 से कनाडा में चीन के राजदूत थे। उनके पद संभालने से पहले ही चीन और कनाडा में तनाव था।

दोनों देशों ने एक-दूसरे के कई लोगों को गिरफ्तार किया था। इसके अलावा, कनाडा के चुनावों में चीन के संभावित दखल को लेकर चिंताएं जाहिर की गईं। पिछले हफ्ते कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इस मामले पर सुनवाई के दौरान गवाही दी थी। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं है कि चीन ने 2019

व 2021 के चुनावों के नतीजे प्रभावित कर पाया था। हालांकि, कनाडा फिर भी चीन के साथ रिश्ते सुधारने की कोशिश में लगा है। उप मंत्री डेविड मॉरिसन दोनों देशों के बीच संबंधों को सुधारने के लिए चीन में हैं। कनाडा के विदेश मंत्री मेलानी जोली के कार्यालय ने भी इसकी पुष्टि की है।

## अमेरिका में एक पार्टी के दौरान गोलीबारी, दो की मौत, 14 घायल

**वाशिंगटन।** अमेरिका में टेनेसी के मेमफिस में एक ब्लॉक पार्टी के दौरान गोलीबारी दो लोगों की मौत हो गई। वहीं इस हादसे में 14 लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस ने बताया कि इस पार्टी में करीबन 300 लोग मौजूद थे। उनमें से 16 लोगों पर गोलीबारी की गई।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया है कि, घटनास्थल पर पांच लोगों को गोली लगी थी। उनमें से तीन को अस्पताल ले जाया गया, जबकि अन्य दो की मौत हो गई। फिलहाल अभी तक इस मामले में किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस ने कहा घटना की जांच चल रही है, फिलहाल टीम आरोपियों की तलाश जुटी है।

**मौसम** हिमाचल में हिमपात और ओलावृष्टि के चलते ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी, कश्मीर घाटी में भी हुई बारिश, रविवार को सबसे गर्म रहा ओडिशा

# मैदानी हिस्सों में गर्मी से हाल-बेहाल, पहाड़ों पर लुढ़का पारा

नई दिल्ली, एजेंसी

मैदानी क्षेत्रों में भीषण गर्मी धीरे-धीरे चरम पर पहुंचने लगी है। हर दिन तापमान बढ़ रहा है, जिससे लोगों को रात में भी सुकून नही मिल रहा है। रविवार को कई हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से छह डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया।

भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को देश के अधिकतर हिस्सों में सामान्य मौसम रहने की संभावना है, जबकि बुधवार तक अधिकतम तापमान फिर से 45 के पार जा सकता है। रविवार को ओडिशा और रायलसीमा, गांगेय पश्चिम बंगाल, झारखंड, विदर्भ, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 42 से 45 डिग्री के बीच दर्ज किया गया, जबकि बिहार, मध्य प्रदेश,

लाहौल और स्पीति के राशेल गांव में बर्फबारी से बिछी सफेद चादर।

तमिलनाडु, पुडुचेरी और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। वहीं पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी और बारिश का दौर फिर से देखने को मिला है, हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में रविवार को प्रशासन ने हिमपात और ओलावृष्टि के चलते ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी दी है। दूसरी तरफ कश्मीर घाटी में पिछले 24 घंटों में हुई बारिश के कारण रविवार को तापमान सामान्य से नीचे रहा जिससे सामान्य गतिविधियां प्रभावित हुईं है। श्रीनगर के मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि पिछले 24 घंटों के दौरान श्रीनगर में 3.0 मिमी और कई हिस्सों में बारिश हुई है। जबकि हिमाचल के लाहौल स्पीति की तमाम ऊंची चोटियों पर शनिवार रात को बर्फबारी हुई है। कोकसर में 19, गोंदला में 16, केलांग में 8.5 और कुमकुमसेरी में 2 सेमी ताजा हिमपात हुआ है।

वहीं शिमला सहित प्रदेश के माध्यम से मैदानी क्षेत्र में जमकर बारिश हुई है। बता दें, मैदानी क्षेत्रों में इस महीने में लू चलने का यह दूसरा दौर है। पहले दौर में ओडिशा, झारखंड, गांगेय पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और गुजरात के कुछ हिस्सों में जबरदस्त गर्मी पड़ी थी। गौरतलब है कि, अप्रैल के अंत में और जून में सामान्यतः चार से आठ दिन की तुलना में दस से 20 दिन तक लू चलने का अनुमान है।

### मनाली-केलांग मार्ग में फिर भूस्खलन, रास्ता बंद किया

मनाली-केलांग एनएच-03 में सिस्सू सेल्फी पॉइंट के पास भूस्खलन के चलते मार्ग यातायात के लिए बंद हो गया है। इस मार्ग में लाहौल स्पीति के सिस्सू सेल्फी पॉइंट में पहाड़ी से सड़क पर काफी मात्रा में मलबा सड़क पर आ गया है, इस कारण मार्ग यातायात के लिए बंद कर दिया है। बीआरओ और प्रशासन की टीम ने मार्ग से मलबे को हटाने का काम शुरू कर दिया है। पुलिस और प्रशासन के अनुसार यहां सड़क भी लगातार धंस रही है जिस कारण यहां से गुजरने वाले वाहनों को खतरा बना हुआ है। यहां पर्यटकों के लिए बनाया गया सेल्फी पॉइंट भी क्षतिग्रस्त हो गया है। एसपी लाहुल स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि इस मार्ग में सेल्फी पॉइंट सिस्सू के पास सुबह के समय पहाड़ी से भूस्खलन हो गया है जिसके चलते एनएच पर भारी मलबा आ गया है जिसे हटाने का काम चल रहा है।

## जज बनकर अपराधियों को जमानत देने वाले शातिर कार चोर की मौत

**नई दिल्ली।** न्यायाधीश बनकर अपराधियों को जमानत देने से लेकर लग्जरी कार चुराने में माहिर अपराधी धनीराम मित्तल की 85 साल की उम्र में मौत हो गई।

दशकों तक अपराध की दुनिया में सक्रिय रहे मित्तल स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों से जूझ रहा था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब और राजस्थान में चोरी के 150 मामलों में मित्तल 90 से अधिक बार जेल गया था। उन्होंने कहा, मित्तल के अपराधों की सूची लंबी है, वह अपने जीवनकाल में चोरी, धोखाधड़ी और जालसाजी के एक हजार से अधिक मामलों में सीधे तौर पर शामिल था। पुलिस ने कहा- लंबी बीमारी के चलते मित्तल की गुरुवार को मौत हो गई। मित्तल सबसे पहले 1964 में धोखाधड़ी के मामले में फंसा था, फिर लगातार अपराध में लिप्त रहा।

# दो हजार करोड़ के शराब घोटाले में पूर्व आईएएस अनिल गिरफ्तार

रायपुर, एजेंसी

- छत्तीसगढ़ के जिला कोर्ट ने एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले की एक अदालत ने दो हजार करोड़ रुपये के शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा को रविवार को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

जांच एजेंसी के वकील सौरभ पांडे ने कहा कि टुटेजा को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को गिरफ्तार किया था, लेकिन सातवें सिविल जज (द्वितीय श्रेणी) रंजू वैष्णव की अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल ही में आयकर विभाग की शिकायत पर आधारित अपनी पिछली एफआईआर को रद करने के बाद ईडी ने कथित शराब घोटाला मामले में एक नया मनी लॉन्ड्रिंग मामला दर्ज किया था। शीर्ष अदालत ने फैसला सुनाया था कि कोई अनुसूचित अपराध नहीं था और इसलिए, मनी लॉन्ड्रिंग का मामला नहीं बनता है।

शराब घोटाले में एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर ने जनवरी में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की थी। जांच एजेंसी के वकील सौरभ पांडे ने कहा कि, आईपीसी और पीसी अधिनियम की ये धाराएं धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत अनुसूचित अपराध के तहत आती हैं, इसलिए ईडी के रायपुर जोनल कार्यालय ने एक नया मामला दर्ज किया। इससे पहले ईडी ने अनिल और उनके बेटे यश टुटेजा को गिरफ्तार किया था।